1 page 1_01.qxd 9/30/2023 10:13 PM Page 1

दैनिक भरोसा मित्र

ना इधर की ना उधर की बात सिर्फ भरोसे की

राव बिरेंद्र सिंह की पुण्यतिथि पर...

पेज- 5



जनता को सुगम, सुरक्षित ...

पेज- 8

■ वर्ष:1 ■ अंक: 22 ■ मूल्य: 3 ■ पृष्ठ: 08 ■ प्रधान संपादक: सुमित सैनी ■ गुरुग्राम ■ रविवार ■ 01 अक्टूबर 2023 ■ Title Code : HARBIL019117

न्यूज डायरी

सीआईडी के 21 इंस्पेक्टर के साथ एक की एसआई जिम्मेदारी बदली

चंडीगढ़। सीआईडी के एडीजीपी आलोक मित्तल के ऑफिस से 21 इंस्पेक्टर और एक एसआई के ट्रांसफर ऑर्डर कॉपी की लिस्ट जारी की गई है। सख्त हिदायत दी गई है कि इंस्पेक्टरों को अपने नए पोस्टिंग प्लेस पर जल्द रिपोर्ट करें।

इसरो का यान आदित्य एल1 पृथ्वी के प्रभाव क्षेत्र से बाहर निकला

नई दिल्ली: भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने बताया कि उसका अंतरिक्ष यान 9.2 लाख किलोमीटर से अधिक की दूरी तय कर चुका है। यह पृथ्वी के प्रभाव क्षेत्र से सफलतापूर्वक बाहर निकल गया है। अब यह सन-अर्थ लैंग्रेज प्वाइंट 1 (एल1) की ओर अपना रास्ता तय कर रहा है। यह दूसरी बार है जब इसरो किसी अंतरिक्ष यान को पृथ्वी के प्रभाव क्षेत्र से बाहर भेज सका है, इससे पहले मंगलयान को पहली बार पृथ्वी के प्रभाव क्षेत्र से बाहर भेजा गया था। उल्लेखनीय है कि इसरो ने दो सितंबर को भारत के पहले सौर मिशन आदित्य-एल1 की लॉन्चिंग की थी। इसरो ने पीएसएलवी सी57 लॉन्च व्हीकल से आदित्य एल1 को सफलतापूर्वक लॉन्च किया था। लॉन्चिंग आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र (एसडीएससी) से हुई थी। यह मिशन भी चंद्रयान-3 की तरह पहले पृथ्वी की परिक्रमा करेगा और फिर यह तेजी से सूरज की दिशा में उड़ान भरेगा।

रोहतक पीजीआई में सुबह 9 बजे से ओपीडी शुरू होगी

रोहतक: रोहतक स्थित पीजीआई की ओपीडी के समय को बदल दिया गया है। कल यानि 1 अक्टूबर से सुबह 9 बजे ओपीडी शुरू होंगी। इससे पहले इसका सुबह 8 बजे का टाइम था। सर्दियों की शुरुआत होने के चलते पीजीआई प्रशासन द्वारा समय में बदलाव किया गया है। जिसके बाद बदले हुए समय के अनुसार पीजीआई में आने वाले मरीजों को स्वास्थ्य सेवाएं मिल पाएंगी।

डॉ. बी. आर. अम्बेडकर आवास नवीनीकरण योजना की राशि बढ़ाई

गरीबों के साथ हमारी सरकार : मनोहर लाल

मुख्यमंत्री ने लाभार्थियों से ऑनलाइन संवाद करते हुए 80 हजार करने की घोषणा की

शशिभूषण सैनी, भरोसा मित्र

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि अब डॉ. बी. आर. अम्बेडकर आवास नवीनीकरण योजना के लाभार्थियों को उनके मकान की मरम्मत करने के लिए दी जाने वाली राशि को बढ़ाकर 80 हजार रुपये कर दिया गया है। पहले यह राशि 50 हजार रुपये थी। अभी तक इस योजना के तहत एक लाख लोगों ने ऑनलाइन आवेदन किया है। वह आज डॉ. भीमराव अम्बेडकर आवास नवीनीकरण योजना के लाभार्थियों से रोहतक से ऑनलाइन संवाद कर रहे थे। सीएम ने कहा कि उनकी सरकार हमेशा गरीबों के साथ खड़ी है। मनोहर लाल ने योजना का लाभ उठाने वाले व्यक्तियों को बधाई देते हुए कहा कि राज्य सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामाजिक न्याय से संपूर्ण विकास की अवधारणा को साकार करने के लिए संकल्पबद्ध है। हमने गरीब से गरीब व्यक्ति के जीवन में सुधार लाने के पंडित दीन दयाल उपाध्याय के अंत्योदय दर्शन से प्रेरित होकर प्रदेश में समाज कल्याण के एक नए युग का सूत्रपात किया है।

प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना का लाभ 1.38 करोड़ लोगों को

मुख्यमंत्री ने बताया कि देश में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन मिल रहा है। हरियाणा में 1.38 करोड़ लोगो को इस योजना का लाभ मिल रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीब लोगों को मकान दिए जा रहे हैं। इसके तहत हमने 67649 मकान बनवाने का लक्ष्य रखा है। इनमें से 14939 मकान बनवाये जा चुके है और 15356 मकान निर्माणाधीन हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत हमने 29 हजार 440 मकानों के निर्माण की स्वीकृति दी है इनमें से 26 हजार 318 मकान बनवाए जा चुके हैं।

सभी वर्गों के गरीब परिवारों को किया शामिल

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार सरकारी योजनाओं का लाभ देकर गरीबों को मुख्य धारा में शामिल करने का प्रयास कर रही है। गरीब लोगों के पुराने मकान की मरम्मत के लिए डॉ बी. आर. अम्बेडकर आवास नवीनीकरण योजना चलाई जा रही है। पहले गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले अनुसूचित जाति,विमुक्त जाति एवं टपरीवास जाति के व्यक्तियों को इस योजना का लाभ मिलता था, लेकिन अब इस योजना का दायरा बढ़ाकर इसमें उन सभी वर्गों के परिवारों को शामिल किया है, जिनकी वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये तक है।

पंचकूला, गुरुग्राम, सोनीपत और फरीदाबाद में गरीबों को मिलेंगे फ्लैट

मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार ने हर सिर पर छत उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से पिछले दिनों मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना भी शुरू की है। इसके लिए एक पोर्टल शुरू किया गया है जिस पर वे सभी गरीब परिवार मकान के लिए आवेदन कर सकेंगे, जिनके पास मकान नहीं है और वार्षिक आय 1 लाख 80 हजार रुपये तक है। इस योजना में पंचकूला, गुरुग्राम, सोनीपत और फरीदाबाद में फ्लैट बनाए जाएंगे।अन्य शहरों में प्लाट व फ्लैट दोनों विकल्प उपलब्ध होंगे।

अब सात अक्टूबर तक जमा हो सकेंगे दो हजार के नोट

बचे नोटों को आरबीआई के 19 क्षेत्रीय कार्यालय से जाकर बदल सकते हैं

नई दिल्ली, एजेंसी।

भारतीय रिजर्व बैंक ने 2000 के नोट बदलने या जमा कराने का एक सप्ताह का समय बढ़ा दिया है। अब आमजन 7 अक्टूबर तक 2000 के नोट जमा करा सकेंगे। पहले आरबीआई ने 30 सितंबर 2023 नोट जमा कराने की डेडलाइन तय कर रखी थी। आरबीआई ने शनिवार को एक सरकुलर जारी करके उन लोगों को राहत दी है,जो अभी तक अपने पास गुलाबी यानी 2000 रुपये के नोट जमा या बदल नहीं पाए हैं और 30 सितंबर ये नोट बदलने की अंतिम तारीख थी। लेकिन आरबीआई ने राहत देते हुए अब बैंकों में दो हजार के गुलाबी नोट बदलने की अंतिम तारीख 7 अक्टूबर तक कर दी है। भारतीय रिजर्व बैंक के इस फैसले से लोगों को बैंकों में दो हजार का नोट बदलने का एक अंतिम मौका मिल गया है।

सात अक्टूबर के ऐसे बदलेंगे नोट

आरबीआई के सर्कुलर में कहा गया है कि यदि कोई व्यक्ति 7 अक्टूबर 2023 के बाद भी नोट नहीं बदल पाएं, तो भी आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। आप उन बचे नोटों को आरबीआई के 19 क्षेत्रीय कार्यालय से जाकर बदल सकते हैं। हालांकि इसके लिए इस बात का ध्यान रखना है कि आप एक बार में 20 हजार से ज्यादा के नोट नहीं बदले पाएंगे। ऐसे में किसी भी परेशानी से बचने के लिए सात अक्टूबर से पहले ही हर किसी के लिए अपने बैंकों में नोट जमा करना या बदलना बेहतर होगा।

छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में कांग्रेस को बढ़त, राजस्थान में भाजपा से कड़ी टक्कर

दोनों राज्यों में विधानसभा चुनाव को लेकर चैनल टाइम्स नाउ ने सर्वे कराया

नई दिल्ली, एजेंसी।

राजस्थान व छत्तीसगढ़ में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर चैनल टाइम्स नाउ ने सर्वे करवाया है। इसके मुताबिक भारतीय जनता पार्टी को दोनों राज्यों में कांग्रेस से कड़ी टक्कर मिल सकती है। सर्वे में भाजपा को राजस्थान में 95 से 105 सीटें मिलने का अनुमान जताया गया है। कांग्रेस को 91 से 101 सीटें मिलने का अनुमान, जबकि अन्य को 3 से 6 सीटें मिलने की संभावना जताई गई है। चैनल की ओर से मध्य प्रदेश चुनाव को लेकर का सर्वे भाजपा को 102 से 110 सीटें मिलने का अनुमान है। कांग्रेस को 118 से 128 सीटें जबकि अन्य को 0 से 2 सीटें मिल सकती हैं। इसी प्रकार मीडिया समूह इंडिया टुडे की ओर से कराए गए सर्वे के अनुसार छत्तीसगढ़ में कांग्रेस को 51, प्रमुख विपक्षी दल भाजपा को 38 और अन्य को एक सीट मिलने का अनुमान लगाया गया है।

भाजपा की तैयारी

इस बीच जानकारी मिली है कि भाजपा ने राजस्थान में कांटे का मुकाबला होने की संभावना के मद्देनजर पूरे प्रदेश को चार जोन में बांटकर रणनीति शुरू कर दी है।टिकटों के सही वितरण और इलेक्शन माइक्रो मैनेजमेंट को लेकर सतर्कता बरती जा रही है।

छत्तीसगढ़ में अउ नइ सहिबो बदल के रहिबो : नरेंद्र मोदी

पीएम बोले, छत्तीसगढ़ के विकास के लिए हमारी सरकार समर्पित रही

छत्तीसगढ़,एजेंसी।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 दिन के अंदर दूसरी बार शनिवार को छत्तीसगढ़ के दौरे पर रहे। पीएम मोदी ने बिलासपुर के सीपत रोड स्थित साइंस कॉलेज मैदान में चुनावी सभा को संबोधित किया। पीएम का यह कार्यक्रम भाजपा की परिवर्तन रथ यात्रा के समापन पर आयोजित हुआ था। जय जोहार से भाषण की शुरुआत करते हुए पीएम मोदी ने लोगों को संबोधित किया। उन्होंने गारंटियों की बात की। कहा कि छत्तीसगढ़ के विकास के लिए भाजपा की सरकार, चाहे केंद्र में हो या राज्य में, पूरी तरह समर्पित रही है। आज मैं आपको ये गारंटी देने के लिए आया हूं कि आपके हर सपने को साकार करने के लिए मोदी कोई कसर बाकी नहीं छोड़ेगा। आपका सपना मोदी का संकल्प है।पीएम ने बिलासपुर से अउ नइ सहिबो बदल के रहिबो का नारा भी दिया। उन्होंनेकहा कि बिलासपुर का आह्वान है, छत्तीसगढ़ का ऐलान है, छत्तीसगढ़ में परिवर्तन तय हो गया है।

छत्तीसगढ़ आकंठ भ्रष्टाचार और कुशासन से त्रस्त

छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव का जिक्र करते हुए पीएम ने कहा,दिल्ली से मैं जितनी कोशिश करूं, यहां कि कांग्रेस सरकार उसको फेल करने में जुटी रहती है। पिछले पांच साल में केंद्र से छत्तीसगढ़ को हजारों करोड़ रुपए मिले हैं। यहां सड़क हो, रेल हो, बिजली हो, यहां के विकास के लिए मैंने पैसों की कोई कमी नहीं होने दी और ये बात मैं नहीं, बल्कि यहां के कांग्रेस सरकार के उपमुख्यमंत्री कहते हैं, इसलिए यहां भाजपा की सरकार जरूरी है। मोदी ने बघेल सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि राज्य में जमकर भ्रष्टाचार हुआ है। छत्तीसगढ़ आकंठ भ्रष्टाचार और कुशासन से त्रस्त है। रोजगार के नाम पर सिर्फ घोटाले ही घोटाले हैं। हर योजना में भ्रष्टाचार हावी है। प्रदेश भ्रष्टाचार में डूबा है। राज्य में मुफ्त राशन योजना में घोटाला, पीएससी घोटाला, शराब घोटाला और यहां तक कि गोबर घोटाला भी हुआ।

कोर्ट से मोनू को झटका, मामन को राहत

मोनू मानेसर की जमानत याचिका खारिज

दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने लिया निणय

भरोसा मित्र

नूंह। राजस्थान के डीग जिला के घाटमिका गांव के रहने वाले नासिर-जुनैद हत्याकांड के आरोपित मोनू मानेसर की जमानत याचिका पर बहस पूरी हो गई। मोनू मानेसर की जमानत याचिका पर कामां की अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश अदालत में करीब 15 मिनट तक बहस चली। कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद आरोपित की जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। अदालत में पेश हुए पुलिस के अधिवक्ता की ओर से मोनू पर हत्या के षड्यंत्र रचने की साजिश में शामिल होने का गंभीर आरोप लगाया है। साथ ही इस मामले में पुलिस ने एफआईआर में आईपीसी की धारा 120बी को भी जोड़ा है। पुलिस ने कोर्ट को बताया कि आरोपी को जमानत में से वह जांच को प्रभावित कर सकता है। इसलिए आरोपी को जमानत नहीं मिलनी चाहिए। मोनू मानेसर की ओर से पेश हुए अधिवक्ता एलएन पराशर तथा कुलभूषण भारद्वाज ने अदालत को बताया कि मोनू का इस वारदात से कोई लेना देना नहीं है। जिस मोबाइल से मामले के दूसरे आरोपित रिंकू सैनी से चेटिंग किए जाने की बात पुलिस की ओर से कही जा रही है वह मोबाइल भी मोनू का नहीं है। उन्होंने बताया कि घटना वाले दिन मोनू गुरुग्राम एक होटल में आयोजित कार्यक्रम में शामिल था। बता दें कि गुरुग्राम के मानेसर के रहने वाले मोनू को नूंह में दूसरी बार निकलने वाली जलाभिषेक यात्रा से दो दिन पहले फेसबुक पर भड़काऊ पोस्ट डालने के आरोप में नूंह पुलिस ने गिरफ्तार किया था। नूंह अदालत से डीग पुलिस लेकर आई थी। इन दिनों मोनू न्यायिक हिरासत में अजमेर की जेल में रखा गया है।

कांग्रेस विधायक मामन खान को मिली जमानत

आस मोहम्मद, भरोसा मित्र

नूंह। नूंह में फैली हिंसा मामले में विधायक मामन खान को जमानत मिल गई है, लेकिन अभी वह जेल में बंद रहेंगे। मामन खान को जमानत एफआईआर नंबर 149, 150 में मिली है, लेकिन अभी एफआईआर नंबर 137 और 148 में जमानत होना बाकी है। उनके फैसले का इंतजार करना होगा। बता दें कि शनिवार को विधायक मामन खान के वकील ताहिर हुसैन देवला व अन्य ने जमानत की अर्जी दाखिल की। सिविल जज संदीप दुग्गल की अदालत ने सुनवाई करते हुए शाम 4 बजे जमानत पर फैसला सुनाया। गौरतलब है कि नूंह हिंसा में 19 सितंबर से विधायक मामन खान जेल में बंद हैं। फिरोजपुर झिरका से कांग्रेस विधायक मामन खान को नगीना थाने में दर्ज एफआईआर नंबर 137, 148, 149 और 150 में नामजद किया गया है। ये चारों मुकदमे 1 अगस्त को नगीना थाने में दर्ज हुए। विधायक मामन खान को एसआईटी ने 14 सितंबर की रात जयपुर से गिरफ्तार किया था।

डॉ एमएस स्वामीनाथन भारत रत्न के असली हकदार: अभय

भरोसा मित्र

चंडीगढ़। इंडियन नेशनल लोकदल के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अभय सिंह चौटाला ने विश्व भर में सम्मानित और भारत की कृषि में क्रांतिकारी परिवर्तन करने वाले महान वैज्ञानिक, हरित क्रांति के निर्माता डॉ. एमएस स्वामीनाथन के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया।

अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्होंने कहा कि डॉ. एमएस स्वामीनाथन शांत स्वभाव, अद्भुत ऊर्जा और सौम्य व्यक्तित्व के धनी थे। स्वामीनाथन ने जो योजनाएं बनाई थी उसमें अधिक उपज देने वाले बीजों, रासायनिक उर्वरकों का इस्तेमाल, जैविक और सीढ़ीदार कृषि करना और क्षेत्रों की महिलाओं का कृषि करने में अपना योगदान देना प्रमुख था। चौटाला ने कहा कि एक समय ऐसा आया था कि हमारे देश में अनाज की कमी का संकट था। उस समय डॉ. एमएस स्वामीनाथन ने नोबल पुरस्कार विजेता डॉ. बेरलॉग के साथ मिलकर कृषि में जो आमूलचूल परिवर्तन किया, उससे देश न केवल आत्मनिर्भर हुआ, बल्कि उत्पादन इतना बढ़ गया कि हमारा देश निर्यात भी करने लगा था। देश को भुखमरी के दलदल से निकालने में उनकी बहुत बड़ी और महत्वपूर्ण भूमिका थी।

उन्होंने कहा कि भारत रत्न का अगर असली हकदार कोई है तो वो डॉ एमएस स्वामीनाथन है। कृषि के क्षेत्र में डॉ. एमएस स्वामीनाथन जो योगदान है वो आज तक किसी का भी नहीं रहा है। हमारी मांग है कि उन्हें भारत रत्न की उपाधि से सम्मानित किया जाए।

इनेलो नेता के महान वैज्ञानिक के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया

एशियाड खेलों में भारत का जारी है दबदबा

हांगझोउ,एजेंसी।

चीन के हांगझोउ में चल रहे 19वें एशियन गेम्स के 7वें दिन भारतीय खिलाड़ियों का दबदबा जारी रहा। अब तक 5 मेडल जीत चुके हैं। इनमें दो गोल्ड, दो सिल्वर और एक ब्रॉन्ज शामिल हैं।अब भारत के कुल 10 गोल्ड हो गए हैं। यह अब तक 38 मेडल जीत चुका है। इसमें 10 गोल्ड, 14 सिल्वर और 14 ब्रॉन्ज शामिल है। भारत मेडल टैली में चौथे नंबर पर है। शुरुआत में भारतीय एथलीट्स से हुई। गोल्फर अदिति अशोक, अवनी प्रशांत और प्रणवी शरथ महिलाओं की व्यक्तिगत राउंड 3 से दिन की शुरुआत हुई। टेबल टेनिस में भारतीय डबल्स जोड़ी रोहन बोपन्ना और रुतुजा भोसले फाइनल में चीनी ताइपे को हराकर गोल्ड मेडल जीता। यह भारत के लिए 9वां गोल्ड मेडल था। शनिवार को एथलेटिक्स की 10 हजार मीटर रेस में भारतीय धावक कार्तिक कुमार ने सिल्वर और गुलवीर सिंह ब्रॉन्ज जीता। गोल्ड बेहरीन के बिरहनु बलेव ने जीता। भारत और पाकिस्तान के बीच मेंस हॉकी के ग्रुप स्टेज के मुकाबला में भारत जीत गया। मैच के तीसरे क्वार्टर में अब तक भारत ने 7-1 की बढ़त बना ली है। मंदीप सिंह ने 8वें और हरमनप्रीत सिंह ने 11वें, 17वें, 33वें और 34वें , सुमित ने 30वें मिनट में और वरुण ने 44वें मिनट में गोल दागे हैं। भारत ने पाक को 10-2 से मात दी।

समर्थकों का दावा

दो अक्टूबर को मेरी आवाज सुनो कार्यक्रम में करेंगे घोषणा

क्या पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह छोड़ेंगे भाजपा?

बीरेंद्र सिंह के साथी शिवनारायण और पहलवान सोमबीर ने पत्रकार वार्ता में किया खुलासा

राजेश कुमार नुगरिया, भरोसा मित्र

चंडीगढ़। हरियाणा की राजनीति में अहम भूमिका निभाने वाली बांगर की धरती एक बार फिर प्रदेश की राजनीतिक फिजा बदलने वाली है। पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह भारतीय जनता पार्टी को छोडने की पिछले काफी समय से राजनैतिक गलिहारों में चल रही चर्चा पर अब जल्द ही विराम लगने वाला है। पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी बीरेंद्र सिंह भारतीय जनता पार्टी को अलविदा कह सकते हैं। ये बात हम नहीं खुद बीरेंद्र सिंह के समर्थकों ने जींद में प्रेस कान्फ्रेंस कर इसके संकेत दे दिए है। हालांकि बीरेंद्र सिंह की तरफ से अभी कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है लेकिन शनिवार को बीरेंद्र सिंह के साथी शिवनारायण शर्मा, सोमबीर पहलवान ने जींद में पत्रकारों से बातचीत करते हुए दावा किया है कि भाजपा में बीरेंद्र सिंह और उनके कार्यकर्ताओं की अनदेखी हो रही है, इसलिए दो अक्टूबर को जींद में आयोजित हो रहे मेरी आवाज सुनो कार्यक्रम के मंच से बीरेंद्र सिंह बड़ा फैसला लेंगे। बीरेंद्र सिंह के समर्थकों का कहना है कि अब भाजपा को अलविदा करने का समय आ गया है। उनका नया ठिकाना कहां होगा, यह अभी क्लीयर नहीं हुआ है लेकिन उनकी प्राथमिकता कांग्रेस पार्टी ही रहेगी। बीरेंद्र समर्थकों ने कहा कि पिछले 50 साल से किसानों की अनदेखी हो रही है। बीरेंद्र सिंह हमेशा से ही किसान और कमेरे वर्ग की लड़ाई लड़ते आए हैं। भाजपा में उनकी आवाज को सही तरीके से नहीं सुना गया। इसलिए दो अक्टूबर की रैली में बड़ा फैसला लेंगे। बता दें कि दो अक्टूबर को जींद के एकलव्य स्टेडियम में मेरी आवाज सुनो कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। पिछले काफी समय से बीरेंद्र सिंह और उनके समर्थक इस कार्यक्रम को सफल बनाने में जुटे हैं और रैलियां निकाल रहे हैं।



कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आए थे

चौधरी बीरेंद्र सिंह 2014 लोसभा चुनाव से पहले कांग्रेस पार्टी को छोड़कर ही भाजपा में शामिल हुए थे। उनकी धर्मपत्नी प्रेमलता भाजपा से विधायक रह चुकी हैं। उनके बेटे सांसद बृजेंद्र सिंह हिसार लोकसभा क्षेत्र से वर्तमान में सांसद हैं।बता दें कि दो अक्टूबर को एकलव्य स्टेडियम में मेरी आवाज सुनो कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। पिछले काफी समय से बीरेंद्र सिंह और उनके समर्थक इस कार्यक्रम को सफल बनाने में जुटे हैं और रैलियां निकाल रहे हैं। खुद उनके सांसद बेटे बृजेंद्र सिंह भी बाइक रैली निकालकर लोगों को कार्यक्रम में पहुंचने का आमंत्रण दे रहे हैं।

भारत ने ब्रिटेन में उठाया भारतीय उच्चायुक्त को गुरुद्वारा जाने से रोकने का मुद्दा

बीजेपी नेता ने भी की घटना की निंदा

नई दिल्ली, एजेंसी।

स्कॉटलैंड में मौजूद एक गुरुद्वारे में लोगों से मिलने गए भारतीय उच्चायुक्त को धार्मिक स्थल के भीतर दाखिल होने से रोक दिया गया। यूनाइटेड किंडगम के स्कॉटलैंड में ये घटना तब सामने आई है, जब खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर भारत-कनाडा के बीच विवाद चल रहा है। देशभर में इसकी निंदा की जा रही है. बीजेपी नेता मनजिंदर सिंह सिरसा ने भी इस घटना की कड़े शब्दों में निंदा की है।

भारतीय उच्चायुक्त के साथ गुरुद्वारे में हुए दुर्व्यवहार का मुद्दा ब्रिटेन के आगे उठाया गया है। सूत्रों ने बताया कि ब्रिटेन में भारत के उच्चायुक्त विक्रम दोरईस्वामी को ग्लास्गो के गुरुद्वारे में जाने से कुछ चरमपंथियों ने रोका। उन लोगों से बहस करने के बजाय भारतीय उच्चायुक्त ने वहां से जाना ठीक समझा। इस मुद्दे को ब्रिटेन के विदेश मंत्रालय और पुलिस के सामने उठाया गया है।

भाजपा नेता सिरसा ने एक समाचार एजेंसी सिरसा को बताया कि किसी भी धर्म या समुदाय का व्यक्ति गुरुद्वारे में आ सकता है. हमारा धर्म हिंसा करना नहीं सिखाता है, बल्कि हम लोग वो हैं, जो मानवता की रक्षा करते हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय उच्चायुक्त के साथ स्कॉटलैंड में जो हुआ है, मैं इसकी कड़े शब्दों में निंदा करता हूं।गुरुद्वारा परमात्मा का घर है.,यहां किसी भी प्रकार का भेदवान नहीं किया जाता है। यही वजह है कि यहां पर चार दरवाजे होते हैं।

सिखों को बदनाम करने की कोशिश : सिरसा

उन्होने कहा कि ऐसा लगता है कि ये लोग इस चीज को नहीं समझते हैं या फिर सिखों को बदनाम करने की कोशिश हो रही है। सिर्फ चंद लोगों के जरिए ऐसा किया जा रहा है। वो लोग इस बात को नहीं समझ रहे हैं कि एक तरह से आप हमारी पीढ़ियों को बदनाम कर रहे हैं। बता दें कि भारतीय उच्चायुक्त विक्रम दोरईस्वामी को गुरुद्वारे में जाने से रोके जाने का वीडियो भी सामने आया है, । इसमें युवकों को उन्हें कार में बैठाते हुए देखा जा सकता है।

खबर फटाफट

वैश्य संकल्प महारैली को लेकर चल रही तैयारियां पूरी : गर्ग

सोहना : स्थानीय अग्रवालसभा के अध्यक्ष रहे सेठ विजय अग्रवाल, लाला जयप्रकाश गुप्ता सर्राफ, लाला सुभाष बंसल रेवासनिया, अग्रवाल वैश्य समाज की सोहना ईकाई के अध्यक्ष रोहित गर्ग, अग्रवालसभा के पूर्व सचिव पंकज गुप्ता, रेडीमेड कारोबारी अशोक गर्ग और सैंकी सिंगला तथा अग्रवालसभा के प्रधान सतीश कुमार की माने तो पहली अक्टूबर को जींद में आयोजित होने वाली वैश्य संकल्प महारैली में सोहना से जाने के लिए समाज की चल रही तमाम तैयारियां पूरी कर ली गई है। उन्होंने बताया कि वैश्य संकल्प महारैली में सोहना का अग्रवाल समाज सपरिवार बढ़-चढक़र हिस्सा लेगा। दावा जताया कि पहली अक्टूबर को जींद की पावन धरती पर वैश्य संकल्प महारैली होगी, जो प्रदेश में एक नया इतिहास रचने का काम करेगी। सोहना से अग्रवाल समाज के लोग रैली में शामिल होने के लिए एक अक्टूबर को सपरिवार प्रस्थान करेंगे।

वाटरकूलर में लगा कॉपर चोरी

सोहना : शहर में बीती रात चोर स्थानीय राजकीय वरिष्ठ माडल संस्कृति विद्यालय के साथ लगते खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में दीवार कूदकर भीतर घुस गए और मेन गेट पर लगे ताले को तोडक़र वाटरकूलर, टंकी में लगा कॉपर चोरी कर ले गए। वे टंकी को विद्यालय दूर स्थान पर छोड़कर भाग गए। खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में चौकीदार की तैनाती नहीं है। पहले भी चोर कार्यालय से कमरों के ताले तोड़ कम्पयूटर आदि सामान चोरी कर ले गए, जिनका आज तक कोई पता नहीं लग पाया। नगरपार्षद रहे व भाजपा के मंडल उपाध्यक्ष मुकेश सैनी, युवा समाजसेवी ओमबीर सैनी, नंबरदार तेजपाल सैनी, सुरेश सैनी, मितरसेन सैनी आदि जागरूक लोगों ने शिक्षा विभाग से मांग की है कि खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय की दीवारों को और ज्यादा ऊंचा कराया जाए और रात को एक चौकीदार लगाया जाए।

आप का हड़ताली आशावर्करों को खुला समर्थन : रामगौतम

सोहना: आम आदमी पार्टी के जिलासचिव और आशियाना अनमोल आरडब्लयूए सोसायटी के प्रधान रामगौतम ने मनोहरलाल सरकार पर आशावर्करों को जान-बूझकर परेशान करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि सरकार आशावर्करों की जायज मांग होने के बावजूद मांगों को मानने की बजाय अनदेखी बरत रही है, जो ठीक नहीं है। इस मौके पर उन्होने हड़ताली आशावर्करों को आम आदमी पार्टी की तरफ से खुला समर्थन देने का ऐलान करते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी की प्रदेश में सरकार बनने पर आशावर्करों की सभी मांगों को स्वीकृत किया जाएगा। रामगौतम ने बताया कि लंबे समय से आशाएं अपनी मांगों को लेकर धरनाप्रदर्शन करते हुए आवाज उठा रही है। कई बार आशावर्करों की तरफ से सरकार को मांगपत्र भी सौंपे गए हैं, पर कार्रवाई नहीं हुई।

शहीद भगत सिंह को दिया जाए भारत रत्न : अरोड़ा

सोहना : लायंसक्लब के पूर्व प्रधान लायन सुरजीत अरोड़ा व अजीत अरोड़ा ने कहा कि शहीद भगत सिंह को आज देश की जनता और छत्तीस बिरादरी के लोग इसलिए याद करते हैं कि वह निडर क्रांतिकारी रहे। उन्होंने गुलामी की जंजीरों में जकड़ी भारत माता को आजाद कराने के लिए अपना बलिदान तक दे दिया। देश की आजादी की खातिर सर्वस्व न्योछावर करने वाले लाल कोई लाखों में एक ही पैदा ही होते हैं। उन्होंने कहा कि हमें शहीद भगत सिंह जैसे क्रांतिकारियों के जीवन से अवश्य प्रेरणा लेनी चाहिए ताकि हम सभी जातपात, पार्टीबाजी, क्षेत्रवाद जैसे संकीर्ण विचारों से ऊपर उठकर प्रदेश और देश के विकास, समृद्धि, खुशहाली को बढ़ावा दे सके। साथ ही देश की एकता, अखंडता को और अधिक मजबूती मिल सके। सुरजीत अरोड़ा व अजीत अरोड़ा ने सरकार से मांग की है कि शहीद भगत सिंह को मरणोपरांत भारत रत्न दिया जाए।

हड़ताली आशावर्करों को कांग्रेस का समर्थन : रोहताश बेदी

सोहना : सोहना विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी रहे तथा यूथ इंटक के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौधरी रोहताश बेदी ने सरकार पर आशावर्करों को जान-बूझकर परेशान करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि सरकार आशावर्करों की जायज मांग होने के बावजूद मांगों को मानने की बजाय अनदेखी बरत रही है।हड़ताली आशावर्करों को कांग्रेस पार्टी की तरफ से खुला समर्थन देने का ऐलान करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी की प्रदेश में सरकार बनने पर आशावर्करों की सभी मांगों को स्वीकृत किया जाएगा। बेदी ने बताया कि लंबे समय से आशाएं अपनी मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन करते हुए आवाज उठा रही है। सरकार उन पर जल्द ध्यान दे।

जजपा 15 से मेगा रोड शो के जरिए करेगी शक्ति प्रदर्शन : डागर

सोहना : अलीपुर ग्रामपंचायत की महिला सरपंच पूनम डागर के प्रतिनिधि और युवा जजपा नेता दीपक डागर का कहना है कि जजपा ने दिवंगत उपप्रधानमंत्री ताऊ देवीलाल की कर्मभूमि रही सीकर में विशाल रैली के बाद अब राजस्थान में अपना राजनीतिक वजूद प्रस्तुत करने के लिए 15 अक्टूबर से मेगा रोड शो के जरिए शक्ति प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि इस शो में हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला और राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष पृथ्वी मील, प्रधान महासचिव रामनिवास यादव, राष्ट्रीयसचिव संजय चोपड़ा, महिला प्रदेशाध्यक्ष रीटा सिंह, पूर्व विधायक प्रतिभा सिंह, पूर्व विधायक मणिराम सिहाग, मोहन चौधरी, जजपा युवा के प्रदेशाध्यक्ष प्रतीक महरिया, जजपा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष मोहम्मद फारूख, उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के सचिव सुरेश चौधरी, सीकर में जजपा जिलाध्यक्ष आकाश नेहरा और राज सिंह ताखर आदि प्रमुखजनों समेत पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की अगुवाई में कार्यकर्ताओं का विशाल जनसैलाब उमड़ेगा। अक्टूबर` में राजस्थान के दर्जन भर विधानसभा क्षेत्रों का दौरा कर जजपा की जनकल्याणकारी नीतियों से जनमानस को अवगत कराएंगे।

सडक़ों को दिया जा रहा नया रूप, चौड़ी होंगी और पक्की भी

लोहसिलानी से सरमथला तक की सड़क 13 करोड़ से बनेगी : छोक्कर

सड़क निर्माण से आसपास लगते 24 गांवों में रहने वाले ग्रामीणों, छात्र-छात्राओं, किसानों, जमीदारों को फायदा मिलेगा

उमेश गुप्ता,भरोसा मित्र

सोहना। हलके से भाजपा विधायक कुंवर संजय सिंह छोक्कर ने आज खंड के 4 गांवों को आपस में एक-दूसरे से जोड़ने वाली 2 लिंक सड़कों के चौड़ीकरण और पुनर्निर्माण कार्य की आधारशिला रखी। उन्होंने बताया कि सोहना के गांव सरमथला से लोहसिलानी के बीच वाली सड़क 81.11 लाख की लागत से तथा गांव इशाकी से रानीकासिंगोला के बीच बनने वाली सड़क एक करोड़ 89 लाख की लागत से बनेगी। इसके अलावा गांव मोहम्मदपुर से पचगांवा तक 11 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली सड़क के पूरा होने पर दर्जनों गांवों में रहने वाले ग्रामीणों को लाभ मिलेगा।

सड़क निर्माण आधारशिला रखने के दौरान सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक के डायरेक्टर चौधरी धर्मबीर डागर, सोहना ब्लॉक के आदर्श गांव भौंड़सी के रहने वाले स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय पूरण सिंह राघव के पौत्र सतेन्द्र कुमार राघव स्टार, भाजपा के मंडल अध्यक्ष गौरव चुघ, मंडल उपाध्यक्ष मुकेश सैनी, भाजपा के भौंड़सी मंडल अध्यक्ष रामकिशन राघव, सोहना ब्लाकसमिति उपचेयरमैन रहे राजेश राघव भौंड़सिया, नगरपार्षद नितिन यादव बालूदिया, युवा समाजसेवी पुलकित गुप्ता, भानु चौधरी, गुलाब सिंह हिरमथला, कुंवर महेन्द्र सिंह राणा, खेल स्टेडियम समिति मैंबर रहे अनिल जैन, जिला परिषद उपचेयरमैन ओमप्रकाश तंवर सिलानिया, भाजपा नेता योगेश तंवर, भाजपा युवा मोर्चा जिला मीडिया प्रभारी जितेन्द्र राणा आदि प्रमुखजन आदि मौजूद रहे।

ग्रामीणों ने भाजपा विधायक कुंवर संजय सिंह छोक्कर का फूलमालाएं पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर छोक्कर ने गांव लोहसिलानी से सरमथला तथा गांव मोहम्मदपुर से पचगांवा और गांव इशाकी से रानीकासिंगोला के बीच बनने वाली सड़क का शिलान्यास किया। उन्होंने बताया कि उपरोक्त सड़क के निर्माण पर करीब 13 करोड़ रुपए की लागत आएगी। सड़क निर्माण से आसपास लगते 24 गांवों में रहने वाले ग्रामीणों, छात्र-छात्राओं, किसानों, जमीदारों को फायदा मिलेगा।

उन्होंने दावा किया कि मुख्यमंत्री मनोहरलाल सरकार में सोहना और साथ लगते मेवात क्षेत्र में करीब 4 हजार करोड़ रुपए की लागत से विकास कार्य चल रहे हैं। छोक्कर ने कहा कि जिस तरह विधानसभा चुनावों में विभिन्न गांवों के मतदाताओं ने वोट देने के मामले में उनकी झोली भरी, उसी तरह वह भी हलके के विभिन्न गांवों के विकास में कोई कसर नही छोडेंगे। विभिन्न गांवों की सभी मांगों को पूरा करने के साथ-साथ और भी भरपूर विकास को बढ़ावा दिया जाएगा।

उन्होंने गांव लोहसिलानी-सरमथला, रानीकासिंगोला, इशाकी, मोहम्मदपुर, पचगांवा से अपने विशेष लगाव को प्रदर्शित करते हुए कहा कि इस गांव से उनका पुराना लगाव रहा है। सरकार अब 4, 3 और 2 करम वाले सभी रास्तों को राज्य भर में मार्किंग बोर्ड से पक्का बनवाए जाने पर विचार कर रही है। चाहे वह पहली बार विधायक चुने गए हैं, लेकिन राजनीति उन्हे विरासत में मिली है। विधायक ना होते हुए भी उन्होंने सरकार की पिछली योजना में 92 करोड़ रुपए की लागत से नूंह हलके में 84 विकास कार्यों को बढ़ावा देकर जनसमस्याओं के निवारण में कोई कसर नही छोड़ी। वह इतना विकास कार्य कराएंगे कि सोहना हलके के लोग उन्हें विधायक चुने जाने पर फख्र महसूस करेंगे।

अरुण नांदल ने संभाला ईओ का कार्यभार

कार्यकारी अधिकारी ने बताया उनकी प्राथमिकता बंद पड़े सभी कामों को चालू करवाना और अव्यवस्थाओं को दूर करना रहेगी

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

सोहना। नगरपरिषद में पिछले करीब एक महीने से खाली पड़े कार्यकारी अधिकारी के पद पर अरुण नांदल ने आज यहां पर अतिरिक्त रूप में परिषद में कार्यकारी अधिकारी पद पर अपना कार्यभार संभाल लिया है।

स्थानीय नगरपरिषद में कार्यकारी अधिकारी का पद रिक्त होने से ना केवल विकास कार्य प्रभावित हो रहे थे बल्कि अधिकारियों व सफाई कर्मचारियों को वेतन तक के लाले पड़ गए। विकास कार्य करवाने के लिए परिषद की वित्त कमेटी ने जो कार्य मंजूर किए, वह कार्य भी ईओ का पद रिक्त पड़े होने और ईओ के पोर्टल पर टेंडर ना लगाए जाने से अधर में लटक गए।

नगरपरिषद में भरपूर पैसा होने के बावजूद कार्यकारी अधिकारी का पद रिक्त पड़े होने और आला अधिकारियों द्वारा डीडी पावर किसी दूसरे अधिकारी को ना दिए जाने पर यहां अस्थाई रूप में कार्यरत सफाई कर्मचारियों, चौकीदारों आदि को वेतन समय पर ना मिलने के आसार बन गए। मामला अखबारों की सुर्खिया बनने पर निगमायुक्त ने पटौदी नगरपरिषद में सचिव पद पर कार्यरत अरुण नांदल को सोहना नगरपरिषद में कार्यकारी अधिकारी पद का कार्यभार अतिरिक्त रूप में संभालने के निर्देश दिए ताकि सोहना नगरपरिषद का कामकाज स्थाई रूप से चलता रहे।

नांदल ने नगरपरिषद में कार्यकारी अधिकारी पद पर कार्यभार ग्रहण करने उपरांत बताया कि यह कार्यभार उन्हें अतिरिक्त रूप में मिला है। वह सप्ताह में दो दिन सोहना नगरपरिषद में और तीन दिन पटौदी पालिका कार्यालय में बैठकर अपनी ड्यूटी को अंजाम देंगे। विकास कार्यों को बढ़ावा देना, शहर के सभी वार्डों और बाजारों में सफाई को चाक-चौबंद रखना, रात के अंधेरे को दूर करने के लिए स्ट्रीट लाइटों को जलवाना और नगरपरिषद में अपने कार्यों को लेकर आने वालों के कार्य तत्परतापूर्वक करवाना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है।

जागरूक लोगों का कहना है कि नगरपरिषद प्रशासन को शहर में सफाई को बढ़ावा देने के साथ-साथ बंद पड़े सार्वजनिक शौचालयों को खुलवाए जाने व उनकी नियमित रूप से सफाई करवाए जाने और बाजार में प्रतिदिन अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाने व गंदे और बरसाती पानी की निकासी के लिए बनाए गए नालों में भरी गाद को निकलवाकर अच्छे से सफाई कराने, दमदमा रोड़ वाले नाले को अतिक्रमणकारियों के कब्जे से छुड़वाने की तरफ ध्यान देना चाहिए ताकि बरसात में बाजार में बरसाती पानी ना भर पाए।

संतों का सान्निध्य पाने वालों का जीवन धन्य : शास्त्री

संत राष्ट्र का प्रहरी हैं जो से जगाने का काम करता है,उसका मकसद राष्ट्र का मंगल चाहना है

उमेश गुप्ता,भरोसा मित्र

सोहना। वार्ड-16 के तहत ठाकुरवाड़ा मोहल्ला स्थित शीला कुआ विवाह स्थल प्रांगण में आयोजित श्रीराम कथा में शनिवार को कथावाचक दिनेश चन्द्र शास्त्री ने श्रीराम कथा में कहा कि आज प्राणी जगत को चिंतन करने की जरूरत है ताकि प्रत्येक प्राणी अपने भीतर के अहंकार और द्वेष भावना को त्यागे और अपने भीतर छुपी बुराइयों को खत्म कर सामने वाले व्यक्ति के अच्छे आचारों, विचारों को ग्रहण करे।

उन्होंने कहा कि इससे हर मानव का जीवन मंगलमय होगा। ये तभी संभव है, जब जीवन में सुचिता व सरलता आए तथा हम नेक रास्ते पर चले। जिसकी शुरूआत हम स्वयं अपने से ही करके समाज में आदर्श स्थापित कर सकते है।

उन्होंने संत समाज को राष्ट्र और समाज का मार्गदर्शक बतलाते हुए कहा है कि साधुता, सरलता और सहजता जिसके हृदय में होती है, उसके हृदय में परमात्मा निवास करते है। उसका जीवन कृताज्ञ हो जाता है। सच्ची भक्ति सार्थक तभी होगी, जब हम संत के सान्निध्य में रहेंगे। धन्य है वे लोग, जिन्हें संत का सानिध्य मिला है। उन्होंने कहा कि संत राष्ट्र का प्रहरी हैं जो राष्ट्र को जगाने का काम करता है। उसका मकसद राष्ट्र का मंगल चाहना है।

शनिवार को श्रीराम कथा स्थल में मौजूद कथावाचक दिनेश शास्त्री के प्रचवन व भजनों से भक्तिमय माहौल में उपस्थित श्रद्धालु खूब जमकर नाचे। उन्होंने मर्यादा पुरूषोतम श्रीराम के भजनों पर माहौल को राममय बना दिया।

श्राद्ध पक्ष में ढूंढने पर भी नहीं मिल रहे हैं कौवे

पंडितों ने ग्लोबल वार्मिंग और वातावरण में तेजी से आ रहे बदलाव को जिम्मेदार ठहराया

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

सोहना। यहां पर श्राद्ध पक्ष में भागमभाग भरी दिनचर्या में लोग परम्पराओं को निभाने के लिए समय निकाल रहे है लेकिन उनके सामने इन दिनों कौओं का नहीं मिलना श्रद्धालुओं को मायूस कर रहा है।

गौरतलब है कि श्राद्ध पक्ष में पितरों की तृप्ति के लिए निकाला गया अग्रभोज ब्राहाण, गाय, कौआ, कुत्ता और चीटियों को खिलाना आवश्यक माना जाता है, लेकिन यहां पर इन दिनों कौवे का मिलना कठिन हो गया है। पितृपक्ष में श्राद्ध का अग्रभोज खिलाने के लिए श्रद्धालु कौवों को ढूंढना शुरू करते है। हाथ में अग्रभोज की थाली लिए लोग अपने मकानों की छतों पर कौवों की बांट जोहते दिखाई देते है। जब कौवे नहीं मिलते तो मायूस होकर छत की मुंडेर पर कौवे का अग्रभोज रखकर काम पर निकल जाते हैं। शाम को वह अग्रभोज मजबूरीवश गाय को ढूंढकर खिलाना पड़ता है। कहावत है कि कौवे को यमराज का पक्षी माना जाता है, जो इन दिनों ढूंढे नहीं मिल रहे है। मुंडेर पर कान लगाए श्रद्धालुओं को अब कांव-कांव की आवाज सुनने को नहीं मिलती।

पंडित वेदप्रकाश शास्त्री, रमेश चंद शास्त्री, पंडित त्रिलोक चंद, लोकेश भारद्वाज, पंडित बेगराज वशिष्ठ, अनिल शर्मा कोकी, भगवानदास वशिष्ठ, अनिल वशिष्ठ आदि बताते है कि एक जमाना था, जब कौआ मुंडेर पर बैठकर लोगों को उनके घर मेहमान के आने का संदेश देता था। ग्लोबल वार्मिंग और वातावरण में तेजी से आ रहे बदलाव के चलते कौवे तेजी से कम हो रहे है। फसलों में कीटनाशक दवाइयों का उपयोग और पशुओं को खतरनाक रसायनयुक्त इंजेक्शन से मांसाहारी पक्षी तेजी से लुप्त हो रहे है। कौवा शाकाहारी और मांसाहारी दोनों तरह का पक्षी है।

महिलाओं ने गाजे-बाजे के साथ निकाली कलश यात्रा

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

सोहना। यहां पर जैन धर्म में सदियों से चली आ रही दशलक्षण पर्व के समापन पर समाज की महिलाओं ने आज स्थानीय बाजार में कलश शोभा यात्रा निकाली। गाजे-बाजे के साथ लोहियावाड़ा स्थित दिगंबर जैन मंदिर से शुरू हुई महिला कलश शोभा यात्रा बाजार मार्गों से होते हुए वापिस दिगंबर जैन मंदिर पहुंची।

उल्लेखनीय है कि इस आयोजन को लेकर यहां पर जैन समाज के परिवारों में जबरदस्त उत्साह होता है। जैन समाज के लोग इस पर्व को बहुत ही हर्षोल्लास और धूमधाम के बीच मनाते हैं।

जैन समाज के प्रमुख समाजसेवी व खेलस्टेडियम समिति मैंबर अनिल जैन, राजकिशन जैन, मनोज जैन, संयम जैन, संकेत जैन, अनिल जैन, तुषार जैन, युवा समाजसेवी प्रीतम जैन, सिद्धार्थ जैन, यर्थाथ जैन, हेमंत जैन, बोबी जैन, अशोक जैन, विजेन्द्र जैन, रूपाली जैन, समीक्षा जैन, मनीषा जैन, प्रियंका जैन, पूजा जैन, नैना जैन, मेघना जैन, बल्लू जैन, अन्नू जैन, नमन जैन, नलिन जैन, अंजू जैन, निशा जैन, समीक्षा, मुक्ता, प्रभा, मेघा, राखी जैन, श्वेता जैन, पारूल, रश्मि, किरण जैन आदि का कहना है कि दशलक्षण पर्व जैन धर्म का सबसे महत्वपूर्ण पर्वो में से एक है। प्रत्येक प्राणी को भगवान महावीर के बताए अहिंसा और शांति के रास्ते पर चलना चाहिए व आध्यात्मिक पर्व दशलक्षण का पालन करना चाहिए, जिससे आत्मा का कल्याण होता है। उन्होंने कहा कि दशलक्षणों में उत्तम, क्षमा, माधुर्य, अजबी, संयम, तप, त्याग, अकिंचन, ब्रहाचर्य आदि शामिल है। भगवान महावीर जी ने अहिंसा परमो धर्म तथा जीयो और जीने दो का संदेश दिया है, जो आज सभी के लिए अत्यंत आवश्यक है।

फिरोजपुर झिरका के मूल निवासी तथा जैन समाज के युवा नेता व जाने-माने समाजसेवी भाई राकेश जैन का कहना है कि आज एक तरफ लोग चंद्रलोक पर पहुंच रहे हैं, लेकिन समूचा विश्व अविश्वास, असदभाव, द्वेष आदि अवगुणों से भरा है। आज भागदौड़ वाली जिंदगी में कोई भी व्यक्ति अपने पड़ोसी के हृदय तक प्रवेश के प्रति उदासीन है। भोग विलासिता वाले इस युग में पश्चिमी सभ्यता की चकाचौंध में व्यक्ति अच्छी कोठी, बंगला, लग्जरी गाड़ी, टेलिविजन, धन-दौलत इकट्ठा करने की लालसा में लगा है, लेकिन उसे एक सच्चे और अच्छे मित्र की तलाश नहीं है जबकि तनाव मुक्त जिंदगी जीने के लिए ना केवल अच्छे और सच्चे व्यक्ति से मित्रता करने से तनाव कम होता है बल्कि मन की शांति बढ़ती है। उन्होंने कहा कि क्षमा केवल वाणी का विषय नही है, यह अनंतकरण की निधि है। जैसे गुड़ और शक्कर की मिठास जिह्वा पर प्रतीत होती है, उसी प्रकार क्षमा का माधुर्य अन्तकरण तक बना रहता है। जिसने क्षमा, शांति धारण की है, उसका कोई भी विरोधी अथवा दुश्मन क्या बिगाड़ सकता है?

उन्होंने कहा कि जैन समाज के साथ-साथ सर्वजातीय समाज के प्रत्येक प्राणी को क्षमावाणी पर्व पर हम सभी को यह प्रतिज्ञा लेनी चाहिए कि अपने अंदर के विकारों को दूर करे। क्रोध को अपने भीतर जन्म ना लेने दे। यदि हमने अपने जीवन में सरलता रखी, सभी प्राणियों और जीवों के प्रति मैत्री भाव रखते हुए अपनी आत्मा में क्षमा भाव धारण नहीं किया तो निश्चय ही हमारा मनुष्य जीवन सफल हो जाएगा। युवा समाजसेवी प्रीतम जैन तथा सिद्धार्थ जैन, यर्थाथ जैन आदि ने बताया कि महिलाओं ने निर्जला व्रत रखा और विशेष पूजा अर्चना कर धर्म लाभ उठाया।

मां से बड़ा कोई दूसरा स्थान नहीं : जितेन्द्र कुमार भारद्वाज

सोहना : हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष जितेंद्र कुमार भारद्वाज ने कहा कि मृत्यु सबसे बड़ा सत्य है। जो इस सांसारिक दुनिया में आता है, उसका जाना भी निश्चित है। माता का स्थान सबसे बड़ा होता है। जो सभी-सुख देकर दुखों को हंसते-हंसते सहती है। वह शहर के वार्ड-16 नगरपार्षद हरीश नंदा राजू की माता के निधन पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में लोगों को सम्बोधित कर रहे थे।

इस अवसर पर काफी संख्या में लोगों ने अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि भी अर्पित की। नगरपार्षद हरीश नंदा राजू की माता का निधन गत दिनों हो गया था। शनिवार को शहर के एक निजी रिसोर्ट में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में काफी संख्या में नेताओं, व्यापारियों, पार्षदों, गणमान्य लोगों, सरपंचों ने हिस्सा लेकर दिवंगत आत्मा शोभा नंदा को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की शुरुआत में सागर बंधुओं ने अपने भजनों के माध्यम से सबको भावुक कर दिया।

समस्या दहशत के साए में जी रहे हैं कई परिवार, अधिकारी देख कर भी बने अनजान,साधा मौन

सीएम के निर्देशों के बावजूद घरों के ऊपर से नहीं हटे हाईटेंशन तार

सवाल है कि क्या बिजली निगम के अधिकारी हादसा होने का कर रहे हैं इंतजार,जबकि एक युवा की हो चुकी है मौत

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

सोहना। मुख्यमंत्री मनोहरलाल ने 5 वर्ष पहले सोहना शहरी क्षेत्र में घरों की छतों के ऊपर से गुजर बिजली के हाईटेंशन तारों को हटाए जाने के निर्देश बिजली निगम को दिए थे, लेकिन आज तक घरों की छतों के ऊपर से ये हाईटेंशन तार नहीं हट पाए हैं। शायद बिजली निगम के अधिकारियों को बड़ा हादसा होने का इंतजार है। शुक्रवार को बिजली मंत्री रणजीत सिंह चौटाला को इन तारों को हटाने के आदेश दिए हैं।

बता दें कि चंद महीनों में ही दो लोग हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गए थे। गांव जक्खोपुर में रहने वाले धर्मपाल जांगडा के नौजवान पुत्र की इन हाईटेंशन तारों की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई थी। प्राध्यापक डाक्टर सुलझणा का ढाई वर्षीय पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया था।

नगरपरिषद के वार्ड-पांच में रहने वाले लोगों ने सरकार से मांग की है कि वार्ड-पांच आबादी क्षेत्र में मकानों के ऊपर से जा रही सोहना पावरहाउस से मेवात तक 66केवी वाली हाईटेंशन बिजली लाइन को हटवाया जाए क्योंकि इस हाईटेंशन लाइन की वजह से यहां रहने वाले परिवार दहशत के साए में जी रहे हैं। लोगों ने बताया कि मुख्यमंत्री मनोहरलाल सरकार ने पहले भी राज्य में बिजलीनिगम को निर्देश दिए थे कि जहां-जहां भी आबादी क्षेत्र में रिहायशी कॉलोनियां में 11केवी, 33केवी व 66केवी हाईटेंशन बिजली की लाइनें जा रही है, उन सभी लाइनों को हटाने के लिए इस्टीमेट तैयार कर जल्द से जल्द इन हाइटेंशन लाइनों को हटाया जाए क्योकि इनसे वक्त-वक्त पर हादसे सामने आए है। जरूरी है कि जनहित को सर्वोपरि रखते हुए बिजलीनिगम इन लाइनों को हटाने पर आने वाले खर्चे को लेकर इस्टीमेट तैयार करे और जल्द से जल्द इन हाईटेंशन लाइनों को आबादी क्षेत्र में घरों के ऊपर से हटाया जाए। आज भी सोहना पावरहाउस से मेवात तक 66केवी वाली हाईटेंशन बिजली लाइन को रिहायशी मकानों के ऊपर से नही हटाया गया है। शहर के वार्ड-पांच में भैरो मंदिर के सामने रिहायशी मकानों के ऊपर से निकल रही हैं। लोगों में शासन-प्रशासन की कार्यप्रणाली को लेकर रोष व्याप्त है। लोगों का कहना है कि बार-बार हाईटेंशन लाईन हटाने का भरोसा देने वाला बिजली निगम आला अधिकारियों और मुख्यमंत्री के निर्देशों के बावजूद कई वर्ष में भी इस हाईटेंशन लाईन को नहीं हटा पाया है। सोहना व्यापारमंडल संघ के प्रधान मनोज बजरंगी, वार्ड-पांच से नगरपार्षद वेदकला शर्मा, पंजाबी महासंघ के प्रधान हरीश नंदा, नगरपालिका के पूर्व चेयरमैन सुभाष सिंगला, नगरपरिषद उपचेयरमैन रहे बृजभूषण गोयल, पप्पू उजीनिया, बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष देवदत्त शर्मा एडवोकेट आदि जागरूक लोगों का कहना है कि वह यह नहीं समझ पा रहे है कि जब सरकार ने बिजलीनिगम को साफ-सपाट लहजे में आदेश दिए हुए हैं कि पूरे राज्य में जहां-जहां भी आबादी क्षेत्र में मकानों, दुकानों, रिहायश आदि के ऊपर से बिजली की हाईटेंशन लाईनें जा रही हैं, जनहित को सर्वोपरि रखते हुए उन्हें तुरंत प्रभाव से हटाया जाए।

4 करोड़ रुपए का चेक भी दे दिया, पर तार नहीं हटे

सीएम जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक में साइबर सिटी के पटेल नगर की 66केवी वाली हाईटेंशन लाईन हटाने के आदेश दिए थे। इस पर बिजली निगम ने 4 करोड़ रुपए का इस्टीमेट तैयार कर वहां से हाईटेंशन लाईन हटाने का निर्णय लिया। इसकी एवज में नगरनिगम ने चार करोड़ दस लाख रुपए का चेक बिजली निगम में जमा करा दिया तो फिर सोहना में लोगों के बार-बार आवाज उठाने के बावजूद यह मकानों के ऊपर से जा रही 66केवी हाईटेंशन लाईन क्यों नहीं हटाई जा रही हैं?

जिलाधीश ने पटाखों की बिक्री व इस्तेमाल ...

अंदर देखे

शिक्षा के क्षेत्र में मोरवाल का ...

अंदर देखे

खबर फटाफट

प्रादेशिक हिन्दी साहित्य सम्मेलन ने किया हिन्दी दिवस समारोह का आयोजन

गुरुग्राम। हरियाणा प्रादेशिक हिन्दी साहित्य सम्मेलन गुरुग्रा द्वारा हिन्दी पखवाडा के तहत आकाश पब्लिक स्कूल में हिंदी दिवस समारोह का आयोजन किया गया। सम्मेलन के महामंत्री मोहनकृष्ण भारद्वाज ने बताया कि आयोजन में विभिन्न स्कूलों के छात्रों ने भाषण, स्वरचित कविता पाठ आदि प्रतियोगिताओं में भाग लिया। समारोह की शुरुआत अध्यक्ष राधा कटारिया ने स्वागत पाठ कर की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में भाजपा पर्यावरण संरक्षण विभाग के प्रदेश प्रमुख नवीन गोयल, रॉकफोर्ड कॉन्वेंट स्कूल के निदेशक मुकेश डागर, राव भगत सिंह, संजीव भारद्वाज आदि शामिल रहे। उन्होंने बताया कि निर्णायक मंडल में राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् की वरिष्ठ हिन्दी विशेषज्ञ डा. रमा खन्ना, डा. सुनीता यादव व दिनेश गुप्ता शामिल रहे। दृष्टिहीन छात्रों ने उत्कृष्ट प्रस्तुति देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया, जिन्हें विशेष पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया। वहीं भाषण प्रतियोगिता में आकाश पब्लिक स्कूल तथा कविता पाठ प्रतियोगिता में राकफोर्ड कॉन्वेंट स्कूल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। नवीन गोयल ने अपनी संस्कृति की विशेषता एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति विद्यार्थियों को परिचित कराया।

दी गुड़गांव केन्द्रीय सहकारी बैंक से वीरेन्द्र सिंह हुए रिटायर्ड

गुरुग्राम। लगभग 31 वर्ष की सेवा के बाद शनिवार को वीरेन्द्र सिंह दी गुडगांव केन्द्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड से सहायक प्रबन्धक के पद से सेवानिवृत हो गए। विरेन्द्र सिंह ने बताया कि वर्ष 1993 में गुडगांव शाखा से नौकरी शुरू करके बादशाहपुर, वजीराबाद, डुंडाहेडा शाखा से आज सेवानिवृत हो रहे हैं। इस बैंककर्मी ने 31 वर्ष की सेवा में उनको पूरा सहयोग दिया। दी गुडगांव केन्द्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड (28 शाखा) के महा प्रबन्धक जितेन्द्र सिंह ने कहा कि वीरेन्द्र सिंह अपने पूरे कार्यकाल में मृदुभाषी तथा ईमानदारी से डयूटी देते रहे हैं। महाप्रबन्धक ने उनके अच्छे स्वास्थ्य की भी कामना की। वित्तिय साक्षरता अफसर पुन्य पाल ने वीरेन्द्र सिंह के परिवार का पूरा परिचय कराते हुए बताया कि परिवार में कई सुशिक्षित और राजपत्रित अधिकारी (गजटिड अफसर) है। इस अवसर पर सहायक प्रबन्धक रमेश कुमार, सहायक प्रबन्धक कृष्णसैनी, लेखाकार नरेन्द्र भारद्वाज, सुरेन्द्र सिंह, ज्ञानेन्द्र यादव सहायक प्रबन्धक मौजूद रहे।

गुरुग्राम पुलिस के 6 पुलिसकर्मी हुए सेवानिवृत्त

गुरुग्राम। गुरुग्राम पुलिस में अपनी सेवाएं देकर आमजन की सुरक्षा में अपना अहम योगदान देने वाले 6 पुलिसकर्मी शनिवार को सेवानिवृत हो गए। पुनिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस लाईन में गुरुग्राम पुलिस विभाग के इंस्पेक्टर रणबीर, भारत भूषण, ईएसआई रामअवतार, बिजेन्द्र सिंह, ईएसआई (एचसी) रामनिवास व ईएचसी मुंशी लाल की सेवानिवृत्ति विदाई पार्टी का आयोजन किया गया तथा सेवानिवृत्त होने वाले सभी पुलिसकर्मियों को इनके अच्छे स्वास्थ्य एवं उज्जवल भविष्य की कामना के साथ विदाई दी गई। सभी सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को उनके कार्यकाल के दौरान किए गए विभिन्न अच्छे कार्य के लिए समय-समय पर उच्चाधिकारियों द्वारा प्रशंसा पत्र के साथ सम्मानित किया गया था।

वाहन चोरी का आरोपी 6 बाइक सहित गिरफ्तार

गुरुग्राम। वाहन चोरी करने की आधा दर्जन वारदातों को अंजाम देने वाले आरोपी को पुलिस ने 6 बाइक सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 28 सितम्बर को एक युवक ने थाना सैक्टर 29 में दी कि मैक्स हॉस्पिटल के सामने से किसी अज्ञात द्वारा उसकी बाईक चोरी कर ली गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी जाकिर को राजीव चौक के निकट से काबू कर लिया। आरोपी ने पुलिस पूछताछ में बाईक चोरी करने सहित गुरुग्राम से वाहन चोरी करने की कुल 0 वारदातों को अंजाम देने का खुलासा किया, जिनके वारदातों के सम्बन्ध में सम्बन्धित थानों में मामले दर्ज है।

आवश्यकता है

गुरुग्राम नगर निगम के हर वार्ड में

दैनिक भरोसा मित्र

हिंदी दैनिक

के लिए रिपोर्टर / अंशकालिक संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि।

इच्छुक साथी संपर्क करें।

8222001000, 9958469846

दम तोड़ रहा स्वच्छता अभियान

स्कूल के बाहर लगा कूड़े का ढेर

शिक्षकों व छात्रों को करना पड़ रहा परेशानियों का सामना

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र

गुरुग्राम। जिन छात्रों को देश का भविष्य बताया जाता है। जिन शिक्षा के मंदिरों में बेहतर शिक्षा देने की बात कही जाती है, आज उसी शिक्षा के मंदिर के मुख्य द्वार के निकट जमा कूड़ा छात्रों की शिक्षा में खलल डालने का काम कर रहा है। खांडसा रोड स्थित एसडी बाल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के मुख्य द्वार के निकट गंदगी का ढेर लगा हुआ है। जिसके कारण स्कूल के शिक्षकों व छात्रों को परेशानियों का सामना करना पड़ता। जब बच्चों को लेने के लिए अभिभावक स्कूल आते हैं तो उन्हें कूड़े के ढेर के निकट खड़े होकर बच्चों का इंतजार करना पड़ता है। कूड़े के ढेर से उठने वाली बदबू छात्रों व शिक्षकों की परेशानी बढ़ा रही है। आस-पास के लोगों का कहना है कि वैसे तो सरकार शिक्षा को बढ़ावा देने व सफाई के प्रति जागरुक करने का काम करती है, लेकिन स्कूल के बाहर लगा गंदगी का ढेर उस दावे की पोल खोल रहा है। यहां गंदगी होने से बच्चों को संक्रामक बीमारियां भी हो सकती हैं। उन्होंने कहा कि देश व प्रदेश को स्वच्छ बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर द्वारा शुरू किया गया। स्वच्छता अभियान स्कूल के बाहर दम तोड़ता दिखाई दे रहा है। बच्चों के लिए शिक्षा का मंदिर अब वहां फैली गंदगी के कारण नरक के समान हो गया है। उन्होंने कहा कि स्कूल के मुख्य द्वार के पास कूड़ा पड़ा होने के चलते दिनभर आवारा पशु कूड़े के ढेर में मुंह मारते रहते है। इन पशुओं के जमावड़े के कारण स्कूल में आने वाले छोटे-छोटे बच्चों का भी उनकी चपेट में आने का भय बना रहता है। कम से कम शिक्षा के मंदिर के सामने सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखा जाए। आमजन ने जिला प्रशासन व नगर निगम प्रशासन से मांग की है कि छात्रों के हित को ध्यान में रखते हुए शीघ्र ही इस कूड़े के ढेर को हटवाया जाए, ताकि शिक्षा में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो और किसी संक्रामक बीमारी से बचा जा सके।

चलती गाड़ी में कपड़े उतारकर वीडियो बनाकर मारपीट का मामला

चार आरोपी गिरफ्तार

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र

गुरुग्राम। सैक्टर 29 थाना में एक व्यक्ति ने 4 सितम्बर को शिकायत दी कि उसकी ऑनलाईन ऐप के माध्यम से एक व्यक्ति के साथ बातचीत हुई थी। वह व्यक्ति उसको सैक्टर-29 मार्केट लेकर आया। सैक्टर-29 से खाना खाकर जब कार में सवार होकर चले तो थोड़ी दूर पर उस व्यक्ति ने कार रोक दी तथा पेशाब करने के बहाने से बाहर चला गया, तभी 3-4 व्यक्ति मुंह पर मास्क पहने हुए आए तथा उसके साथ मारपीट की और गाडी की पिछ्ली सीट पर डालकर उसके कपड़े उतार दिए और उसका मोबाईल फोन व पर्स छीन लिया। उसके बाद वो उससे डेबिट कार्ड का पिन मांगने लगे और बिना कपड़ों के इसकी वीडियो भी बना ली, तभी पुलिस की गाड़ी का सायरन सुनकर उन्होंने गाड़ी तेज भगा ली तथा पुलिस की गाड़ी पीछे लगने की वजह से 3 व्यक्ति गाड़ी से बाहर कूद गए तथा कार मोड़ते समय कार का एक्सीडेंट हो गया फिर कार चलाने वाला व्यक्ति भी वहां से भाग गया। जब उसने नेट बैंकिंग से अपना अकाउंट देखा तो उसमें से 95 हजार रुपए उन लोगों द्वारा निकाले गए पाए। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों केशव, मोहम्मद हुसैन, रवि व प्रदीप को गिरफ्तार कर लिया। प्रवक्ता ने बताया कि आरोपियों से पुलिस पूछताछ में ज्ञात हुआ कि केशव इस गिरोह का सरगना है और योजनानुसार अपने साथियों के साथ लूट करने की वारदात को अंजाम देता है।

छीनाझपटी के आरोपी गिरफ्तार

गुरुग्राम। मोबाईल फोन छीनने की वारदातों को अंजाम देने वाले 3 आरोपियों को पुलिस ने काबू किया है, जिनके कब्जे से पुलिस ने 4 मोबाइल बरामद किए हैं। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एक व्यक्ति ने थाना सैक्टर-65 में एक लिखित शिकायत सोहना रोड जेल मोड के नजदीक से बाईक पर आए दो युवको द्वारा उसका मोबाईल फोन छीन कर ले जाने के संबंध में दी गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों अर्जुन, अनीश व रामकुमार को गुरुग्राम से गिरफ्तार कर लिया।

सॉफ्ट टेनिस में कांस्य पदक जीतकर लौटे अमित सैनी को विधायक ने किया सम्मानित

अहमदाबाद में 27 से 29 सितंबर तक हुई थी चैंपियनशिप

विधायक ने आशीर्वाद देकर की उज्जवल भविष्य की कामना

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र

गुरुग्राम। अहमदाबाद में 27 से 29 सितंबर तक सॉफ्ट टेनिस चैंपियनशिप चौथे फेडरेशन कप में गुरुग्राम के खिलाड़ी अमित सैनी पुत्र जसवंत सैनी ने कांस्य पदक जीता है। शनिवार को गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला ने अमित सैनी को सम्मानित किया। उन्हें आशीर्वाद देकर उज्जवल भविष्य की कामना की। अमित सैनी स्वास्तिक फाउंडेशन में स्वच्छता सैनिक हैं, जो कि खेल में रुचि के साथ पर्यावरण रक्षा एवं रक्त दान करने व कराने में सदैव अग्रणी रहते हैं। इस दौरान रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य अमित गोयल, स्वास्तिक फाउंडेशन के अध्यक्ष राज सैनी बिसरवाल भी मौजूद रहे। विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि गुरुग्राम के बच्चे, युवा खेलों में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दे रहे हैं। खेलों में सरकार के स्तर पर बेहतर सुविधाएं दी जा रही हैं। गुरुग्राम के नेहरू स्टेडियम में जहां हॉकी मैदान में नया एस्ट्रॉटर्फ बिछाया जा रहा है, वहीं खिलाडियों व अधिकारियों के लिए स्टेडियम में भव्य भवन भी बना दिया गया है। विधायक ने कहा कि खेलों में खिलाड़ी अपना बेहतर प्रदर्शन करें। सरकार सुविधाएं देने और पुरस्कार देने में सदा खिलाडियों के साथ खड़ी है। विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि हमारे खिलाडियों ने ओलंपिक खेलों में मेडल जीतकर नाम रोशन किया है।

सेक्टर-83 में गांव सिकंदरपुर बढ़ा में चलाया स्वच्छता अभियान

स्वच्छता के लिए हम सबको समझनी होगी जिम्मेदारी: सुंदर लाल सरपंच

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र

गुरुग्राम। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के स्वच्छता के लिए किए गए मार्गदर्शन से व स्वच्छ भारत मिशन अभियान को सफल बनाने के लिए शनिवार को प्रिंसिपल शालू आहूजा के मार्गदर्शन में सिकंदरपुर बढ़ा गांव के सरपंच सुंदर लाल यादव के साथ मिलकर श्री चैतन्य टेक्नो स्कूल सेक्टर-83 के छात्र और कर्मचारियों ने स्वच्छता के प्रति जागरुकता रैली निकाली। सरपंच सुंदर लाल ने स्कूल द्वारा की गई इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यदि सभी नागरिक अपने परिवेश को साफ रखेंगे तो पूरा भारत स्वच्छ और सुंदर बन जाएगा। उन्होंने कहा कि हम सभी को एक व दो अक्टूबर को अपने-अपने क्षेत्र में सफाई अभियान चलाने हैं। स्वच्छता हम सबके अच्छे स्वास्थ्य के लिए जरूरी है। अपने आसपास गंदगी ना हो, इस पर हमें ध्यान देना चाहिए। सरपंच सुंदर लाल ने कहा कि स्वच्छता के प्रति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो शुरुआत की, उसके बड़े अच्छे परिणाम सामने आए हैं। हर व्यक्ति जागरुक हुआ है। यह जागरुकता हमारे अंदर खत्म नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि साफ-सफाई की शुरुआत हमें अपने घर व आसपास से करनी चाहिए। छात्रों ने कर्मचारियों और गांव के लोगों के साथ मिलकर गांव की गलियों, सडकों पर झाड़ू लगाई। साथ ही प्लास्टिक कचरा उठाकर कूड़ेदान में डाला। ग्रामीणों को कागज और जूट के बैग वितरित किए। गाँव से कर्मबीर यादव टोनी यादव मोगली यादव राजेश यादव रवींद्र यादव सहित गाँव के अनेक युवा बच्चे उपस्थित रहे।

पितृों को तर्पण व उनको याद करने के लिए किया जाता है श्राद्ध: पंडित श्याम उपाध्याय

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र

गुरुग्राम। पितृों के प्रति आस्था व्यक्त करने व उनको तर्पण देने के लिए शुक्रवार से पितृ पक्ष (श्राद्ध) प्रारंभ हो गए हैं। इस दौरान दिवंगत व्यक्ति के परिजन अपने पितृों के लिए श्रद्धापूर्वक विधि-विधान से पूजा-अर्चना के माध्यम से तर्पण करते हैं। पितृ पक्ष शुरु हो जाने से जहां एक ओर मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लग गया है, वहीं दूसरी ओर लोगों द्वारा अपने घर में अपने पितृों का तिथि की भांति श्राद्ध करने शुरु कर दिए हैं। पंडित श्याम उपाध्याय ने कहा कि दिवंगत व्यक्ति के परिजनों द्वारा श्राद्ध के दिनों में अपने पितृों को तर्पण कर उनके श्राद्ध करना काफी अच्छा माना जाता है। सनातन धर्म के अनुसार पूर्णिमा के साथ शुरु हुए पितृ पक्ष 14 अक्तूबर को संपन्न होंगे। उन्होंने कहा कि जिन लोगों के पूर्वजों का निधन हो गया है, वे दिवंगत व्यक्ति की आत्मा की शांति के लिए श्रद्धापूर्वक तर्पण करेंगे। श्राद्ध पक्ष के दौरान पितृों के अधिष्ठाता विश्वेदेवा द्वारा पितृों को इहलोक में उनके वंशजों के पास भेज दिया जाता है। उनके वंशजों द्वारा जो मिष्ठान या फिर उनकी पसंद की खाद्य सामग्री बनाई जाती है, उसका तर्पण किया जाता है। दिवंगत व्यक्ति की आत्मा तर्पण पाकर वापिस उनकी शरण में चले जाते हैं। उन्होंने कहा कि श्राद्धों के दिनों में पितृ तृप्त होने के बाद अपने वंशजों को प्रसन्न होकर उन्हें सुख-शांति, समृद्धि, स्वास्थ्य, यश-वैभव आदि का आशीर्वाद प्रदान करते हैं। यदि श्राद्ध के दौरान कोई व्यक्ति श्राद्ध नहीं कर पाता है तो वह अपनी क्षमता के अनुसार गायों को हरा चारा, गुड़ या फिर निर्धन व्यक्ति को खाद्य सामग्री दान कर सकता है। उनका कहना है कि परिजनों को श्राद्ध पूरे विधि-विधान के अनुसार स्वच्छता का ध्यान रखकर करने चाहिए, ताकि उनके पितृों को शांति मिल सके। उनका कहना है कि परिजनों का कर्तव्य बन जाता है कि वे पितृों की याद में वह सब करें, जो पितृों को पसंद था तभी वे प्रसन्न होंगे। उनका कहना है कि जिन पितृों की मृत्यु तिथि का मालूम नहीं होता है तो उनके परिजनों को अमावस्या के दिन ही श्राद्ध करना चाहिए। इस दौरान शहर के विभिन्न क्षेत्रों में श्रीमदभागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है।

कला संस्कृति पुरस्कार योजना के अंतर्गत विभिन्न विधाओं के कलाकारों के लिए प्रविष्टियां आमंत्रित

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र

गुरुग्राम। कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग, हरियाणा द्वारा कला संस्कृति पुरस्कार योजना 2023 के अंतर्गत हरियाणा अधिवासी विभिन्न विधाओं गायन, वादन, नृत्य, रंगमंच, चित्रकला एवं मूर्तिकला के कलाकारों के लिए निर्धारित प्रपत्र पर प्रविष्टियां आमंत्रित की हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 13 अक्टूबर है। डीसी निशांत कुमार यादव ने बताया कि कला संस्कृति पुरस्कार योजना की विभिन्न श्रेणियों में 50 पुरस्कार दिए जाएंगे। इच्छुक कलाकार कला संस्कृति पुरस्कार विवरणिका में वर्णित नियम एवं शर्तों सहित प्रपत्र कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग, हरियाणा की वेबसाइट से प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि हरियाणा कला प्रवीण पुरस्कार के लिए आवेदक की आयु 30 वर्ष से अधिक तथा 40 वर्ष तक होनी चाहिए। इसी श्रेणी में कुल 16 पुरस्कार दिए जाएंगे, जिसमें प्रति पुरस्कार 30 हजार रुपये की राशि होगी। इसी प्रकार से हरियाणा कला श्री पुरस्कार के लिए आवेदक की आयु 40 वर्ष से अधिक तथा 55 वर्ष तक हो। इस श्रेणी के 16 पुरस्कारों के लिए प्रति पुरस्कार 40 हजार रुपये की राशि दी जाएगी। हरियाणा कला रत्न पुरस्कार के लिए आवेदक की आयु 55 वर्ष से अधिक हो तथा इस श्रेणी में 16 पुरस्कारों के लिए प्रति पुरस्कार 50 हजार रुपये की राशि दी जाएगी। इसी प्रकार से कला क्षेत्र आजीवन उपलब्धि पुरस्कार के लिए 55 वर्ष से अधिक होनी चाहिए। इस श्रेणी में दो पुरस्कार दिए जाएंगे, जिसमें प्रति पुरस्कार एक लाख रुपये दिए जाएंगे।

पुलिस उपायुक्त ने की पुलिस पब्लिक कॉर्डिनेशन कमेटी के सदस्यों के साथ बैठक

गुरुग्राम। पुलिस उपायुक्त सिद्धान्त जैन की अध्यक्षता में एसपीआर पुलिस चौकी परिसर में दक्षिण जोन की पुलिस पब्लिक कॉर्डिनेशन कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अपराधों की रोकथाम व अपराधों का मूल्यांकन करके उनके निवारण, अपराधियों की पहचान, शहर में यातायात संचालन, कानून व्यवस्था एवंम शान्ति बनाए रखने के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा करके हुए निम्नलिखित विषयों पर चर्चा की गई। पुलिस आयुक्त दक्षिण द्वारा बैठक में गुरुग्राम पुलिस द्वारा शुरू की गई स्मार्ट ई-बीट प्रणाली की जानकारी दी गई और बताया कि लोगों को आसानी से पुलिस सहायता उपलब्ध कराने व अपराधों/अपराधियों पर निरंतर नजर रखने के उद्देश्य से यह ई-बीट प्रणाली लागू की गई है। उन्होंने बताया कि वाहन चोरी, चोरी व किसी भी प्रकार के अपराध घटित होने पर सूचना अविलम्ब पुलिस को दें। एरिया में ग्राम प्रहरी भी नियुक्त किए गए हैं। सभी पदाधिकारियों को अधिक से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगवाने के लिए कहा गया, ताकि आपराधिक गतिविधियां करने वाले लोगों को काबू करने में सहायता मिल सके। पदाधिकारियों व पुलिसकर्मियों के लिए बनाए गए ग्रुप में नियमित रूप से जानकारी व सूचनाएं आदान-प्रदान करने के भी दिशा-निर्देश दिए गए।

कार्यक्रम | अपराधों से बचने, नशा मुक्ति तथा यातायात नियमों के बारे में आमजन को किया जागरुक

सोशल मीडिया पर अनजान आईडी से वीडियो कॉल रिसीव न करें

साइबर अपराध घटित होने पर तुरंत साइबर हेल्प लाइन नंबर 1930 पर कॉल करें या अपने नजदीकी पुलिस थाना में शिकायत दर्ज कराएं

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र

गुरुग्राम। पुलिस थाना महिला मानेसर तथा दुर्गा शक्ति स्टॉफ की पुलिस टीमों द्वारा मानेसर क्षेत्र स्थित कंपनी में महिला व बच्चों के विरुद्ध होने वाले अपराधों, साईबर अपराधों की पहचान, उनके निवारण व उनकी रोकथाम करने सहित यातायात के नियमों की पालना करने, नशा मुक्ति व सेल्फ डिफेन्स आदि के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया गया। पुलिस ने महिला सशक्तिकरण, महिलाओं के विरूद्ध होने वाले अपराधों, छेड़छाड़, बच्चों के विरुद्ध होने वाले अपराधों, पोक्सो एक्ट, घरेलू हिंसा के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान पुलिस सहायता प्राप्त करने के लिए दुर्गा शक्ति ऐप, डायल 112 व 1091 के बारे में बताकर भी जागरूक किया गया। लोगों को यातायात नियमों की पालना करने व विभिन्न प्रकार की प्रतिबंधित नशीली दवाइयों तथा उनकी सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया गया। इस दौरान पुलिस टीमों द्वारा प्रतिदिन नए तरीके से बढ़ रहे साईबर अपराधों के प्रति जागरूक करते हुए लोगों को बताया कि किसी के साथ भी अपने बैंक की निजी जानकारी सांझा ना करें, सोशल मीडिया पर किसी भी अनजान आईडी से वीडियो कॉल रिसीव न करें व सावधानी बरतें अन्यथा आप सेक्सटॉर्शन/ साईबर ठगी के शिकार हो सकते हैं। साईबर अपराध घटित होने पर तुरंत साईबर हेल्प लाइन नंबर 1930 पर कॉल करें या अपने नजदीकी पुलिस थाना/साईबर अपराध पुलिस थाना में शिकायत दर्ज कराएं।

कैब चालक के साथ लूटपाट करने वाला युवक गिरफ्तार

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र

गुरुग्राम।ओला टैक्सी बुक करचालक से चाकू की नोक पर गाडी छीनने के आरोपी को पुलिस ने काबू कर लिया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 26 सितम्बर को पुलिस थाना बादशाहपुर को अर्जुन नामक एक कैब चालक ने शिकायत दी कि बीती को उसके पास सैक्टर 70 से मानेसर के लिए एक बुकिंग आई तो उस बुकिंग को लेकर वह सैक्टर-70 से मानेसर के लिए जा रहा था, करीब 2 किलोमीटर चलते ही गाडी में पीछे बैठे युवक ने उसकी गर्दन पर चाकू रख दिया और उससे गाडी रोकने के लिए कहा तो उसने गाडी को साईड में रोक दिया। उसके बाद उसकी गाडी, पर्स, नगदी व मोबाईल फोन छीनकर उसे वही पर छोड दिया। उसने फोन मांगकर अपने भाई व पुलिस को फोन करके सूचना दी तो थोडी देर में ही पुलिस की ईआरवी गाडी आ गई। उन्होनें पुलिस की गाडी में सवार होकर लूटी गई गाडी में लगे जीपीएस की लोकेशन को फॉलो किया तो उन्हें उनकी लूटी हुई गाडी रास्ते में खडी मिली, परन्तु गाडी में गाडी की चाबी नही थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी सहदेव को मानेसर से काबू कर लिया। आरोपी से पुलिस पूछताछ में ज्ञात हुआ कि वह अपने घर से चाकू लेकर लूटपाट करने के इरादे से गुरुग्राम आया था। उसने कैब बुक की और चोकू की नोक पर वारदात को अन्जाम दिया। गाडी लूटने के बाद जब यह गाडी लेकर चला तो गाडी रास्ते में बन्द हो गई और यह गाडी को वही पर छोडकर भाग गया। लूटी गई गाडी पुलिस टीम द्वारा पहले ही बरामद की जा चुकी है।

खबर फटाफट

श्रीमदभागवत कथा आज

तावडू। शहर की पंजाबी धर्मशाला में आज रविवार को श्री श्याम मित्र मंडल के तत्वावधान में श्रीमदभागवत कथा का आयोजन किया जाएगा, जिसको लेकर रविवार को प्रात- 9 बजे कलश यात्रा निकाली जाएगी। यह जानकारी मंडल के गुलशन अरोड़ा ने दी। उन्होंने बताया कि श्रीमदभागवत कथा वाचक श्रीधाम वृंदावन से परमश्रद्धेय आराध्या ज्योति शिखा दीदी को आमंत्रित किया गया है। उन्होंने बताया कि रविवार से 7 अक्तूबर तक सायं 3 बजे से 6 बजे तक पंजाबी धर्मशाला में श्रीमदभागवत कथा के माध्यम से ज्योति शिखा कथा का गुणगान करेंगी। श्रीमदभागवत कथा को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है।

ईश्वर नाम के जाप का महत्व तो सभी को विदित ही है : नेहा रानी

तावडू। ईश्वर नाम के जाप का महत्व तो सभी को विदित ही है, जो हमें पापों से बचाकर कुवृतियों से हमारी रक्षा कर, जन्म-मरण के बंधन से छुड़ा देता है। यह आत्म शुद्धि के लिए एक उत्तम साधन है, जिसमें न किसी सामग्री की आवश्यकता है और न किसी नियम के बंधन की। इससे सुगम और प्रभावकारी साधन अन्य कोई नहीं। यह विचार शहर के वार्ड नम्बर 14 में स्थित श्रीसांई धाम मंदिर में मंदिर संयोजिका नेहा रानी ने रखे। उन्होंने कहा कि कष्ट और संशय की उत्पत्ति अंत में दृढ़ विश्वास में परिणत हो जाती है। जैसी भी हो, परीक्षा होती ही है, परन्तु यदि हम सांई बाबा पर दृढ़ विश्वास और श्रद्धा रखकर प्रयत्न करते रहें तो सफलता अवश्य ही मिलेगी। उन्होंने कहा कि जो परमात्मा का ध्यान व चिंतन प्रेम और भक्ति श्रद्धापूर्वक करता है, परमात्मा भी उसकी अविलम्ब सहायता करते है।

गांव निजामपुर में पानी की पाइप लाईन हटाने को लेकर झगड़ा, 8 लोगों पर मामला दर्ज

तावडू। उपमंडल के गांव निजामपुर निवासी एक व्यक्ति ने अपने ही गांव के 8 लोगों पर उसके सहित 4 लोगों को मारपीट कर चोटिल करने व धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शिकायत पर नामजद 8 व्यक्तियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर कार्यवाही शुरु कर दी है। गांव निजामपुर निवासी कय्यूम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 28 सितम्बर को प्रात- साढ़े 6 बजे उसकी भाभी फाता अपने खेत में ट्यूबवैल से पानी चला रही थी कि महबूब, जमशेद, साजिद, संजिदा, साबरा, जयबुना, साहुन व उमरशेद ने दबंग गिरी से पाइप को हटा दिया। जिस पर उसकी भाभी ने पाइप हटाने का कारण पूछा तो उक्त लोगों ने लाठी, डंडे, सरिया, लोहे की रॉड व तेज धारदार हथियार से हमला कर दिया। जब उन्हें सूचना मिली तो वह स्वयं व कैफ तथा जैतुनी भी मौके पर गए और फाता का बचाव किया तो उक्त लोगों ने उन पर भी हमला कर उन्हें चोटिल कर दिया। जिसकी सूचना पुलिस को दी तो उक्त लोगों ने मौके से जाते-जाते पुन- इसी तरह मारने की धमकी मौका मिलने पर देकर गए। जिस पर वह स्वयं का व फाता, कैफ, जैतुनी को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां फाता को लगी अधिक चोट के चलते नल्हड़ अस्पताल रैफर कर दिया।

डीसी ने आमजन से किया आह्वान 1 अक्टूबर को करें 1 घंटा श्रमदान

नूंह। उपायुक्त धीरेंद्र खड़गट ने कहा कि श्रमदान स्वच्छता का आधार है। स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर रविवार 1 अक्टूबर 2023 को सुबह 10 बजे से आमजन के सहयोग से जिला नूंह के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में राष्ट्रव्यापी श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने नागरिकों से एक घंटे का श्रमदान करने का आह्वान किया है। श्रमदान कार्यक्रम के तहत गलियों, नालियों व आंगनवाड़ी केंद्र, पंचायत घर, स्कूल आदि सार्वजनिक स्थानों पर सामुहिक स्वच्छता अभियान चलाकर साफ-सफाई की जाएगी। उन्होंने आमजन सहित पंचायत प्रतिनिधियों से श्रमदान कार्यक्रम में बढ़चढे र श्रमदान करने की अपील की। उपायुक्त ने कहा कि सभी अपने व्यस्त समय में से थोड़ा समय स्वच्छता के लिए अवश्य निकालें और स्वच्छता से जुड़े इस अभियान में सहयोग करते हुए भागीदार बनें और अपने जिला, राज्य व राष्ट्रीय को साफ और स्वच्छ बनाएं। उन्होंने कहा कि आमजन अपनी गली, आस-पड़ोस, किसी पार्क, नदी, तालाब या किसी अन्य सार्वजनिक स्थान पर इस स्वच्छता अभियान में शामिल हो सकते हैं। उन्होंने आमजन से आह्वान किया कि 1 अक्टूबर को 1 घंटा श्रमदान कर स्वच्छता में भागीदार बने और अपनी स्वच्छता वाली सेल्फी स्वच्छता ही सेवा-सिटिजन पोर्टल पर अपलोड करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छता के लिए संदेश दिया था। उनके द्वारा शुरू किए गए स्वच्छता अभियान ने देश में स्वच्छता व सफाई के प्रति जागरूकता में बढ़ोतरी हुई है। देश की जनता ने सक्रियता दिखाते हुए स्वच्छ भारत के लिए उत्साह दिखाया। अब स्वच्छता हमारी जरूरत व दिनचर्या का हिस्सा बन गई है। सबको मिलकर अपने आस-पड़ोस से लेकर, धार्मिक स्थानों, राजमार्गों तक, घरों से लेकर सार्वजनिक स्थानों तक कचरा मुक्त भारत का निर्माण करना है। स्थानीय शहरी निकाय और ग्राम पंचायत सफाई अभियान के लिए जगह का चयन करेगी, ये सभी स्थल एक मानचित्र पर उपलब्ध होंगे जिन्हें सभी नागरिक स्वच्छता ही सेवा-सिटिजन पोर्टल ह्य2ड्डष्द्धद्धड्डह्लड्डद्धद्ध-ह्यद्ग1ड्ड.ष्श्द्व/ पर उपलब्ध विकल्पों के माध्यम से देखकर चुनाव कर पाएंगे।

औथा गांव के सीनियर सेकेंडरी स्कूल के अध्यापक के **तबादले का विरोध**

छात्र-छात्राओं ने स्कूल के गेट पर जड़ा ताला

जिला शिक्षा अधिकारी के आश्वासन के बाद प्रिंसिपल ने खुलवाया ताला

आस मोहम्मद, भरोसा मित्र

नूंह। शनिवार को औथा गांव के सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्र-छात्राओं ने अध्यापक के ट्रांसफर को लेकर स्कूल के मेन गेट पर ताला जड़ सरकार और विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इतना ही नहीं इस दौरान सैकड़ो छात्र-छात्राओं ने स्कूल के मेन गेट के बाहर बैठकर मांग की, या तो उनके स्कूल से ट्रांसफर किए गए अध्यापक को वापस स्कूल भेजा जाए अन्यथा उनका धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। स्कूल के प्रिंसिपल श्री कृष्णा द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी को जब इस बारे में बताया गया तो जिला शिक्षा अधिकारी परमजीत सिंह चाहल ने उन्हें कहा कि स्कूल के ट्रांसफर किए गए अध्यापक को रिलीव नहीं किया जाएगा और छात्रों को समझा बूझकर स्कूल का ताला खुलवाया जाए। जब प्रिंसिपल ने छात्राओं के बीच जाकर उन्हें बताया कि उनके अध्यापक का जो ट्रांसफर हुआ है उसे रिलीव नहीं किया जाएगा, तब जाकर छात्र-छात्राओं ने स्कूल के मेन में गेट का ताला खोला और स्कूल में अंदर चले गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार शिक्षा विभाग के डायरेक्टर द्वारा एक कमेटी गठित कर मेवात जिले की अतिरिक्त उपायुक्त रेनू सोगन को उसका अध्यक्ष बन गया है और उन्हें निर्देश दिए गए हैं कि मेवात के मॉडल संस्कृति स्कूल में अध्यापकों की भारी कमी है और इन अध्यापकों की कमी को पूरा करने के लिए जो दूसरे सरकारी स्कूल है वहां से अध्यापकों को डेपुटेशन पर संस्कृत मॉडल स्कूलों में भेजा जाए। लेकिन यहां पहले से ही अध्यापकों की भारी कमी है। सीनियर सेकेंडरी स्कूलों में अध्यापकों की इतनी कमी है कि लगभग पांच सौ से लेकर सात सौ लड़कियों को पढ़ाने के लिए मात्र एक या दो ही अध्यापक हैं। पहले ही जहां अध्यापकों की कमी है वहीं अब इन सीनियर सेकेंडरी स्कूलों से अध्यापकों को डेपुटेशन पर मॉडल संस्कृति स्कूलों में भेजा जा रहा है जिससे स्कूल के छात्र-छात्राओं में सरकार और विभाग के प्रति भारी रोष पनप रहा है।

400 छात्रों पर केवल एक ही अध्यापक

शनिवार को मेन गेट के बाहर ताला जड़ बैठी छात्राओं ने कहा कि एक तरफ जहां सरकार बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ का नारा दे रही है वहीं स्कूलों से अध्यापकों को दूसरे स्कूलों में भेज कर स्कूलों को बंद करने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि जब उच्च शिक्षण संस्थानों में अध्यापक ही नहीं रहेंगे तो बच्चे क्या धूल फांकने स्कूल आएंगे। उन्होंने सरकार से मांग करते हुए कहा कि मेवात के सरकारी स्कूलों में अध्यापकों की भारी कमी है मात्र 400 छात्रों को पढ़ाने के लिए केवल एक ही अध्यापक की नियुक्ति स्कूलों में की गई है। जो ऊंट के मुंह में जीरा है। इस दौरान छात्राओं ने कहा कि अगर उनके स्कूल में पर्याप्त मात्रा में अध्यापक नहीं भेजे गए तो वह सोमवार को बड़कली पुनहाना सड़क पर शाह चोखा में बैठकर विरोध प्रदर्शन करने का काम करेंगी।

जले में मात्र 35 प्रतिशत ही अध्यापक है : परमजीत सिंह

जब इस बारे में जिला शिक्षा अधिकारी परमजीत सिंह चहल से बात की तो उन्होंने कहा कि मेवात जिले में अध्यापकों की भारी कमी है। जिले में मात्र 35 प्रतिशत ही अध्यापक है और उन्हें भी तावडू और नूंह खंड के स्कूलों में लगाया हुआ है। जिससे पुनहाना, फिरोजपुर और नगीना खंड में अध्यापक नाम मात्र के लिए है। उन्होंने सरकार और उच्च अधिकारियों को इस समस्या से अवगत करा दिया है।

जिलाधीश ने जारी किए आदेश, एक नवंबर से **31 जनवरी 2024 तक** प्रभावी रहेंगे

प्रदूषण नियंत्रण को लेकर जिलाधीश ने पटाखों की बिक्री व इस्तेमाल पर लगाई रोक

आस मोहम्मद, भरोसा मित्र

दीपावली, क्रिसमस व नववर्ष पर भी निर्धारित समय के दौरान ही कर सकेंगे ग्रीन पटाखों का इस्तेमाल

नूंह। जिलाधीश एवं उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए जिला में पटाखों के भंडारण, बिक्री व इस्तेमाल (ग्रीन पटाखों को छोडे र) पर रोक लगाने के आदेश जारी किए है। जारी आदेशों में फ्लिपकार्ट, अमेजॉन आदि ई-कॉमर्स कम्पनियां पटाखों के किसी भी ऑनलाइन ऑर्डर को स्वीकार नहीं करने की मनाही की गई है। जिलाधीश ने सीआरपीसी की धारा 144 के आधार पर प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, जिला में पटाखों के उत्पादन, भण्डारण तथा बिक्री को लेकर विस्फोटक पदार्थ अधिनियम 1884 और विस्फोटक पदार्थ नियम 2008 के तहत जारी किए हैं। जिलाधीश द्वारा जारी आदेश में नियमों की पालना सुनिश्चित करवाने की जिम्मेदारी नूंह पुलिस, नगर पालिका नूंह को भी दी गई है। थाना प्रभारी, नगर पालिका के अधिकारीगण, खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी तथा तहसीलदार अपने-अपने कार्यक्षेत्र में एक-दूसरे से तालमेल करके इन आदेशों को सख्ती से लागू करवाएंगे। आदेशों को लागू करने वाले सभी अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे प्रतिदिन की पालना रिपोर्ट उपायुक्त को नियमित रूप से भेजेंगे। जारी आदेशों में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारियों को भी हिदायत दी गई है कि वे नियमित रूप से वायु की गुणवत्ता पर निगरानी रखेंगे। सर्वोच्च न्यायालय की हिदायतों के अनुसार जिला में कम प्रदूषण फैलाने वाले ग्रीन पटाखें ही लाईसेंस प्राप्त व्यापारियों के माध्यम से बेचे जा सकते हैं। अन्य पटाखों तथा लकड़ी के उत्पादन, बिक्री तथा प्रयोग पर पूर्णत- प्रतिबंध लगा दिया गया है, क्योंकि इनसे बहुत ज्यादा वायु तथा ध्वनि प्रदूषण होता है और ठोस कचरा संबंधी समस्याएं भी होती हैं। ये पटाखें भी केवल दीपावली पर्व के दिन सांय 8 बजे से रात्रि 10 बजे तक व क्रिसमस व नववर्ष के अवसर पर रात्रि 11 बजकर 55 मिनट से लेकर रात्रि 12 बजकर 30 मिनट तक चलाने की अनुमति होगी। जिलाधीश के इन आदेशों का उल्लंघन करते पाए जाने पर दण्ड प्रक्रिया अधिनियम तथा विस्फोटक पदार्थ अधिनियम 1884 की विभिन्न धाराओं के तहत कानूनी कार्यवाही करके दण्डित किया जाएगा। यह आदेश जिला में पहली नवम्बर, 2023 से लागू होकर 31 जनवरी 2024 तक प्रभावी रहेंगे।

लोगों के हाथों से गायब हो गई घडी, मोबाईल ने ली जगह

नरेश मैहंदीरत्ता, भरोसा मित्र

तावडू । देश में तेजी से हो रहे विकास को परिवर्तन के दौर में लोगों की जरूरत ही बदल रही है। इन जरूरतों को पूरा करने वाले साधनों में भी बदलाव देखा जा रहा है। लोगों की बदलती आवश्यकताओं में मोबाईल फोन भी शामिल हो गया है। मोबाईल फोन ने जहां लोगों के फासले का कम किया है। वहीं दूसरी ओर अनायास ही इसमें लोगों की कलाईयों सुनी कर दी है। मोबाईल फोन धारक अपने हाथ की कलाई में घडी बांधने की जरूरत नहीं समझते। यही कारण है कि आज अधिकतर लोगों की कलाईयां सूनी नजर आ रही है। क्योंकि लोगों को समय बताने वाली घडी की जरूरत अब मोबाईल फोन पूरी कर रहे है। कुछ लोगों द्वारा कलाई घड़ी केवल शौकिया ही बांधी जाती है। ऐसे लोग सिर्फ दूसरे को देखकर होड़ में घडी पहनते है। मोबाईल फोन के आविष्कार के बाद अब लोगों को समय देखने के लिए कलाई घडी पहनने की जरूरत महसूस नहीं होती। यहीं कारण है कि बाजार में आज जितनी मोबाईल फोन की दुकान दिखलाई पड रही है, कभी उतनी ही दुकानें घडियों की हुआ करती थी। एक समय ऐसा भी था जब बडी बडी कंपनियां घडियां बनाती थी। उसके बाद 20 से 100 रूपए तक की घडियां कलाई में बंधने लगी लेकिन इसके विपरीत मोबाईल फोन मनुष्य के लिए बेहद आवश्यक वस्तु बन गया है। मोबाईल फोन ने समाज को विकास की नई दिशा दी है। मोबाईल फोन से बात ही नहीं अपितु एसएमएस, एमएमएस, एफएम, कैमरा, व्टसअप, फे सबुक और तरह-तरह की नित नई सुविधाएं जुड़ती जा रही है। जिससे लोगों को कभी भी कहीं भी किसी भी समय दुनिया भर की जानकारियां उपलब्ध होती रहती है। जिस कारण कलाई घडी अनावश्यक चीज बनकर रह गई है।

ठग ने मोबाइल हैक कर खाते से साफ किए एक लाख

भरोसा मित्र ब्यूरो

रेवाड़ी। गूगल पर ट्रूकॉलर का नंबर सर्च करना एक युवक को भारी पड़ गया। शातिर ठग ने युवक के मोबाइल फन को हैक कर खाते से एक लाख रुपये साफ कर दिए। साइबर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। जानकारी के अनुसार जिले के गांव बटोड़ी निवासी विजयपाल ने अपने फोन में आ रही किसी परेशानी को दूर करने के लिए गूगल पर ट्रूकॉलर का नंबर सर्च किया। इसके बाद उसके पास कॉल आनी शुरु हो गई। एक नंबर पर उसकी बात हुई तो कॉल करने वाले व्यक्ति ने समस्या के समाधान का चार्ज करने की बात कही। विजयपाल ने जब बात स्वीकार कर ली तो शातिर व्यक्ति ने उसके मोबाइल पर एक ऐप डाउनलोड कराई। इसके बाद फोन करने वाले शातिर को उससे संबंधी जानकारी भी शेयर कर दी। ऐसा करने के बाद कुछ ही समय में विजयपाल की बजाय शातिर व्यक्ति उसके मोबाइल को चलाने लगा। उसकी आंखों के सामने ही उसके बैंक खाते से 20-20 हजार रुपये ट्रांसफर कर लिए गए। जब विजयपाल ने शातिर से पैसे कटने का कारण पूछा तो उसे बताया गया कि ये सभी पैसा वापस उसके खाते में आ जाएंगे। इसके बाद विजयपाल के खाते से करीब एक लाख रुपये कट चुक थे। विजयपाल ने बाद में उसी नंबर फोन किया तो वह नंबर बंद मिला। जब उसने पैसे कटने संबंधी बैंक डिटेल निकाली तो उसे अपने साथ हुए फ्रॉड का पता लगा। विजयपाल ने इसकी शिकायत ऑनलाइन पोर्टल पर की। शिकायत के बाद साइबर थाना पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

गाड़ी में आग लगाने वाले 3 युवक गिरफ्तार

गुरुग्राम। घर के निकट खड़ी गाड़ी में आग लगाने के मामले में पुलिस ने 3 युवकों को काबू किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 10 अगस्त को एक व्यक्ति ने पुलिस चौकी मारुति कुंज में शिकायत दी कि कृष्णा कुंज कॉलोनी में उसके घर के नजदीक खड़ी उसकी गाड़ी को किसी अज्ञात द्वारा आग लगाकर जला दिया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर 3 आरोपियों रोहित, संजीत व पवन को गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से बाइक बरामद की गई है।

अलग-अलग मामलों में आरोपियों की गिरफ्तारी

गुरुग्राम। गुरुग्राम पुलिस ने अलग-अलग मामलों में अलग-अलग स्थानों से आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सीआईए फर्रुखनगर ने विक्रम को थाना खेड ी दौला एरिया गांव कांकरौला से 4 पेटी अवैध देशी शराब व सीआईए सैक्टर 39 ने निशी को थाना सैक्टर 65 एरिया रामगढ़ से 3 पेटी 31 पव्वे अवैध देशी शराब सहित काबू किया है। वहीं दूसरी ओर सीआईए फरुखनगर ने पटौदी से सट्टा खेलने व खिलाने वाले व्यक्ति मकसूद को काबू किया है।

आरोपियों को बैंक खाता उपलब्ध कराने वाले 2 आरोपी काबू

गुरुग्राम। टेलीग्राम ऐप पर यूट्यूब बेस्ड टॉस्क पूरा करने के नाम पर रुपए इन्वेस्ट कराकर फ्रॉड करने वाले आरोपियों को बैंक खाता उपलब्ध करने वाले 2 आरोपी पुलिस ने गिरफ्तार किए हैं। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 9 अप्रैल को एक व्यक्ति ने थाना साईबर अपराध पश्चिम में लिखित शिकायत दी कि 25/26 मार्च को टेलीग्राम पर यूट्यूब टास्क पूरा करने के नाम पर रुपए इन्वेस्ट कराकर 42 लाख रुपए का फ्रॉड किया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर 2 आरोपियों किशन व महेंद्र को 29 सितम्बर को काबू कर लिया। आरोपियों से पुलिस पूछताछ में ज्ञात हुआ कि आरोपियों ने कमीशन लेकर अपना बैंक खाता ठगी करने वाले आरोपियों को दिया था। पुलिस द्वारा 27 सितम्बर को इस मामले में 2 मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था, जिन्होंने पुलिस पूछताछ में बताया था कि टेलीग्राम ऐप को माध्यम बनाकर यूट्यूब पर वीडियो लाईक करने के टॉस्क को पूरा करने पर अच्छा मुनाफा कमाने का प्रलोभन देकर पीड़ित को अपने विश्वास में लिया और उससे रुपए इन्वेस्ट करा दिए।

तावडू में नकली पनीर व मावा तथा दूध परोसा जा रहा, प्रशासन मौन

तावडू। शहर व क्षेत्र में दूध से बनने वाली खाद्य वस्तुओं में मिलावट का खेल जोरों पर चल रहा है। जिस कारण क्षेत्रवासियों का स्वास्थ्य बिगड रहा है। लेकिन प्रशासन जान कर अंजान बना हुआ है। क्षेत्रवासी राम मेहर, संदीप कुमार, ठाकुर, मौहम्मद साजिद खान, हमराह, रजनीश, ईमरान खान आदि ने बताया कि यहां की डेयरियों से पनीर और दूध गुरुग्राम और एनसीआर में सप्लाई किया जा रहा है। डेयरियों में बनने वाला दूध और पनीर पाउडर से बनाया जाता है। जोकि स्वास्थ्य के लिए बहुत हानिकारक है। उनका कहना है कि डेयरी संचालकों पर खाद्य सुरक्षा विभाग और मुख्यमंत्री उडनदस्ते ने कई बार कार्रवाई की लेकिन डेयरी संचालकों में कोई डर नहीं है। क्षेत्रवासियों ने ऐसे डेयरी संचालकों पर कडा संज्ञान लेने की मांग की है।

विज्ञान संकाय के 100 विद्यार्थियों को पांच दिवसीय भ्रमण पर किया रवाना

आस मोहम्मद, भरोसा मित्र

नूंह। उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा के कुशल नेतृत्व में जलि के सरकारी स्कूलों में 11वीं कक्षा में विज्ञान संकाय पढ़ने वाले विद्यार्थियों के शैक्षणिक भ्रमण दल शनिवार सुबह जिला सचिवालय से 100 स्कूली बच्चों के साथ रवाना हुआ। जिला शिक्षा अधिकारी परमजीत चहल ने जानकारी देते हुए बताया की शिक्षा विभाग द्वारा सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों को ज्ञानवर्धक जानकारियां देने के लिए ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक पर्यटन स्थलों का भ्रमण करवाया जा रहा है। इसमें जिले के विभिन्न सरकारी स्कूलों के 100 छात्र एवं छात्राओं को 5 दिवसीय शैक्षिणिक भ्रमण करवाया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को अमृतसर में स्वर्ण मंदिर, जलियांवाला बाग, बागा बॉर्डर, साइंस सिटी कपूरथला तथा कुरुक्षेत्र के विभिन्न तीर्थ स्थलों का भ्रमण कर अपने ऐतिहासिक ज्ञान को दुरुस्त किया जायगा । जिसमें कार्यक्रम नोडल अधिकारी रामकिशन आर्य ने हरी झंडी दिखाकर शुभकामनाए के साथ रवाना हुए । आर्य ने बताया की सभी बच्चों को विभाग द्वारा ट्रैक सूट दिए है, वहीं बच्चों के भ्रमण का सारा खर्च शिक्षा विभाग द्वारा वहन किया जायेगा। सरकार द्वारा विज्ञान के बच्चों को साइंस सिटी का भ्रमण उनकी शिक्षा में सहायक होगा ,हर 10 बच्चों के साथ एक शिक्षक की विशेष जिम्मेवारी लगाई गई जो बच्चों को टूर के दौरान सभी जानकारी विस्तार से चर्चा करेंगें। टूर पर जा रही एक छात्रा मुस्कान ने बताया कि में जिंदगी में पहली बार टूर पर जा रही है , हमें नहीं सोचा था कभी अमृतसर जा पाएंगे लेकिन हमारे स्कूल के अध्यापक और सरकार ने ये मेरा सपना पूरा किया।

टूर पर जा रहे भौतिक विज्ञान के प्रवक्ता हरदीप ने बताया की ये विज्ञान के बच्चों का टूर है जिसमे हम साइंस सिटी कपूरथला में जायेगे तो बच्चों को वहां बहुत से एक्सपेरीमेंट और विज्ञान के जीवंत प्रयोगों को सहायक शिक्षक समझाएंगे। भ्रमण के दौरान एस्कॉर्ट शिक्षक में दीपक कुमार, मंजीत वर्मा, हरदीप सिंह, सुशील कुमार, नीतू शर्मा, रमेश कुमारी, सविता यादव, लक्ष्मी सहित हेल्थ केयर शिक्षिका विक्रम खातून को भेजा गया है ।

कार्यक्रम | पीएम मोदी ने 'संकल्प सप्ताह' कायक्रम का किया उद्घाटन

पीएम ने पंचायत और ब्लॉक के प्रतिनिधियों से की चर्चा

देश के आकांक्षी ब्लॉकों के लिए एक हफ्ते तक चलने वाला कार्यक्रम है संकल्प सप्ताह

आस मोहम्मद, भरोसा मित्र

नूंह। आकांक्षी जिला नूंह के लोग जिला सचिवालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भारत मंडपम 'संकल्प सप्ताह' कार्यक्रम को सुनने के लिए पहुंचे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को दिल्ली में स्थित भारत मंडपम में 'संकल्प सप्ताह' कार्यक्रम का उद्घाटन किया। संकल्प सप्ताह देश के आकांक्षी ब्लॉकों के लिए एक हफ्ते तक चलने वाला कार्यक्रम है। 'संकल्प सप्ताह' आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम (एबीपी) के प्रभावी कार्यान्वयन से जुड़ा हुआ है। पीएम मोदी ने इस साल जनवरी में इस कार्यक्रम की शुरुआत की थी। इसका मकसद देश के 329 जिलों के 500 आकांक्षी ब्लॉकों में सुधार करना है। नूंह के कई ब्लॉक आकांक्षी श्रेणी में आते हैं इसीलिए जिले के ब्लॉकों से जुड़े हुए लोगों ने भी पीएम मोदी के इस कार्यक्रम में बढ़-कर कर भाग लिया और कार्यक्रम को सुना। पीएम मोदी ने पंचायत और ब्लॉक स्तर के प्रतिनिधियों के साथ भी चर्चा की। जिले के आकांक्षी ब्लॉकों से कार्यक्रम में आए लोगों ने कहा कि पीएम ने देश के सबसे पिछड़े हुए जिलों को लेकर बात की है। उन्होंने कहा कि यह संकल्प सप्ताह पूरे सप्ताह चलेगा। उन्होंने बताया कि पीएम ने कार्यक्रम में बताया गया कि जो सबसे पिछड़े जिले हैं उनको किस तरह से आगे लाया जाए । प्रधानमंत्री मोदी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम में ग्राम पंचायतों की बहुत बड़ी भूमिका होती है ।ग्राम पंचायत के तेजी से काम करने की वजह से ही ब्लॉक का विकास हो पाता है। पीएम मोदी ने कहा कि आकांक्षी जिला कार्यक्रम ने देश के 112 जिलों में 25 करोड़ लोगों का जीवन बदला है । लोगों के जीवन में सुधार हुआ है । उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि जिस प्रकार आकांक्षी जिला कार्यक्रम सफल हुआ है, उसी प्रकार आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम भी शत-प्रतिशत सफल होगा।

सूचना, जनसम्पर्क एवं भाषा विभाग के तकनीकी सहायक त्रिलोक चंद जांगड़ा हुए सेवानिवृत्त

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र

गुरुग्राम। सूचना, जनसम्पर्क एवं भाषा विभाग के साउंड डिपार्टमेंट गुरुग्राम के तकनीकी सहायक त्रिलोक चंद जांगडा शनिवार को विभाग में अपनी 17 वर्ष की उत्कृष्ट सेवा के उपरांत सेवानिवृत्त हुए। गुरुग्राम कार्यालय में सहकर्मियों द्वारा दी गयी भावुक विदाई में त्रिलोक चंद जांगड़ा ने अपने संबोधन में सहकर्मियों के साथ बिताए प्रमुख पलों को याद करते हुए अपने कार्यकाल में संयुक्त निदेशक (एनसीआर) रणबीर सिंह सांगवान व जिला सूचना एवं जनसपंर्क अधिकारी बिजेन्द्र कुमार द्वारा मिले मार्गदर्शन व सहकर्मियों द्वारा मिले सहयोग के लिए उन्हें धन्यवाद अर्पित किया। त्रिलोक चंद जांगड़ा का सूचना, जनसम्पर्क एवं भाषा विभाग में सेवाकाल वर्ष 2006 में शुरू हुआ था। इससे पूर्व वे 23 साल तक मारुति व एचएमटी संस्थानों में अपनी सेवाएं दे चुके थे। रणबीर सिंह दहिया ने कहा किसी भी व्यक्ति के नौकरी में आने के समय ही उसकी सेवानिवृत्त की तिथि निर्धारती हो जाती है। ऐसे में वो लोग बहुत ही भाग्यशाली होते हैं जो इस तिथि तक निष्कलंक रूप से अपना सेवाकाल पूरा करते है, त्रिलोक शर्मा उन्हीं व्यक्तियों में से एक है जिन्होंने सदैव अपने सौम्य व्यवहार के साथ विभाग द्वारा निर्धारती कर्तव्यों को बखूबी निभाया है। रणबीर सिंह सांगवान ने त्रिलोक चंद जांगड़ा को फूलमाला पहनाकर व शॉल भेंट करने उपरान्त अपने संबोधन में कहा कि किसी भी छोटे से लेकर बड़े आयोजन में साउंड सिस्टम उस कार्यक्रम का प्रमुख केंद्र बिंदु होता है। ऐसे में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की महत्वपूर्ण कड़ी में त्रिलोक चंद जांगड़ा एक कर्मठ अधिकारी रहे हैं। उनका कार्यकाल अन्य सहकर्मियों के लिए सदैव प्रेरणा देने का कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद व्यक्ति की पारिवारिक जीवन में दूसरी पारी की शुरुआत होती है। जिसमें वो अपने परिवार के सदस्यों के साथ उन लम्हों को पुन- जीने का प्रयास करते हैं। जिसमें वो नौकरी में अपनी व्यस्तताओं के चलते शामिल नही हो पाए थे। ऐसे में कल से जीवन का जो भी समय होगा वो आपके निजी विकास का समय होगा।

खबर फटाफट

चूरू से भटककर रेवाड़ी पहुंचे दो बच्चों को पुलिस ने सकुशल परिजनों को सौंपा

रेवाड़ी। पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन के दिशा-निर्देश में कार्य करते हुए बस स्टैंड चौकी पुलिस ने राजस्थान के चुरू के मदरसे से भटककर रेवाड़ी बस स्टैंड पहुंचे दो बच्चों को आपरेशन मुस्कान के तहत उनके परिजनों से संपर्क कर सकुशल उनके हवाले किया गया। दोनों बच्चों के सकुशल मिलने पर परिजनों ने पुलिस का आभार जताया।रेवाड़ी बस स्टैंड चौकी प्रभारी एएसआई विनोद कुमार ने बताया कि नूंह जिले के दो नाबालिग बच्चे राजस्थान के चुरू स्थित मदरसा में पढ़ते है। दोनों चुरू से रेवाड़ी बस स्टैंड पहुंच गए। अनजान जगह पर आने के बाद दोनों बच्चे डर गए और रोने लगे। बस स्टैंड पर दो बच्चों को रोते देख कर पुलिस ने दोनों बच्चों से उनके परिजनों बारे में जानकारी हासिल की। जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने दोनों बच्चों के परिजनों से संपर्क कर दोनों बच्चों को सकुशल परिजनों के हवाले किया गया।

पोस्टर मेकिंग में पल्लवी अव्वल व तन्नु द्वितीय

रेवाड़ी। स्थानीय केएलपी कॉलेज में गणित विभाग द्वारा मैथेमेटिक्स इन टेक्नोलोजी विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डा. दिव्या ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं, विद्यार्थियों की प्रतिभाओं को निखारने का अवसर प्रदान करती हैं। गणित विभाग के विभागाध्यक्ष डा. विकास पोपली ने कहा कि गणित विषय पर इस प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन गणित विषय की असंख्य सम्भावनाओं को समाज कल्याण एवं गणित विषय के वैदिक और तकनीकी ज्ञान को उजागर करने का एक उचित माध्यम है। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कुमारी पल्लवी, द्वितीय स्थान कुमारी तन्नू एवं तृतीय स्थान कुमारी लक्ष्मी ने प्राप्त किया। निर्णायक मण्डल की भूमिका डा. बिन्दु अरोड़ा, मोनिका कुमारी एवं डॉ0 ऋचा शर्मा ने निभाई। प्राचार्य डा. कविता गुप्ता ने विजेताओं को पुरुस्कृत किया।

चेक बाउंस मामले का उद्घोषित आरोपी गिरफ्तार

रेवाड़ी। सेक्टर तीन चौकी पुलिस ने अदालत से उद्घोषित किए गए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान साऊथ न्यू दिल्ली थाना मैदानगढ़ी के भाटीकलां बड़बास निवासी विकास पुत्र कर्मबीर के रूप में हुई है। आरोपी काफी दिनों से चेक बाउंस के मामले में अदालत में पेश नहीं हो रहा था। इसके पश्चात अदालत ने उसे पीओ घोषित कर दिया था। जिस पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना माडल टाऊन में अलग से अभियोग धारा 174 ए आईपीसी के तहत भी अंकित किया गया था। इस मामले में पुलिस ने आरोपी विकास को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत कर न्यायिक हिरासत में भेजा दिया है।

पेटेंट विषय पर ऑनलाइन कार्यशाला का हुआ आयोजन

रेवाड़ी। मीरपुर स्थित इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय के फार्मेसी विभाग ने राजीव गांधी नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी मैनेजमेंट, गवर्नमेंट ऑफ़ इंडिया, नागपुर व इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय पेटेंट सेल के साथ मिलकर ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन किया। जिसका विषय इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइटएस एंड पेटेंट्स और डिजाइन फाइलिंग था।कार्यशाला का शुभारंभ कुलपति प्रो. जेपी यादव तथा फार्मेसी विभाग के विभागाध्यक्ष डा. सुनील कुमार ने किया। डा. सुनील कुमार डायरेक्टर आईपीआर सेल ने मुख्य वक्ता डा. भरत एन सूर्यवंशी, सहायक कंट्रोलर आफ पेटेंट्स और डिजाइनए नागपुर के बारे में विस्तार से परिचित करवाया। वक्ता ने पेटेंट्स उसके डिजाइंस, ट्रेडमार्क, ट्रेड सीक्रेट और पेटेंट्स को कैसे फाइल और अप्लाई करें के बारे में विस्तृत जानकारी दी। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जेपी यादव ने कहा कि शोधार्थी भी सीखे की अपने काम को पेटेंट कैसे करवाएं व शोधार्थियों को पेटेंट कराने के लिए प्रोत्साहित किया। इस कार्यशाला में 300 के करीब प्रतिभागी मौजूद रहे। इस कार्यशाला का कार्यभार डा. स्नेहलता ने किया तथा सभी का धन्यवाद किया।

फसल अवशेष व पराली आपूर्ति श्रृंखला की के लिए आवेदन आमंत्रित

जिला स्तरीय कार्यकारिणी समिति द्वारा किया जाएगा लाभार्थियों का चयन

रेवाड़ी। डीसी राहुल हुड्डा ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा फसल अवशेष के एक्स-सीटू प्रबंधन की महत्ता को ध्यान में रखते हुए फसल अवशेष प्रबंधन योजना 2023-24 के अंतर्गत धान की पराली खरीदकर उपयोग करने वाले उद्योगों को फसल अवशेषों की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए फसल अवशेष एवं पराली आपूर्ति श्रृंखला योजना लागू की जा रही है। योजना के अन्तर्गत ऐसे उद्यमी अपने उद्योग में पराली की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप मोड में कृषि यंत्रों हेतु 3 अक्टूबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इस योजना के तहत आवेदनकर्ता उद्यमी तथा किसान, किसान समूह, ग्रामीण उद्यमी, किसानों की सहकारी समिति, एफ .पी.ओ. व पंचायत के मध्य अनुबंध किया जायेगा।

जिसमें उद्यमी द्वारा किसान के खेतों से पराली, फसल अवशेष की गांठे एकत्रित करके उद्योग में प्रयोग हेतु खरीदी जाएगी।डीसी ने बताया कि एक सीजन में न्यूनतम 3000 मीट्रिक टन फसल अवशेष सप्लाई के लिए 1 करोड़ रुपये तक की मशीनरी खरीदने के लिए परियोजना तैयार करनी होगी। इसी प्रकार न्यूनतम 4500 मीट्रिक टन फसल अवशेष सप्लाई के लिए 1.5 करोड़ रुपये तक की मशीनरी खरीदने के लिए परियोजना तैयार करनी होगी। परियोजना के कुल लागत खर्च का 65 प्रतिशत खर्च सरकार द्वारा 25 प्रतिशत उद्योग द्वारा व 10 प्रतिशत मशीनरी चलाने वाले किसानों की सहकारी समिति एवं एफ.पी.ओ. द्वारा वहन किया जायेगा। एप्लीकेशन ऑफ पैडी स्ट्रो सप्लाई चेन 2023-24 के माध्यम से अपना ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। लाभार्थियों का चयन गठित जिला स्तरीय कार्यकारिणी समिति द्वारा किया जाएगा। योजन के सम्बन्ध में जानकारी हेतु इच्छुक किसान उप कृषि निदेशक अथवा सहायक कृषि अभियन्ता रेवाड़ी के कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

परिवहन मंत्री ने ग्रामीणों से किया सीधा संवाद, सुनी समस्याएं व शिकायतें

धारूहेड़ा में जल्द बनेगा बस स्टैंड : मूलचंद शर्मा

बोले, कतार में खड़े अंतिम व्यक्ति को लाभान्वित करना सरकार का उद्देश्य

भरोसा मित्र ब्यूरो

रेवाड़ी। हरियाणा सरकार में परिवहन एवं खनन मंत्री मूलचंद शर्मा ने घोषणा करते हुए कहा कि रेवाड़ी जिला के कस्बा धारूहेड़ा में जल्द ही बस स्टैंड का निर्माण किया जाएगा, जिसके लिए प्रक्रिया पाइपलाइन में है। रिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा शनिवार को रेवाड़ी विधानसभा क्षेत्र के गांव मसानी में ग्रामीणों से 'जनसंवाद' से करने पहुंचे थे। 'जनसंवाद' कार्यक्रम में नगर पालिका चेयरमैन कंवर सिंह ने परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा के समक्ष धारूहेड़ा में बस स्टैंड के निर्माण की मांग रखते हुए ज्ञापन सौंपा। परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि धारूहेड़ा औद्योगिक क्षेत्र है और बस स्टैंड न होने के कारण यहां के लोगों को कितनी परेशानी होती होगी वे समझ सकते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा धारूहेड़ा में जल्द ही बस स्टैंड का निर्माण करवाकर लोगों का इस समस्या से छुटकारा दिलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिला रेवाड़ी सहित फरीदाबाद, सोनीपत और कुरुक्षेत्र में भी पीपीपी मोड पर नए बस अड्डे बनाए जाएंगे। उन्होंने गांव किशनगढ़ में ग्रामीणों की समस्याएं सुनते हुए कहा कि किशनगढ़ में रविवार से हरियाणा रोडवेज की बस चलनी शुरू हो जाएगी। उन्होंने कहा कि जिन गांवों में परिवहन की सुविधा नहीं है ऐसे गांवों में हरियाणा रोडवेज की बसें चलाई जाएंगी। यत से समाज का हर तबका संतुष्ट है।

परिवहन मंत्री ने जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान मौके पर मौजूद अधिकारियों को ग्रामीणों द्वारा रखी गई समस्याओं व शिकायतों का तत्परता से समाधान कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि लोगों की समस्याओं व शिकायतों का समय पर निपटारा किया जाना चाहिए। अधिकारियों द्वारा हर व्यक्ति की संतुष्टि की जाए। जनसंवाद कार्यक्रम में नागरिकों ने परिवहन मंत्री के समक्ष बिजली पेयजल, रोडवेज बस सुविधा उपलब्ध करवाने व बस स्टैंड शेल्टर सहित अन्य समस्याएं रखीं। जनसंवाद कार्यक्रम में प्रदेश प्रवक्ता वंदना पोपली, पीपीपी के स्टेट कोऑर्डिनेटर सतीश खोला, एसडीएम रेवाड़ी होशियार सिंह, आरटीए गजेंद्र सिंह सहित अनेक प्रशासनिक अधिकारी रहे मौजूद रहे।

देश-प्रदेश में तीसरी बार बनेगी डबल इंजन की सरकार

परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सबकी पार्टी है और नेक नियत से कार्य करने वाली पार्टी है। भाजपा एक परिवार की पार्टी नहीं है। इसमें कोई भी व्यक्ति प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, बीजेपी अध्यक्ष, विधायक व मंत्री बन सकता है। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश में तीसरी बार डबल इंजन की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि देश-प्रदेश की जनता चुनावों में कांग्रेस पार्टी को सबक सिखाएगी और केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी।

जनसंवाद से आसान हुई जनकल्याण की राह

परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने शनिवार को रेवाड़ी विधानसभा के गांव मसानी, हांसाका, मीरपुर, गोकलगढ़ व किशनगढ़ में पहुंचकर ग्रामीणों से सीधा संवाद करते हुए रूबरू हुए और उनकी बिजली, पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं सहित परिवार पहचान पत्र, वृद्धावस्था पेंशन व अन्य शिकायतें व समस्याएं सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही त्वरित समाधान कराने के निर्देश दिए। जनसंवाद कार्यक्रमों में पहुंचने पर ग्रामीणों ने परिवहन मंत्री का पगडि ि व फूल मालाओं से स्वागत अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल के नेतृत्व व मार्गदर्शन में जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जनसंवाद के माध्यम से आमजन अपनी समस्याएं व शिकायतें सीधे तौर पर जन प्रतिनिधियों के माध्यम से सरकार तक पहुंचा सकते हैं। उन्होंने कहा कि जनसंवाद कार्यक्रम से जनकल्याण की राह आसान हुई है। जनसंवाद का उद्देश्य लोगों के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं का समाधान करते हुए उन्हें सुविधाएं प्रदान करना है। सरकार का लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि कतार में खड़े अंतिम व्यक्ति को योजनाओं का लाभ मिले।

सरकार ने प्रदेश में खत्म किया भ्रष्टाचार और पर्ची-खर्ची सिस्टम

खनन मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि हरियाणा की मनोहर सरकार ने प्रदेश से खर्ची-पर्ची का सिस्टम खत्म कर दिया है। प्रदेश सरकार ने योग्य युवाओं को बिना खर्ची-पर्ची के पारदर्शी तरीके से नौकरियां दी हैं, जिसकी बदौलत रेवाड़ी जिला के 4500 युवाओं सहित प्रदेशभर के अन्य जिलों के बेरोजगार युवाओं को उनकी योग्यता के आधार पर नौकरी मिली है। अब नौकरी पाने के लिए किसी के पीछे भागने की जरूरत नहीं है, बल्कि अपने बच्चों को अच्छी अच्छी दिलाओ, ताकि वह अपनी योग्यता से बलबूते स्वयं ही नौकरी प्राप्त कर सके। उन्होंने कहा कि सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन का काम किया है। अब परिवार पहचान-पत्र के माध्यम से लोगों को राशन कार्ड, बुढ़ापा पैंशन, चिरायु कार्ड सहित अनेक योजनाओं का लाभ स्वत- ही सीधे तौर पर मिल रहा है। सरकार ने सरकारी कार्यों में भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाकर बिचौलियों का धंधा बंद कर दिया है। उन्होंने कहा कि विपक्ष को प्रदेश के हाईवे देखने चाहिए। प्रदेश में दो दर्जन हाईवे हैं।

40 फुट ऊंचे फ्लाईओवर से नीचे गिरा टाइलों से भरा ट्राला

बाल-बाल बचा चालक

सर्विस रोड़ पर कोई नहीं होने के कारण बड़ा हादसा टला

भरोसा मित्र ब्यूरो

रेवाड़ी। दिल्ली-जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर कसोला चौक के निकट जयपुर से दिल्ली की ओर जा रहा टाइलों से भरा एक ट्राला अनियंत्रित होकर फ्लाईओवर करीब 40 फुट की ऊंचाई से असंतुलित होकर नीचे सर्विस रोड़ पर आ गिरा। गनीमत रही कि हादसे में ट्राला चालक बाल-बाल बच गया। गनीमत रही कि हादसे के समय सर्विस रोड़ पर कोई नहीं था, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। चालक को ट्राला से निकालकर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार राजस्थान के अजमेर जिले के किशनगढ़ निवासी चालक कैलाश गुजरात से ट्राले में टाइलें भरकर दिल्ली जा रहा था। शनिवार सुबह जब वह एनएच-48 पर असाही फ्लाईओवर से गुजर रहा था तो उसके आगे चल रहे एक वाहन ने अचानक ब्रेक लगा दिए। जिसके चलते कैलाश ने भी ट्राले के अचानक

ब्रेक लगा दिए। ट्राले में वजन अधिक होने के कारण ट्राला असंतुलित होकर पुल से सर्विस रोड़ पर नीचे जा गिरा। तेज धमाके के साथ गिरे ट्राला के कारण आसपास के लोग मौके पर एकत्रित हो गए। पुल से नीचे गिरने के कारण ट्राला पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने चालक को ट्राले से बाहर निकलवाकर तुरंत अस्पताल पहुंचवाया। उसके उपरांत क्रेन की सहायता से ट्राला तथा टाइलों को भी सर्विस रोड से हटवाया गया। चालक की हालत खतरे से बाहर बताई गई है।

पूर्व मुख्यमंत्री व केंद्रीय मंत्री रहे राव बिरेंद्र सिंह की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि देने वालों का लगा तांता

पूर्व सीएम के छोटे पुत्र पूर्व विधायक यादुवेंद्र सिंह के नेतृत्व में परिवारजनों व समर्थकों ने हवन में डाली आहुति

स्व. राव बीरेंद्र सिंह का सम्पूर्ण जीवन देश और समाज सेवा को समर्पित रहा: ओमप्रकाश यादव

भरोसा मित्र ब्यूरो

रेवाड़ी। पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय मंत्री रहे राव बिरेंद्र सिंह की पुण्यतिथि पर नारनौल रोड़ स्थित उनकी समाधि स्थल पर सामाजि न्याय व अधिकारिता मत्री ओमप्रकाश यादव सहित भारी संख्या में नेताओं व समर्थकों ने पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। उनके छोटे पुत्र पूर्व विधायक राव यादुवेंद्र सिंह के नेतृत्व में समाधि स्थल पर हवन का आयोजन किया गया। जिसमे पारिवारिक सदस्यों के अलावा भारी संख्या में समर्थकों ने भाग लेकर राव बिरेंद्र सिंह को नमन किया।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओमप्रकाश यादव ने समाधि स्थल पर पहुंचकर राव बिरेंद्र सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया। उन्होंने कहा कि स्व. राव बीरेंद्र सिंह का सम्पूर्ण जीवन देश और समाज सेवा को समर्पित रहा। उनके आदर्शवादी विचार हमें सदैव जनसेवा के लिए प्रेरित करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि राव बीरेंद्र सिंह किसानों, मजदूरों व गरीबों के सच्चे हितैषी थे और जीवन पर्यंत इनके हकों के लिए लड़े और इनकी आवाज को बुलंद किया। उधर पूर्व मुख्यमंत्री राव बिरेंद्र सिंह के छोटे पुत्र पूर्व विधायक राव यादुवेंद्र सिंह ने समाधि स्थल पहुंचकर सर्वप्रथम अपने पिता राव बिरेंद्र सिंह के चित्र व समाधिस्थल पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसके उपरांत समाधि स्थल पर परिवारजनों सहित हवन में भाग लेकर आहुतियां दी। उनके आवास पर प्रसाद वितरण का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इस दौरान काफी संख्या में उनके समर्थक मौजूद रहे।

निजी चैरिटेबल ट्रस्ट बनाकर समाज को किया जा रहा गुमराह, जल्द कराएं जाएंगे चुनाव : वीर सिंह

चौ. दौलतराम-360 की अध्यक्षता में हुई प्रजापति समाज की बैठक

भरोसा मित्र ब्यूरो

रेवाड़ी। प्रजापति समाज की बैठक चौ. दौलत राम-360 की अध्यक्षता में प्रजापति धर्मशाला बीकानेर में आयोजित की गई। जिसमें मुख्य एजेंडा संस्था का रजिस्ट्रेशन व चुनाव करवाना था। बैठक में प्रजापति समाज के रोशन लाल ठेकेदार व केके बंसीवाल ने बताया कि प्रजापति समाज का नया रजिस्ट्रेशन शीघ्र कराकर उसके बाद वोट बनाई जाएगी। इसके उपरांत समाज के प्रधान पद के लिए चुनाव कराए जाएंगे। बैठक में

श्रीराम थानेदार, ओमप्रकाश रिटायर्ड रीजनल मैनेजर, दिनेश कुमार एडवोकेट, धर्मवीर, महेंद्र सिंह, संजय प्रधान, रणजीत सिंह बागोरिया आदि ने कहा कि प्रजापति समाज का चुनाव अति शीघ्र होना चाहिए और समाज के उस व्यक्ति को प्रधान बनाया जाए, जो समाज को समय दे सके। साफ छवि का हो, किसी में कोई भेदभाव ना करता हो। इस मौके पर पूर्व प्रधान वीर सिंह ने कहा कि समाज के कुछ लोग एक निजी चैरिटेबल ट्रस्ट बनाकर समाज को गुमराह कर रहे हैं। पुराने कार्यकर्ताओं की सक्रियता के चलते और उनके कार्यकाल के दौरान जो कार्य किया, उनको देखते हुए उनकी लोकप्रियता से डरकर विरोधी गुट समाज का चुनाव नहीं चाहता। पहले यही लोग समाज में चुनाव न होने पर हो-हल्ला मचा रहे थे। बैठक में समाज के गणमान्य लोगों ने एक स्वर में कहा कि समाज के चुनाव होने चाहिए और जो लोग चुनाव नहीं चाहते, विरोध करते हैं, समाज के चुनाव का समय आने पर उनको भी सबक सिखाया जाएगा। बैठक में लक्ष्मी राम, मूलचंद, करतार, धर्मेंद्र, कृष्ण कुमार, राकेश कुमार, बुधराम, धर्मवीर, मंगतराम, महेंद्र सिंह, तेजराम सहित समाज के अनेक लोग उपस्थित रहे।

शांति मार्च निकालकर दिया शांति का संदेश, सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने के लिए किया प्रेरित

भरोसा मित्र ब्यूरो

रेवाड़ी। हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश रेवाड़ी व चेयरमैन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रेवाड़ी विमल कुमार के मार्गदर्शन में व मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रेवाड़ी वर्षा जैन के नेतृत्व में शनिवार को गांधी जयंती के उपलक्ष्य में एक शांति रैली का आयोजन किया गया। जो जिला वैकल्पिक समाधान केंद्र (एडीआर) से चलकर नेहरू पार्क तक की गई। इसमें रेवाड़ी से चार मुख्य स्कूलों के बच्चों ने भाग लिया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से पैरा लीगल वालंटियर व पैनल अधिवक्ता उपस्थित थे। शांति मार्च में सभी बच्चों के हाथों में गांधी जी के कहे हुए नियमों के स्लोगन बैनर थे जिससे वो एक तरह से लोगों को उनके कहे हुए नियमों पर चलने के लिए प्रेरित कर रहे थे। इस शांति मार्च में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश विमल कुमार ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। उन्होंने उपस्थित सभी बच्चों को, पैरा लीगल वॉलिंटियर्स को व अधिवक्ताओं को महात्मा गांधी द्वारा दिए गए संदेशों को बताया तथा सभी को सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश विमल कुमार जी ने स्वच्छ भारत

अभियान को सफल बनाने के लिए श्रमदान किया तथा साथ में उन्होंने सफाई कर्मचारियों को अपने शहर गांव तथा अपने मोहल्ले को स्वच्छ बनाने में भर्षक प्रयास करने के लिए उनको जागरूक किया । शांति रैली व स्वच्छता के लिए किए गए श्रमदान के दौरान जिला रेवाड़ी से स्वच्छ भारत अभियान के एंबेसडर प्रियंका यादव भी उपस्थित रहे। जिन्होंने सफाई कर्मचारियों के साथ सहयोग करके जिला न्यायालय के पास नए वकीलों के चैंबरों के आसपास के क्षेत्र की सफाई में विशेष योगदान दिया तथा सभी लोगों को स्वच्छता के लिए प्रेरित किया। f

कार्यक्रम

पीएम ने किया 'संकल्प सप्ताह' कार्यक्रम व एबीपी पोर्टल का शुभारंभ

संकल्प से सिद्धि प्राप्त करना है कार्यक्रम का मकसद

जिले के खंड नाहड़ में एस्पिरेशनल ब्लॉक प्रोग्राम (एबीपी) के तहत करवाए जाएंगे विकास कार्य

भरोसा मित्र ब्यूरो

रेवाड़ी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को दिल्ली स्थित भारत मंडपम से 'संकल्प सप्ताह' कार्यक्रम का शुभारंभ किया। 'संकल्प सप्ताह' खंडों के विकास को समर्पित एक सप्ताह तक चलने वाला महत्वकांक्षी कार्यक्रम है, जिसका मकसद संकल्प से सिद्धि प्राप्त करते हुए देश के विभिन्न जिलों के आकांक्षी ब्लॉकों में चंहुमुखी सुधार करना है। रेवाड़ी जिला के नाहड़ खंड को प्रोग्राम में शामिल किया गया है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने

इस प्रकार है 'संकल्प सप्ताह' की थीम

पहला दिन ः संपूर्ण स्वास्थ्य, दूसरा दिन ः सुपोषित परिवार, तीसरा दिन ः स्वच्छता, चौथा दिन ः कृषि, पांचवा दिन ः शिक्षा, छठा दिन समृद्धि दिवस। 'संकल्प सप्ताह' का अंतिम दिन 9 अक्टूबर, 2023 को 'संकल्प सप्ताह-समावेश समारोह' के रूप में आयोजित किया जाएगा। यह उत्सव पूरे सप्ताह के दौरान की गई कड़ी मेहनत, समर्पण और प्रगति को मान्यता और सम्मान देगा। यह नागरिकों के जीवन पर आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम और 'संकल्प सप्ताह' के सकारात्मक प्रभाव को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच के रूप में काम करेगा। इस अवसर पर सीएमओ डा. सुरेंद्र यादव सहित संबंधित विभागों के अधिकारी व प्रतिनिधि मौजूद रहे।

आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्राम पंचायतों की बहुत बड़ी भूमिका

डीडीपीओ एचपी बंसल ने कहा कि सरकार की ओर से शुरू किया गया यह कार्यक्रम खंडों के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्राम पंचायतों की बहुत बड़ी भूमिका रहने वाली है। ग्राम पंचायतों द्वारा तेजी से काम करने की वजह से ही खंडों का विकास होगा। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम भविष्य के भारत के लिए अहम है। इसमें संकल्प से सिद्धि तक की बातें हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से शुरू किए गए एस्पिरेशनल ब्लॉक प्रोग्राम (एबीपी) का उद्देश्य विभिन्न विकास मानकों पर पिछड़े ब्लॉकों के प्रदर्शन में सुधार करना है।

एस्पिरेशनल ब्लॉक प्रोग्राम (एबीपी) पोर्टल भी लांच किया। 'संकल्प सप्ताह' कार्यक्रम का लघु सचिवालय स्थित सभागार में प्रसारण दिखाया गया। जिला प्रशासन की ओर से डीडीपीओ एचपी बसंल व अन्य अधिकारियों ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से इस कार्यक्रम से जुडे र प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संबोधन सुना। 'संकल्प सप्ताह' एस्पिरेशनल ब्लॉक्स प्रोग्राम 3 अक्टूबर से 9 अक्टूबर, 2023 तक सभी आकांक्षी ब्लॉकों में मनाया जाएगा। इस सप्ताह भर के कार्यक्रम के दौरान प्रत्येक दिन एक विशिष्ट विकास विषय के लिए समर्पित होगा, जो सुधार के प्रमुख क्षेत्रों पर केंद्रित प्रयासों को बढ़ावा देगा।

महिला से छेड़छाड़ के आरोपी को दो साल की कैद

भरोसा मित्र ब्यूरो

रेवाड़ी। वर्ष 2021 में जाटूसाना थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला के साथ छेड़छाड़ करने के आरोपी को दोषी करार देते हुए अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश सरताज बासवाना की अदालत ने दो साल की जेल व 5 हजार रुपये जुर्माना की सजा सुनाई है। जुर्माना नहीं भरने पर दोषी को तीन माह की अतिरिक्त जेल की सजा भुगतनी होगी।

जानकारी के अनुसार थाना जाटूसाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने अपनी शिकायत में बताया कि 31 अगस्त 2021 की शाम को वह अपने घर पर थी। उसके पति उपचार के लिए जयपुर गए हुए थे। शाम को उसका देवर घर पर आया और पीने के लिए पानी मांगा। वह पानी लेने गई तो आरोपी ने उसका हाथ पकड़ लिया और जबरदस्ती उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोपी ने किसी को भी इस बारे में बताने पर जान से मारने की धमकी दी।

जिस पर थाना जाटूसाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था। जांच के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अदालत में चालान पेश किया गया। जिस पर अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश सरताज बासवाना की अदालत ने आरोपी को छेड़छाड़ का दोषी करार देते हुए दो साल की जेल व 5 हजार रुपये जुर्माना की सजा सुनाई है।

खबर फटाफट

महात्मा गांधी जयंती पर रक्तदान कैंप व स्वास्थ्य जांच शिविर

नारनौल। उपायुक्त एवं जिला रेडक्रॉस समिति के अध्यक्षा मोनिका गुप्ता के मार्गदर्शन में महात्मा गांधी जयंती के उपलक्ष में 2 अक्टूबर को नियर बस स्टैंड चाणक्य एकेडमी में रक्तदान कैंप व स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओम प्रकाश यादव मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत कर कैंप का शुभारंभ करेंगे। यह जानकारी देते हुए जिला रेडक्रॉस समिति के सचिव महेश गुप्ता ने बताया कि हरियाणा उदय कार्यक्रम के तहत चाणक्य एकेडमी के निदेशक गगन यादव, चेयरमैन किशन सिंह, चाणक्य एकेडमी से सुभाष लाठर के संयुक्त तत्वाधान में 2 अक्टूबर को स्वैच्छिक रक्तदान कैंप व स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि रेडक्रास की ओर से समय-समय पर स्वैच्छिक रक्तदान कैम्पों का आयोजन किया जाता रहता है।

जाट सेवा संघ की बैठक कल नांगल चौधरी में

नारनौल। अखिल भारतीय जाट आरक्षण संघर्ष समिति एवं जाट सेवा संघ जिला महेंद्रगढ़ की बैठक कल 2 अक्टूबर सोमवार को सुबह 11 बजे बहरोड़ रोड पर स्तिथ जाट धर्मशाला में होगी। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रताप सिंह दहिया करेंगे। राष्ट्रीय सचिव हजारीलाल लम्बोरा व् प्रदेश अध्यक्ष गंगा राम श्योराण उपस्थित रहेंगे। जिला प्रधान नवनीत सिंह ढिल्लो ने बताया की बैठक में चौधरी छोटू राम धाम के निर्माण से संबंधित व समाज के उत्थान व विशेष रूप से युवाओं को मार्ग दर्शन व भविष्य के बारे में विचार-विमर्श किया जाएगा।

सिहमा के कविंद्र यादव ने पास की एनडीए की परीक्षा

नारनौल। खंड सिहमा के कविंद्र यादव पुत्र सुनील कुमार ने एनडीए की परीक्षा पास करके गांव सिहमा का नाम रोशन किया। एनडीए की परीक्षा पास करने के बाद कविंद्र यादव ने कहा कि यह परीक्षा यूपीएससी द्वारा साल में दो बार करवाई जाती है इसी साल अप्रैल व सितंबर में हुई दोनों परीक्षा पास की है?। मेरा सबसे बड़ा सौभाग्य है कि में बाबा खेतानाथ की पवित्र भूमि में मेरा जन्म हुआ। मैंने इस परीक्षा के लिए 12 से 16 घंटा तक पढ़ाई की है। यदि विद्यार्थी अपना लक्ष्य मानकर कड़ी मेहनत करें तो हर परीक्षा मुश्किल नहीं है। मेरी इस सफलता के पीछे मेरे दादा ,माता-पिता, चाचा-चाची व गुरुओं का योगदान है। भविष्य में आगे चलकर सिहमा का नाम रोशन करुंगा।

आरपीएस में हिन्दी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित

नारनौल। हिन्दी पखवाड़े के अंतर्गत आरपीएस पब्लिक सीनियर सेकेण्डरी स्कूल सुराना में शनिवार को एक अंतर्सदनीय हिन्दी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें चारों सदन श्रीनिवासन रामानुजन, डा. अब्दुल कलाम, कल्पना चावला और मदर टेरेसा सदन की टीमों ने प्रतिभागिता की। प्राचार्य बाबूलाल यादव, डीन जयप्रकाश यादव, उपप्राचार्य सुनील कुमार, कॉर्डिनेटर रवीन्द्र सिंह पहल, टीजीटी हैड राजेश कुमारी और प्राइमरी हैड मीनाक्षी देवी ने मां सरस्वती के समक्ष पुष्प अर्पित करके प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता को पांच सोपानों में विभाजित किया गया। प्रथम क्षितिज सोपान, द्वितीय पाणिनी सोपान, तृतीय छायाचित्र सोपान, चतुर्थ कथन-परिचय तथा अंतिम सोपान द्रुत गति सोपान का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में श्रीनिवासन रामानुजन एवं डॉ अब्दुल कलाम टीम संयुक्त रूप से विजेता रही। मदर टेरेसा टीम उपविजेता बनी तथा कल्पना चावला टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के समापन पर प्राचार्य बाबूलाल यादव, डीन जयप्रकाश यादव, उपप्राचार्य सुनील कुमार, कॉर्डिनेटर रवीन्द्र सिंह पहल तथा कोंचिग हैड निश्छल खन्ना ने विजेता एवं उपविजेता टीमों के साथ-साथ सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। डीन जयप्रकाश यादव ने प्रतिभागियों को बधाई देते हुए हिन्दी भाषा के महत्व पर प्रकाश डाला। उपप्राचार्य सुनील कुमार, कॉर्डिनेटर रवीन्द्र सिंह पहल तथा कोचिंग हैड निश्छल खन्ना ने भी सभी प्रतिभागियों को बधाई देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

छात्रा के साथ अभद्र व्यवहार करने वाले की नहीं हुई गिरफ्तारी

नारनौल। अटेली थाना अंतर्गत गांव बिहाली की एक लडक़ी के साथ एक माह पूर्व अभद्र व्यवहार करने वाले की नामजद की अभी तक गिरफ्तारी नहीं होने पर पीड़िता के पिता ने पुलिस अधीक्षक से मिल कर न्याय की गुहार लगाई है। अटेली कॉलेज में पढने् वाली एक छात्रा जब अपने घर पर जा रही थी तो एक युवक ने उसके साथ छेडख़ानी क रने पर उसके खिलाफ अटेली पुलिस ने 28 अगस्त को छेडख़ानी करने सहित विभिन्न धाराओं के तहत 240 नंबर मामला दर्ज किया था।

पीड़िता के पिता ने बताया कि घटना तथा मामला दर्ज होने के एक माह बाद भी नामजदों के खिलाफ अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। पुलिस अधीक्षक के दिये पत्र में कहा है कि पुलिस छात्राओं व महिलाओं के साथ छेडख़ानी व अभद्र करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का दावा करती है, लेकिन मामला दर्ज के एक माह बाद भी नामजद की गिरफ्तारी नहीं हुई है। पीड़िता के पिता ने बताया कि पुलिस अधीक्षक ने उसकी पीड़ा को सुन कर संबंधित थाना अध्यक्ष को इस मामले में त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए है।

सेवानिवृत्त समारोह में मंत्री ने बुनियाद लैब का किया उद्घाटन

मंत्री बोले, शिक्षा के क्षेत्र में मोरवाल का बड़ा यागदान

मोरवाल के शिक्षा के क्षेत्र में किए गए कार्य को सदा याद किया जाएगा: ओम प्रकाश यादव

मंत्री ने इनाम के रूप में छात्रों को दिए 25 हजार रुपए

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

नारनौल। राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शनिवार को विद्यालय प्राचार्य ओम प्रकाश मोरवाल के सेवानिवृत्ति के अवसर पर सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रदेश के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओम प्रकाश यादव मुख्यातिथि थे। कार्यक्रम में पहुंचे मंत्री ओम प्रकाश यादव ने स्कूल प्रांगण में मां सरस्वती की मूर्ति का अनावरण किया साथ ही विद्यालय परिसर में बुनियाद लैब का भी उद्घाटन किया। मंत्री ओम प्रकाश यादव ने कहा की बुनियाद लैब में लोगों को शिक्षा प्राप्त करने में सहयोग मिलेगा। इस मौके पर मंत्री ओम प्रकाश यादव ने कहा कि राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य ओमप्रकाश मोरवाल आज अपनी सेवाए पूरी करके सेवा निवृत हो रहे हैं। शिक्षा के क्षेत्र में ओमप्रकाश मोरवाल का बहुत बड़ा

योगदान रहा है इन्होंने अपने सेवा काल के दौरान शिक्षा के क्षेत्र में किए गए कार्य का सर्वत्र प्रशंसा हो रही है। इन्होंने अपने सेवा काल में एक अच्छे शिक्षक की भूमिका निभाई। जिसकी बदौलत से अनेक छात्र-छात्राएं शिक्षा ग्रहण कर शिक्षण व अन्य क्षेत्रों में सेवाएं दें रहे हैं। उन्होंने कहा कि बेशक ओमप्रकाश मोरवाल सेवा निवृत हो गए हो लेकिन शिक्षा के क्षेत्र में उनका योगदान इस विद्यालय के साथ-साथ अन्य विद्यालयों एक अच्छे समाज के निर्माण में भी मिलता रहेगा।

ओम प्रकाश यादव ने क्षेत्र में उत्कृष्ट स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को अपनी तरफ से 25 हजार रुपए के ईनाम के रूप में दिए। कार्यक्रम के दौरान शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले छात्र-छात्राओं को मुख्यातिथि ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। सेवानिवृत्ति कार्यक्रम में स्कूली छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति व अन्य मनमोहन प्रस्तुतियां प्रस्तुत की। इस मौके पर ओमप्रकाश मोरवाल को स्टाफ की तरफ से सम्मानित किया गया। इस मौके पर नांगल चौधरी के विधायक डा. अभय सिंह यादव ने भी कार्यक्रम में भाग लेकर ओमप्रकाश मोरवाल द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए गए कार्य की सराहना की। इस मौके पर डीईओ सुनील दत्त डीईईओ अशोक कुमार विद्यालय स्टाफ के लोगों के अलावा ओमप्रकाश मोरवाल के परिजन व रिश्तेदार मौजूद थे।

महात्मा गांधी जी के स्वच्छ भारत के सपने का साकार करने में अपना सहयोग दें : मोरवाल

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

नारनौल। केंद्रीय संचार ब्यूरो भारत सरकार सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के क्षेत्रीय कार्यालय नारनौल की ओर से आज स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नारनौल में स्वच्छता पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर छात्रों ने श्रमदान किया व स्वच्छता की शपथ ली। इस मौके पर प्राचार्य ओमप्रकाश मोरवाल ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता के प्रति श्रमदान कर महात्मा गांधी जी के स्वच्छ भारत के सपने का साकार करने में अपना सहयोग दें व लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें। कार्यक्रम में वरिष्ठ लेक्चरर गजानन ने भी छात्रों को स्वच्छ भारत मिशन के उद्देश्यों के बारे में बताया। इस मौके पर विभाग के प्रवक्ता राजेश अरोड़ा ने कहा कि हम सभी को अपने आसपास के क्षेत्र की साफ सफाई रखनी चाहिए। मेरी माटी मेरा देश

केंद्रीय संचार ब्यूरो भारत सरकार सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के क्षेत्रीय कार्यालय नारनौल की ओर से आज राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में स्वच्छता ही सेवा व मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत अमृत कलश यात्रा व स्वच्छता संबंधी रैली का आयोजन किया गया। इस मौके पर स्कूल प्राचार्या शीला कुमारी ने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए स्वच्छ भारत अभियान के उद्देश्यों के संबंध में जागरूक किया। इस अवसर पर छात्राओं को रिफ्रेशमेंट भी दी गई। इस अवसर पर नेहरू युवा केंद्र से महेंद्र सिंह व हेमंत कुमार मौजूद थे।

रक्तदान में महत्वपूर्ण योगदान करने पर सिकंदर गहली सम्मानित

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

नारनौल। राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदाता दिवस पर यूथ रेडक्रास एमडीयू रोहतक की ओर से रक्तदाता सिकंदर गहली को प्रमुख रूप से सम्मानित किया गया है। सिकंदर गहली जननायक जनता पार्टी के जिला प्रवक्ता हैं और वह पार्टी की राजनीतिक ही नहीं, सामाजिक गतिविधियों को भी बढ़-चढक़र चलाते रहते हैं। इसी कड़ी में वह हर साल जेजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. अजय सिंह चौटाला के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर लगाने के साथ ही अन्य मौकों पर भी रक्तदान करते रहते हैं। उनके द्वारा लगाए गए रक्तदान शिविरों में अब तक लगभग 3400 यूनिट रक्त एकत्रित कर जरूरतमंदों की सेवा में अर्पित किया जा चुका है। उनकी इन्हीं सामाजिक गतिविधियों को देखते हुए रेडक्रॉस सोसायटी हरियाणा ने उन्हें सम्मानित किया है। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक के टेगौर ऑडिटोरियम में स्टेट लेवल पर आयोजित कार्यक्रम में उन्हें सम्मानित किया गया है। इस कार्यक्रम में प्रदेशभर से अनेक सैक्रेट्री रेडक्रॉस, ब्लड बैंक इंचार्ज, विश्वविद्यालयों के उपकुलपति, प्रोफेसर एवं प्रदेश की सामाजिक संस्थाओं ने हिस्सा लिया। सिकंदर गहली को यह सम्मान एमडीयू रोहतक के उपकुलपति प्रोफेसर राजबीर सिंह के हाथों नवाजा गया। सामाजिक कार्यों में बढ़-चढक़र हिस्सा लेने वाले सिकंदर गहली पौधारोपण एवं गो-सेवा में भी सक्रिय योगदान देते रहते हैं। इस मौके पर एमडीयू के उपकुलपति प्रोफेसर राजबीर सिंह ने उनका उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि समाज को ऐसे प्रेरक युवाओं की आवश्यकता है। जब युवा समाज एवं राष्ट्र के उत्थान एवं विकास में योगदान स्वेच्छा से योगदान देने लगें, उस समाज व राष्ट्र को सशक्त बनने से कोई नहीं रोक सकता। इस मौके पर पंडाल में मौजूद गणमान्य लोगों ने तालियां बजाकर उनका हौसला बढ़ाया। इस कार्यक्रम प्रदेशभर से विभिन्न सामाजिक संस्थाएं एवं रक्तदाता आए हुए थे, जिनको भी सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम यूथ रेडक्रॉस एमडीयू रोहतक, पंडित भगवत दयाल शर्मा यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज रोहतक तथा इंडियन सोसायटी ऑफ ब्लड ट्रांसफ्यूजन एंड इम्यूनोहैमोटलोजी हरियाणा की ओर से संयुक्त रूप से आयोजित किया गया था।

किसान संगोष्ठी में 12 गांवों के 172 किसानों ने लिया हिस्सा

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

नारनौल। शनिवार को उप मंडल के गांव पौता में किसान संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें 12 से अधिक गांवों के 172 किसानों ने भाग लिया। कार्यक्रम में किसानों को नुजिविडू सीड्स कम्पनी द्वारा सरसों का बीज निश्शुल्क दिया गया। इस दौरान जैविक विधि से खेती करने वाले किसानों को सम्मानित किया गया। किसानों को कृषि संबंधित जानकारी एमडीओ मनोज कुमार, कम्पनी आरएम सोमवीर यादव, डीआरएम रजत पांडे, एएसएम शिवप्रकाश चौधरी ने उपलब्ध करवाई। एसडीओ मनोज कुमार ने किसानों को उत्तम कृषि करने एवं अधिक लाभ प्राप्त करने के तरीके बताएं। आरएम सोमवीर यादव ने किसानों से बुआई की जाने वाली सरसों की फसल पर बात करते हुए नुजिविडू सीड्स कम्पनी के सर्वोत्तम बीज जोरदार- 90एम01 के लाभ बताएं। उन्होंने सरसों के बारे में बताया कि जोरदार सरसों में सर्दी की मार नहीं आती है और पोलियो रोग बिल्कुल भी नहीं आता है। वहीं पिछले वर्ष क्षेत्र में जोरदार सरसों लगाके सर्वाधिक उपज प्राप्त करने वाले किसान मुरारी लाल गांव जांट, सुबेसिंह गांव पोता, रामनिवास गांव नौताना को चांदी के सिक्के भेंटकर सम्मानित किया।

किसान गोष्ठी में सैंकड़ों किसानों उपस्थिति थे।

कविता हृदय-उद्गारों की सुंदर अभिव्यक्ति: डा. जितेंद्र

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

नारनौल। हिंदी पखवाड़ा समापन अवसर पर पीएम राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अटेली में प्राचार्य कुसुमलता यादव की अध्यक्षता में बाल कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ खण्ड शिक्षा अधिकारी डा. देवेन्द्र हरित ने मां सरस्वती समक्ष द्वीप प्रज्ज्वलन कर किया। समारोह में राज्य शिक्षक पुरस्कार प्राप्त डा. जितेन्द्र भारद्वाज मुख्यातिथि रहे। प्राचार्य राजेश सैनी तथा मुख्याध्यापक अनूप सिंह यादव व प्रो. अनिल कालिया ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम का संचालन कवि गीतकार डा. सीएस वर्मा प्रभाकर ने किया। मुख्यातिथि डा. भारद्वाज ने कहा कि कविता हृदय के उद्गारों की सुंदर अभिव्यक्ति है। साहित्य हमें जीवन के प्रति संवेदनशील बनाता है और हमारा बौद्धिक विकास करता है। प्राचार्य कुसुम ने कहा कि इस प्रकार के साहित्यिक कार्यक्रमों से बाल प्रतिभाओं को अवसर की प्राप्ति होती है और उनकी प्रतिभा में निखार आता है। बाल कवि सम्मेलन का आगाज कवयित्री सविता शर्मा ने किया। कार्यक्रम में भारती, लक्षिता, मेघा, समीक्षा, प्रीति, प्रतिभा, सिया, सोनी, सोमवती, आरती व इंदू सहित कवि गीतकार डॉ सी एस वर्मा, प्रवक्ता नवरत्न, पूजा यादव एवं कर्ण सिंह ने भी अपनी काव्य प्रस्तुति प्रदान की। पठन वर्धन, पोषण माह तथा हिंदी पखवाड़ा के अंतर्गत संपन्न हुई सुलेख एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं के विजेता छात्रों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डा. राजेंद्र सिंह, दलीप कुमार, शर्मिला यादव, वीना आनंद, इंद्रजीत यादव, हनुमान सैनी, दिनेश रोहिल्ला, राजेश कुमार, पिंकी कुमारी, विजय सिंह सैनी, रंजन कौर, उमलेश कुमारी, एस एम सी प्रधान कमलेश मनीषा शर्मा, मंजुबाला, मुकेश कुमार, रेखा व संगीता सहित समस्त स्टाफ भी मौजूद रहा।

बाबा शिवनाथ खेड़ी मेले में कुश्ती दंगल आयोजित

31 हजार की कुश्ती संजय जैलाफ व विक्रम कोट के बीच बराबरी पर छूटी

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

नारनौल। श्री श्री 1008 बाबा शिवनाथ का मेला ग्राम खेड़ी में धार्मिक व हर्षोल्लास के साथ भरा। मेले में बाबा का देशी घी का भंडारा, सत्संग के अलावा कुश्ती दंगल का आयोजन हुआ। कुश्ती दंगल में पहलवानों ने अपना जोर अजमाईश दिखाया। मेले में 51 रुपए से लेकर 31 हजार रुपए तक की कुश्ती करवाने के साथ ही 37 कुश्ती 2100 रुपए की करवाई गई। बाबा शिवनाथ के स्थान पर दूर-दराज के श्रद्धालुओं ने मिन्नौती चढ़ाई। गांव क सरपंच सत्यनारायण, मेला कमेटी प्रधान रमेश यादव, उप सरपंच हेमराज सिंह पूर्व पार्षद अश्वनी सहित कमेटी सदस्यों ने विजेता खिलाडिय़ों को पुरस्कृत किया। 31 हजार की कुश्ती संजय जैलाफ व विक्रम कोट के बीच बराबरी पर छूटी। इसके अलावा 11 हजार रुपए की कुश्ती रोहित लाडपुर व चिराग गोदड़ी, रेशम बाघौत व कड़ोली के वीना पहलवान, मोनू निंबली व मानोठी के स्वरूप सिंह पहलवानों के बीच बराबरी पर छूटी। मेला कमेटी सदस्यों ने बराबरी पर छूटने वाले पहलवानों को भी कुश्ती के अनुसार सम्मान जनक प्रोत्साहन राशि से पुरस्कृत किया। मेले में भंडारा कर्ता सूबेदार मेजर शायर सिंह योगीराज की तरफ से दिन से रात्रि तक चलता रहा। गांव के सरपंच सत्यनारायण ने कहा कि उनका गांव ग्रामीण क्षेत्र में छुपी हुई प्रतिभाओं को सामने लाने के लिए लंबे समय कुश्ती दंगल करवा रहा है। खेलों सें युवाओं को शारीरिक विकास के साथ मानसिक विकास होता है। मेले में कामड़ा कुश्ती 31 हजार रुपए जेडी बाबू जी ब्रॉदर ऑफ सतबीर सिंह यादव सुपरिंटेंडेंट की तरफ हुई। कैप्टन नानक सिंह ने मेले कमेंट्री के साथ पहलवानों के जोड़े भी मिलाये। वही गांव के पहलवान रामनिवास थानेदार, रामूतार थानेदार, अशोक पहलवान, हिम्मत सिंह ने रेफरी की भूमिका निभाई। मेले में बच्चों, युवाओं व बुजुर्गों की दौड़ भी करवाई गयी। इस मौके पर प्रधान रमेश कुमार, इंस्पेक्टर मामन सिंह, उप सरपंच हेमराज सिंह, गांव निवासी व डीएफओ निरंजन कुमार, पूर्व पार्षद अश्वनी, कैप्टन गिरीराज सिंह, डा. हरिसिंह, कंवर सिंह पीटीआई, प्रदीप फैट वाला, डीएसपी भानी सहाय, मुकेश ठेकेदार, श्याम सुंदर पंच, रविदत्त सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

कामकाजी महिलाओं, छात्राओं का डाटा एकत्रित कर रही पुलिस

नारनौल। महिला सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर के निर्देशानुसार राज्य में सेफ सिटी की परियोजना शुरू की जा रही है। इस परियोजना का उद्देश्य है कि कामकाजी महिलाओं में सुरक्षा की भावना पैदा हो तथा परिजनों की चिंता कम हो, महिलाएं अपने आपको कार्यस्थलों, शैक्षणिक संस्थानों और सार्वजनिक परिवहन में पूरी तरह से सुरक्षित महसूस करें। पुलिस अधीक्षक नितिश अग्रवाल ने कहा कि इस परियोजना का उद्देश्य महिला में सुरक्षा की भावना को बढ़ाना है और उनके माता-पिता की चिंता को कम करना है, सुरक्षित माहौल बनाना है। जिसके तहत जिले में चलने वाले सभी ऑटो चालकों का डाटा एकत्रित किया गया है और उनको एक यूनिक कोड जारी किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक ने जिले की ईआरवी गाडियों पर तैनात डायल 112 की टीम को जिले में कामकाजी महिलाओं, शिक्षण संस्थानों की छात्राओं, कॉलेज की छात्राओं का डाटा एकत्रित करने के निर्देश दिए हैं।

सरकार पर वार | एमएसपी पर किसानों से फसल खरीदें सरकारी एजेंसियां

खट्टर सरकार में दर दर की ठोकरें खाने को मजबूर किसान: डा. मनीष

किसानों के साथ ज्यादती नहीं होने देगी आम आदमी पार्टी

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

नारनौल। आम आदमी पार्टी के यूथ विंग के प्रदेश अध्यक्ष डा. मनीष यादव के हस्तक्षेप के बाद मंडी में बाजरे के खरीद शुरू हुई। उन्होंने कहा कि खट्टर सरकार ने किसानों की बेकद्री करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है, आम आदमी पार्टी अन्न दाता और किसानों की बेकद्री नहीं होने देगी।

उन्होंने बताया कि उन्हें जानकारी मिली कि राव तुलाराम चौक पर सुबह से किसान परेशान खड़े हैं। वे अपने कार्यकर्ताओं के साथ राव तुलाराम चौक महेंद्रगढ़ पर सुबह से परेशान किसानों से मिलने पहुंचे। वहां पर उपस्थित किसानों ने बताया की हमें पूर्व में आज की मंडी की अनाज

मंडी की आज की छुट्टी के बारे में कोई सूचना नहीं थी, हम मजदूर से बाजरा लोड करवा कर ट्रैक्टरों का तेल फूंकते हुए सुबह से यहां खड़े हैं, लेकिन हमारी कोई सुनवाई नहीं की जा रही।

राव तुलाराम चौक से पैदल अस्थाई अनाज पहुंचे : यादव

इस पर डा. मनीष यादव राव तुलाराम चौक से पैदल चलते हुए अस्थाई अनाज मंडी बस स्टैंड महेंद्रगढ़ पहुंचे। जहां पर उपस्थित मंडी सेक्रेटरी नरेंद्र यादव को उन्होंने बताया कि किसान का बाजरा यहां तक लाते लाते तेल भी लग गया पलदारी भी लग गई। और सुबह से यह किसान परेशान हैं अगर जगह खाली हो गई हो तो कम से कम आज आए हुए किसानों की फसल खरीद करके इन्हें राहत दें। उन्होंने बताया कि महेंद्रगढ़ अनाज मंडी में 2 दिन तो वैसे ही लेट खरीदारी शुरू की गई है। मंडी अधिकारियों ने बताया कि अखबारों के माध्यम से यह सूचना आम जन तक भेज दी थी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में अखबार 8-9 बजे के बाद ही पहुंच पाता है और किसान सुबह 5 बजे ही बाजरा बेचने के लिए लाइन में लग गया था। इनको कहां से पता चलता है की मंडी बंद है। डा. मनीष यादव ने अधिकारियों से बात की है उन्होंने आकर समस्या का हल करने का आश्वासन दिया। इसके बाद उन्होंने मंडी सचिव से बातचीत कर किसानों की समस्या का हल करने की बात कही। मंडी सेक्रेटरी ने बताया कि लेटर बहुत लेट आया था, वह भी सोशल मीडिया के माध्यम से अखबार के माध्यम से सूचित कर दिया गया था। इसके बाद मंडी सचिव ने उच्च अधिकारियों से बात करके बाजरा खरीद शुरू की। डा. मनीष यादव स्वयं किसानों के साथ ट्रैक्टर चलाकर मंडी में पहुंचे और खरीद प्रक्रिया शुरू की।

खबर फटाफट

रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी पाली ने डिवाइन क्रिकेट अकादमी को 55 रन से हराया

फरीदाबाद। रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी भूमि ग्राउंड फ़रीदाबाद पर खेला गया और यह मैच रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी पाली और डिवाइन क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया। इस मैच में रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी पाली ने डिवाइन क्रिकेट अकादमी को 55 रन से हराया , यह मैच 40 ओवर का था और रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी ने पहले टॉस जीतकर बैटिंग करने का निर्णय लिया। रविंदर फागना क्रिकेट अकादमी ने 40 ओवर में 8 विकेट खोकर 295 रन बनाए। रविंदर फागना क्रिकेट अकादमी की ओर से रोहन भाटी ने 80 गेंदों पर 9 चौको और 16 छक्कों की मदद से 156 रन, दीपेश सैनी ने 28 गेंदों पर 3 चोक्को और 1 छ्क्के की मदद से 33 रन बनाए।डिवाइन क्रिकेट अकादमी की ओर से गेंदबाजी करते हुए आयुष और हर्षित भाटिया ने 2/2 विकेट, अतुल पाठक, प्रियांशु शर्मा व यश दहिया ने 1/1विकेट हासिल किया। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए डिवाइन क्रिकेट अकादमी ने 38 ओवर में 10 विकेट खोकर 240 रन बनाकर हार गई। डिवाइन क्रिकेट अकादमी की ओर से बल्लेबाजी करते हुए ध्रुव पराशर ने 63 गेंदों पर 9 चौकों और 5 छक्कों की मदद से 84 रन, लोकेश बेनिवाल ने 51गेंदो पर 6 चोक्को की मदद से 38 रन बनाए। रविंदर फागना क्रिकेट अकादमी की ओर से गेंदबाजी करते हुए हर्ष फागना ने 8 ओवर में 38 रन देकर 3 विकेट, लक्की छपराना, ऋषभ कुमार ने 2/2 विकेट, व हरीश भड़ाना ने 1 विकेट हासिल किया। इस मैच का मैन ऑफ द मैच रोहन भाटी को घोषित किया गया।

3 अक्टूबर से जॉइंट ट्रेड यूनियन काउंसिल उपायुक्त कार्यालय के बाहर देगी धरना

फरीदाबाद। जॉइंट ट्रेड यूनियन काउंसिल फरीदाबाद आगामी 3 अक्टूबर को जिला मुख्यालय पर उपायुक्त कार्यालय के सामने धरना देगी। यह निर्णय शनिवार को एचएमएस के कार्यालय में संपन्न हुई जॉइंट ट्रेड यूनियन काउंसिल की बैठक में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता कामरेड आरडी यादव ने की, जबकि संचालन कन्वीनर वीरेंद्र सिंह डंगवाल ने किया। बैठक में एटक के बैजू सिंह, इंटक के हुकम चंद बेनीवाल, एचएमएस के आरडी यादव, सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के करतार सिंह जागलान, युद्ध वीर सिंह खत्री, आईसीटीयू के कामरेड जवाहरलाल ने भाग लिया। बैठक में आशा वर्कर यूनियन की 8 अगस्त से चल रही हड़ताल का समर्थन भी किया गया। आज इस हड़ताल को 55 दिन हो गये है। सरकार मांगों को लागू नहीं कर रही है ट्रेड यूनियन काउंसिल के नेताओं ने सरकार पर आशा वर्कर यूनियन की हड़ताल की अनदेखी करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि काउंसिल के सभी घटकों के सदस्य आगामी तीन अक्टूबर को जिला मुख्यालय पर जोरदार धरना प्रदर्शन करेंगे।ये प्रदर्शन 24 अगस्त को ताल कटोरा स्टेडियम दिल्ली, में संपन्न हुई देश के तमाम ट्रेड यूनियनों और संयुक्त किसान मोर्चा के आवाहन पर किया जायेगा। जैसा की किसान आंदोलन के दौरान 3 अक्टूबर 2021 को केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टैनी मिश्रा के पुत्र आशीष मिश्रा ने लखीमपुर खीरी में प्रदर्शन कर रहे किसानों पर अपनी थार गाड़ी चढ़ा दी। जिसकी वजह से चार किसान और एक पत्रकार मौके की पर ही मौके पर ही मौत हो गई। लेकिन इतना बड़ा हादसा घटित होने के बाद भी केंद्र सरकार ने राज्य मंत्री अजय टैनी को मंत्री पद से बर्खास्त नहीं किया। इतना ही नहीं उत्तर प्रदेश की सरकार ने उनके पुत्र आशीष मिश्रा के खिलाफ भी कोई कार्रवाई नहीं की। जब किसान मोर्चा इलाहाबाद हाईकोर्ट में गया तब जाकर के गिरफ्तारी हुई। उसके बाद फिर जमानत दी गई। उन्होंने केंद्र और उत्तर प्रदेश की सरकार पर पक्षपात पूर्ण ढंग से कार्रवाई करने का आरोप लगाया। नेताओं ने बताया कि पांच लोगों को मौत के घाट उतारने वाले आशीष मिश्रा को कड़ी सजा मिलनी चाहिए थी। लेकिन इस पर दोनों सरकारों का रुख बेहद टालमटोल का रहा है। इस प्रदर्शन में विभिन्न संगठनों के लोगों को भी भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जाएगा।

सास बहू की आपसी हुई बोलचाल में सास ने घर छोड़ा

नारनौल। अटेली क्षेत्र के गांव मोहलड़ा में शुक्रवार को सास बहू की आपसी हुई बोलचाल में सास घर छोडक़र चली गई। सास के पति ने इसकी शिकायत पुलिस में दी है। पीड़ित महिपाल ने पुलिस में दी शिकायत में बताया कि 29 सितंबर को सायं साढ़े 6 बजे मेरी पत्नी निर्मला देवी व मेरी पुत्रवधु सीमा की आपस में बोलचाल हो गई थी। जिसके बाद मेरी पत्नी निर्मला देवी घर से बगैर बताये कहीं पर चली गई। अटेली पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पावर लिफ्टिंग के युवा खिलाड़ी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

नारनौल। स्थानीय महता चौक पर रहने वाले पावर लिफ्टिंग के युवा खिलाड़ी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। युवा खिलाड़ी का शव उसके ही घर में मिला। वहीं परिजनों ने आनन फानन में मृतक युवक का अंतिम संस्कार भी कर दिया। इस बारे में परिजनों ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज नहीं करवाई। वहीं खिलाड़ी की मौत के बाद कई तरह की चर्चाएं शहर में चल रही हैं। मेहता चौक के पास रहने वाले करीब 21 वर्षीय पावरलिफ्टिंग के खिलाड़ी पुनीत की एक दिन पूर्व संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुनीत का शव उसके परिजनों को घर में ही मिला। पुनीत ने मोहल्ला नई सराय में एक जिम भी ज्वाइन की हुई थी। बताया जा रहा है कि उस समय मृतक के पिता कहीं बाहर ड्यूटी पर थे।

शिक्षा ही स्वस्थ जीवन का आधार : बिपलब देव

शिक्षकों को सहोदया उत्कृष्ट शिक्षक पुरस्कार से किया सम्मानित किया

सात्विक देव, भरोसा मित्र

फरीदाबाद। सहोदया स्कूल कॉम्प्लेक्स, फरीदाबाद एजुकेशनल चैप्टर द्वारा फरीदाबाद जिले के अपने क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य करने वाले शिक्षकों को सहोदया उत्कृष्ट शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस पुरस्कार समारोह के मुख्य अतिथि बिपलब कुमार देव, संसद सदस्य राज्यसभा एवं पूर्व मुख्यमंत्री त्रिपुरा द्वारा प्रदान किए गए। इस शानदार समारोह की अध्यक्षता हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी के चेयरमैन डॉक्टर वी0 पी0 यादव ने की। डॉ वी पी यादव ने पुरस्कार प्राप्त करने वाले सभी अध्यापकों एवं प्रधानाचार्यों को बधाई दी। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व जनरल सेक्रेटरी भाजपा हरियाणा, संदीप जोशी थे। इसके अतिरिक्त पुरस्कार प्राप्त करने वालों में सहोदया कॉम्प्लेक्स फरीदाबाद चैप्टर के अध्यक्ष एवं ग्राण्ड कोलंबस स्कूल के चेयरमैन सुरेश चन्दर, उपाध्यक्ष दीपिका शर्मा, जनरल सेक्रेटरी एवं वृन्दा इंटरनेशनल स्कूल की चेयरपर्सन विजय लक्ष्मी, कोषाध्यक्ष एवं डी0 ए0 वी0 सेक्टर 14 स्कूल की प्रधानाचार्या अनिता गौतम, जॉइंट सेक्रेटरी एवं रावल इंटरनेशनल स्कूल के प्राचार्य डॉक्टर सी0 वी0 सिंह, सदस्य एवं विद्यासागर इंटरनेशनल स्कूल के चेयरमैन दीपक यादव, सहोदया की सदस्य एवं डी0पी0एस0 सेक्टर 81 की प्रधानाचार्या सुरजीत खन्ना, सदस्य एवं मनस्कृति स्कूल की प्रधानाचार्या ज्योति भल्ला आदि थे। डी0 ए0 वी0 स्कूल, सेक्टर 14 की प्रधानाचार्या अनिता गौतम ने सभी आगंतुक अतिथियों का स्वागत किया। इस समारोह का मुख्य आकर्षण जिले के सैकड़ों स्कूलों के विद्यार्थियों द्वारा धरा से गगन तक चंद्रयान विजयगान, समूह गान की प्रस्तुति रही। चंद्रयान-3 की सफलता को समर्पित इस समूह गान ने सभी उपस्थित जन समूह को मंत्र मुग्ध कर दिया। डी0 ए0 वी0 सेक्टर 14 में आयोजित इस भव्य समारोह में फरीदाबाद विधानसभा के सदस्य नरेन्द्र गुप्ता, प्रदेश भाजपा प्रवक्ता राजीव जेटली, भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा, भाजपा प्रदेश महिला मोर्चा की उपाध्यक्ष प्रवीन जोशी मुख्य रूप से उपस्थित थी। इस अवसर पर विद्यासागर इंटरनेशनल स्कूल, डी0 ए0 वी0 स्कूल, सेक्टर 14, मानव रचना इंटरनेशनल स्कूल, सेक्टर 14, द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने इस समारोह में चार चाँद लगा दिए। नारी सशक्तिकरण - एक कदम उज्जवल भारत की ओर, नारी शक्ति को समर्पित इस कार्यक्रम ने सभी को भाव विभोर कर दिया। सहोदया स्कूल कॉम्प्लेक्स, फरीदाबाद के अध्यक्ष सुरेश चन्दर ने सभी अतिथियों का पुष्प भेंट कर स्वागत किया। अंत में डी पी एस स्कूल सेक्टर 81 की प्रधानाचार्या सुरजीत खन्ना ने सभी अतिथियों का तथा इस कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान देने वाले सभी अध्यापकों, प्रधानाचार्यों के प्रति आभार व्यक्त किया।

शिक्षक ही भारत के भविष्य का निर्माण करते हैं

अपने संबोधन में बिपलब देव ने कहा कि शिक्षक ही भारत के भविष्य का निर्माण करते हैं, शिक्षक ही राष्ट्र निर्माता कहे जाते हैं, शिक्षक ही बच्चों के जीवन का आधार बनाते हैं। उन्होंने कहा कि मैं भाग्यशाली हूँ कि मुझे शिक्षकों को सम्मान प्रदान करने का शुभ अवसर प्राप्त हुआ। शिक्षकों में सहोदया के प्रत्येक स्कूल के एक शिक्षक को सहोदया उत्कृष्ट शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

संस्कृत शिक्षकों के तीन दिवसीय सेमिनार का समापन

सात्विक देव, भरोसा मित्र

फरीदाबाद। संस्कृत शिक्षकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण जिला फरीदाबाद में राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद हरियाणा, गुरुग्राम के निर्देश व जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान पाली के प्राचार्य व जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी फरीदाबाद रामदिया भगत के मार्गदर्शन में फरीदाबाद जिले के दोनों ब्लाक बल्लभगढ़ के 48 व फरीदाबाद के 52 संस्कृत शिक्षकों का राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय एनआईटी-5 में डाइट पाली द्वारा आयोजित प्रशिक्षण को पूर्ण किया। जिसमें कुल 100 प्रतिभागी शामिल हुए। इस प्रशिक्षण को सुनियोजित ढंग से पूर्ण करने का दायित्व मुख्य प्रशिक्षक के रूप में बलबीर सिंह, डॉ. गीता आर्या, राकेश शर्मा, पुरुषोत्तम भारद्वाज व रघु वत्स ने बहुत ही शानदार तरीके से क्रियान्वयन किया। सभी प्रतिभागियों ने बढ़-चढक़र प्रशिक्षण में भाग लिया व संस्कृत शिक्षण को किस प्रकार कक्षा-कक्ष में रुचिकर व प्रभावशाली बनाया जा सके। साथ ही साथ प्रशिक्षण के दौरान शिक्षण अधिगम सामग्री का निर्माण भी किया गया। अंतिम दिन विशेष अतिथि के रूप में संस्कृत के विद्वान सेवानिवृत प्राचार्य डॉ. ऋषिपाल शर्मा ने प्रशिक्षण को अपने अनुभव द्वारा शिक्षा पद्धति, जीवन दर्शन, संस्कृत महत्व तथा शिक्षण महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी प्रतिभागियों को अपने वचनों से फलीभूत करते हुए संस्कृत शिक्षण को एक विशेष महत्व किस तरह दिया जाए पर बल दिया तथा इसे विद्यालय की विकास की धुरी की संज्ञा दी। अंत में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान पाली फरीदाबाद की ओर से प्रशिक्षण संयोजक अनिल यादव प्रवक्ता, प्रवीण कुमार, आइएफआइसी इंचार्ज ने सभी प्रतिभागियों, मुख्य प्रशिक्षकों, स्कूल स्टाफ व अन्य प्रशिक्षण में सहयोगियों का आभार व धन्यवाद व्यक्त किया।

नशा मुक्ति, महिला विरुद्ध अपराध व साइबर फ्रॉड के बारे में किया जागरूक

सात्विक देव, भरोसा मित्र

फरीदाबाद। डीसीपी बल्लभगढ़ राजेश दुग्गल ने सदर बल्लबगढ़ पुलिस स्टेशन में वीडियो वेन के माध्यम से आमजन को नशा मुक्ति, महिला विरुद्ध अपराध, साइबर फ्रॉड सहित सामाजिक मुद्दों के बारे में जागरूक किया है। इस अवसर पर एसीपी तिगांव राजेश लोहान, एसएचओ सदर बल्लबगढ़ महेन्द्र सिंह, सीनियर सिटीजन सेल प्रभारी इंस्पेक्टर सविता व आम नागरिकों में नंदकिशोर गांव सागरपुर, परसराम यादव, विजेंद्र गोला, राहुल यादव, हरिओम शर्मा, अनीता लांबा, अंशु कुमारी अनीता यादव व अन्य नागरिक मीटिंग में मौजूद रहे। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि कल डीसीपी बल्लबगढ़ ने मीटिंग में मौजूद नागरिकों को डायल 112 प्रोजेक्ट के बारे में अवगत कराते हुए बताया कि कैसे डायल 112 एप काम करता है। जैसे ही डायल 112 की कॉल पुलिस तक पहुंचती है। पुलिस की गाड़ी 10 से 15 मिनट के अंदर शिकायतकर्ता के पास पहुंचती है। उसकी समस्या का समाधान किया जाता है यदि व्यक्ति दुर्घटना में घायल हुआ है। उसके प्राथमिक उपचार के लिए गाड़ी में फर्स्ट एड किट भी उपलब्ध होती है। जिसे तुरंत उपचार देखकर घायल को अस्पताल पहुंचाया जाता है। महिला असुरक्षित महसूस करने पर तुरंत 112 नंबर पर कॉल करके पुलिस की सहायता ले सकती हैं। रात के समय सवारी गाडी नही मिलने पर डायल 112 की गाड़ी महिलाओं को सुरक्षित उनके घर तक छोडती है।फरीदाबाद पुलिस द्वारा साइबर राहगीरी कार्यक्रम के अंतर्गत नागरिकों को नशा मुक्ति, महिला विरुद्ध अपराध, साइबर फ्रॉड सहित सामाजिक मुद्दों के बारे में जागरूक कर इससे बचाव के लिए आमजन को जानकारी प्रदान की। इसी के तहत डीसीपी बल्लबगढ़ व उनकी टीम ने कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें एक कार्यक्रम में वीडियो वेन पर वीडियो स्क्रीन के माध्यम से साइबर सिक्योरिटी के बारे में आमजन को जागरूक किया जिसमें उन्होंने बताया कि साइबर अपराधी बुजुर्ग लोगों को बीमा पॉलिसी अपग्रेड या उनकी पॉलिसी को रिन्यू करवाने या बंद हुई पॉलिसी को दोबारा से चालू करवाने का लालच देकर उनसे पैसों की मांग करते हैं और जागरूकता के अभाव में भोले भाले बुजुर्ग व्यक्ति उन्हें उनके झांसे में आकर उन्हें अपनी सारी कमाई ठगा देते हैं। उन्होने बताया कि यदि कभी भी ऐसे किसी भी प्रकार के साइबर अपराध के झांसे में न आएं और अपने बैंक अकाउंट, क्रेडिट कार्ड, एटीएम या ओटीपी की जानकारी सांझा ना करें अन्यथा उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है।

अनमोल खरब बनी हरियाणा सब जूनियर वर्ग बैडमिंटन की राष्ट्रीय चैम्पियन

सात्विक देव, भरोसा मित्र

फरीदाबाद। औद्योगिक नगरी की प्रतिभाशाली खिलाड़ी अनमोल खरब सब जूनियर वर्ग की नई राष्ट्रीय चैम्पियन बनने पर हैदराबाद से घर लौटने पर बार काउसिंल पंजाब एवं हरियाणा के पूर्व मनोनित सदस्य शिवदत्त वशिष्ठ एडवोकेट ने उनके निवास स्थान 882/ सेक्टर 16 में जाकर उसे सम्मान के तौर पर पगड़ी पहनाकर बधाई दी ।वशिष्ठ ने कहा कि हैदराबाद में सम्पन्न सब जूनियर राष्ट्रीय बैडमिंटन चैपियनशिप के अन्डर-17 में अनमोल खरब ने फाईनल में पंजाब की तनवी शर्मा को हराकर खिताब जीता है किसी भी वर्ग में जिले का कोई खिलाड़ी पहली बार चैम्पियन बना है ।राष्ट्रीय चैम्पियन बनने पर प्रदेश के साथ - 2 जिले में बैडमिंटन खिलाडियों व प्रेमियों में हर्ष का माहौल है । सब जूनियन चैम्पियन के र्क्वाटर फाईनल में अनमोल ने तेलनगाना की तनवी रेड्डी को सीधे गेम में 21-12, 21-10 से हराकर सेमीफाईनल में प्रवेश किया । सेमीफाईनल में पहुँचकर अनमोल ने पदक पक्का कर लिया था सेमीफाईनल में अनमोल का मुकाबला रूजाला रामू से था यहाँ उन्हें रूजाला से कड़ी चुनौती मिली । अनमोल ने पहला गेम 21-10 से जीता पर अगले गेम में वापसी करते हुए रूजाला ने अनमोल को 17-21 सेहराकर स्कोर एक-2 बराबर कर दिया और तीसरा गेम अनमोल ने 21-19 से जीत कर फाईनल में प्रवेश किया ।

रक्त की एक बूंद किसी की जिंदगी बचा सकती है: शर्मा

सात्विक देव, भरोसा मित्र

फरीदाबाद। पंजाबी सेवा समिति द्वारा विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन चावला कॉलोनी बल्लभगढ़ स्थित अग्रवाल धर्मशाला में किया गया। रक्तदान शिविर में 285 यूनिट रक्त रक्त एकत्रित हुआ। शिविर में प्रदेश के परिवहन मंत्री पं.मूलचंद शर्मा के बड़े भाई पण्डित टिपर चांद शर्मा शिरकत की। उन्होंने रक्तदाताओं का मनोबल बढ़ाया। समिति के प्रधान प्रेम खट्टर, मुख्य संरक्षक बसंत विरमानी, चेयरमैन श्यामलाल छाबड़ा, वरिष्ठ उप प्रधान रोशन लाल डूडेजा ने पं. टिपर चंद शर्मा को बुक्का देकर स्वागत किया। पंजाबी समिति के प्रधान प्रेम खट्टर के अनुसार यह समिति द्वारा 9वां विशाल रक्तदान शिविर शहीद-ए-आजम भगत सिंह की जयंती के उपलक्ष्य में लगाया गया। टिपर चंद शर्मा ने कहा कि रक्त की एक बूंद किसी की जिंदगी बचा सकती है, रक्त के बिना किसी की जान ना जाए। इसी उद्देश्य से पंजाबी सेवा समिति बल्लभगढ़ हर वर्ष विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन करती है ताकि थैलेसीमिया रोगियों को निरंतर रक्त की जरूरत पड़ती हैं, उन्हें मिलता रहे।

आंखों में मिर्ची डाल कर ऑटो लूटने के प्रयास में 2 गिरफ्तार

सात्विक देव, भरोसा मित्र

फरीदाबाद। थाना धौज प्रभारी सत्यवान की टीम मांगर पुलिस टीम ने आंखों में मिर्ची पाउडर डालकर ऑटो लूटने की कोशिश करने वाले 2 आरोपियो को गिरफ्तार किया है।गिरफ्तार आरोपियो में सुनिल आदिवासी और नन्हे का नाम शामिल है। आरोपी सुनिल मध्यप्रदेश के दमोह जिले के गांव टिपानी का आरोपी नन्हे बिहार के बाका जिले के गांव हरना का रहने वाला है। दोनों आरोपी करीब पिछले एक साल से फरीदाबाद के सेक्टर-9 बाईपास रोड के साथ वाले मकान में किराए पर रह रहे थे। आरोपियों ने सेक्टर-8 लेबर चौक से एक ऑटो चालक को गुरुग्राम के सेक्टर-42 के लिए आने जाने के लिए 1200 रूपए में बुक किया। दोनों आरोपी दिन में करीब 12.30 गुरुग्राम के लिए निकले। गुरुग्राम से आते समय दोनों आरोपियो ने गुरुग्राम-फरीदाबाद रोड मांगर चौकी के एरिया में करीब दिन में 4.30 बजे रोड पर सुनसान देखकर आरोपी सुनील आदिवासी ने मिर्ची पाउडर निकालकर ऑटो चालक प्रताप की आंखों में डाल दिया। आरोपी नन्हें ने मार-पिटाई करनी शुरु कर दी। इस वारदात को अंजाम देते हुए ऑटो पलट गया। इस दौरान गस्त में चल रही पुलिस चौकी मांगर के प्रदीप,मनोज कुमार, नरेन्द्र व सोनू मौके पर पहुंची। मौके से दोनों आरोपियों को काबू कर लिया गया। पीड़ित का मुंह साफ कराने के बाद बीके अस्पताल से ईलाज करवाया। ऑटो चालक प्रताप की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ लूट की धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों से पूछताछ में सामने आया की आरोपी सुनिल राजमिस्त्री का काम करता है। आरोपी नन्हें मजदूरी का काम करता है। दोनो आरोपी आटो को लूट कर बेचना चाहते थे। पैसे के लालच में आकर लूट की वारदात को अंजाम दिया है। पूछताछ के बाद दोनों आरोपियों को अदालत में पेश कर जेल भेजा गया।

शिलान्यास विधायक ने किया एक करोड़ 10 लाख की सड़कों के कार्य का शिलान्यास

पृथला क्षेत्र की कोई सडक़ नहीं रहेगी टूटी: रावत

सात्विक देव, भरोसा मित्र

फरीदाबाद। पृथला विधानसभा क्षेत्र में सडक़ों का जाल बिछना शुरू हो गया है और क्षेत्र की बेहतर कनेक्टिटी के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे है। जब सडक़ें बेहतर होगी तो क्षेत्र के विकास को भी नई दिशा मिलेगी। उक्त वक्तव्य पृथला विधानसभा क्षेत्र के विधायक नयनपाल रावत ने गांव फिरोजपुर (रोड से फिरोजपुर तक), अगवानपुर एवं मीरापुर में पीडब्ल्यूडी के अंतर्गत 1 करोड़ 10 लाख से बनने वाली सडक़ों का शिलान्यास करने के उपरांत उपस्थितजनों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि इन सडक़ों का 18 फीट तक चौड़ीकरण किया जायेगा। इस दौरान ग्रामीणों ने विधायक नयनपाल रावत का सम्मान रूपी पगड़ी बांधकर एवं फूल मालाओं से स्वागत किया।इस मौके पर विधायक नयनपाल रावत ने कहा कि पृथला क्षेत्र का सम्पूर्ण विकास करवाना उनका प्राथमिकता है और वह जब-जब भी मुख्यमंत्री मनोहर लाल से मिले है, तब-तब उन्होंने क्षेत्र के विकास की बात ही उठाई है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की सभी सडक़ों को नए सिरे से बनवाया जा रहा है ताकि एक गांव से दूसरे गांव तक जाने के लिए लोगों को परेशानी न हो और जल्द ही सभी सडक़ें नए स्तर पर बनकर तैयार हो जाएगा। क्षेत्र की बेहतर कनेक्टिटी होने से युवाओं को जहां रोजगार के अवसर मिलेंगे वहीं क्षेत्र के विकास को भी बढ़ावा मिलेगा। श्री रावत ने कहा कि विकास का जो पहिया कोरोना महामारी के चलते थम गया था, अब तेजी से चल निकला है और इस एक साल में पृथला क्षेत्र का हरसंभव विकास करवाया जाएगा।इस दौरान ग्रामीणों ने गांव की समस्याओं को लेकर विधायक को मांग पत्र भी सौंपा, जिसमें अंकित समस्याओं को विधायक ने जल्द दूर करवाने का आश्वासन दिया।इस अवसर पर सूरज राणा, रोतान पूर्व सरपंच, यादि नम्बरदार, उदयपाल नम्बरदार, बिजेन्दर पूर्व सरपंच, बीरेंदर पूर्व सरपंच, जयराम सिंह, जगत सिंह, जयराम, कुमारपाल, खजान, लख्मी, चंदरपाल ब्लॉक अध्यक्ष, सहाबुद्दीन, सुन्दर वशिष्ट सहित अनेकों गणमान्य लोग मौजूद थे।

खबर फटाफट

एमटीपी किट बेचते हुए मेडिकल स्टोर संचालक और किशोर काबू

सोनीपत : स्वास्थ्य विभाग ने अवैध रूप से मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेगनेंसी (एमटीपी) किट बेचते हुए मेडिकल स्टोर संचालक समेत एक किशोर को काबू किया है। उनसे एमटीपी किट के बदले में लिए गए 400 रुपये भी बरामद किए गए हैं। विभाग की टीम ने कार्रवाई के लिए दोनों को पुलिस को सौंप दिया है। राई थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। पीसी पीएनडीटी के नोडल अधिकारी डॉ. सुभाष गहलावत ने बताया कि सिविल सर्जन को राई क्षेत्र में अवैध रूप से एमटीपी किट बेचे जाने की सूचना मिल रही थी। गर्भपात की दवा एमटीपी किट दुकानदार चोरी छुपे बेचने से बाज नहीं आ रहे हैं। सिविल सर्जन डॉ. कृष्ण कुमार ने डॉ. सुभाष गहलावत व डॉ. नरेंद्र रोहिल्ला की टीम बनाई। टीम ने डिकॉय के माध्यम से मंजीत नाम के युवक से संपर्क किया।मंजीत ने डिकॉय से 500 रुपये में एमटीपी किट बेचने के लिए कहा। दोनों के बीच 400 रुपये में सौदा तय हुआ। एक दिन पहले डिकॉय ने मंजीत को 200 रुपये दे दिए थे और मंजीत ने उन्हें शनिवार को बढ़मलिक स्थित तन्मय मेडिकल स्टोर के पास बुलाया। शनिवार सुबह डिकॉय को लेकर टीम मेडिकल स्टोर के पास पहुंची और उन्हें पकड़ लिया।

मध्य प्रदेश के नशा तस्कर से पकड़ी डेढ़ किलो अफीम

फतेहाबाद: राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो यूनिट की टीम ने शक के आधार पर जाखल के रेलवे ओवरब्रिज के साथ सर्विस रोड पर एक नशा तस्कर को काबू करके उसके पास से 1 किलो 50 ग्राम अफीम पकड़ी है। ब्यूरो हिसार केडीएसपी राज सिंह और फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्रा सिंह ने बताया कि सब इंस्पेक्टर महाबीर सिंह के नेतृत्व में एचएनसीबी यूनिट फतेहाबाद की एक टीम नशाखोरों की पड़ताल में जा रहे थे। उन्हें सामने से एक व्यक्ति पैदल आता दिखाई दिया। उसने पुलिस पार्टी को देखकर एकदम रास्ता बदल लिया व कच्चे रास्ते से खेतों की तरफ जाने लगा। शक के आधार पर पुलिस पार्टी की मदद से उसे काबू किया गया। मौके पर राजपत्रित अधिकारी डीएसपी टोहाना शमशेर सिंह की मौजूदगी में तलाशी लेने पर काले रंग की मोमी प्लास्टिक थैली से 1 किलो 50 ग्राम अफीम बरामद हुई। पूछताछ करने पर उसने खुद को मध्य प्रदेश के ग्वालियर का निवासी ओमप्रकाश उर्फ प्रकाश बताया। इस संबंध में थाना जाखल में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है। फतेहाबाद यूनिट इंचार्ज ने बताया कि इसके अलावा इसके साथ कोई और संलिप्त हैं, उनको भी काबू किया जाएगा।

गोरखधाम एक्सप्रेस अब भट्टू स्टेशन पर रुका करेगी

फतेहाबाद : रेलवे मंत्रालय ने भट्टू रेलवे स्टेशन पर गोरखधाम एक्सप्रेस के ठहराव को मंजूरी दे दी गई है। बता दें कि लंबे समय से स्थानीय लोगों द्वारा यह मांग की जा रही थी। इसके लिए लोगों ने सांसद सुनीता दुग्गल के समक्ष भी गुहार लगाई थी। गोरखधाम एक्सप्रेस के ठहराव के साथ ही दिल्ली के लिए एक और ट्रेन यात्रियों को मिल जाएगी। फतेहाबाद व भट्टू क्षेत्र से व्यापारी व दुकानदार बड़े पैमाने पर कारोबार के लिए दिल्ली जाते हैं। इसी तरह फतेहाबाद शहर के काफी लोगों की रिश्तेदारियों भी दिल्ली में हैं। ऐसे में आवागमन सुगम होगा। इस समय दिल्ली के लिए जाने वाली दो ट्रेनों का भट्टू रेलवे स्टेशन पर ठहराव होता है। इनमें सिरसा एक्सप्रेस और किसान एक्सप्रेस शामिल हैं। मगर सिरसा एक्सप्रेस सुबह 4 बजे से पहले जबकि किसान एक्सप्रेस सुबह 6 बजे चलती है। इसके बाद कोई ट्रेन नहीं थी। नई व्यवस्था से लोगों को मिलेगी काफी राहत।

सस्ता प्लॉट दिलवाने के बहाने लगा दी 11 लाख की चपत

भिवानी: सस्ते दामों पर प्लॉट दिलवाने के बहाने एक व्यक्ति से करीब 11 लाख रुपये ठग लिए गए। पीड़ित ने की शिकायत के आधार पर पुलिस ने दो आरोपियों को नामजद करके धोखाधड़ी से संबंधित धाराओं के तहत औद्योगिक पुलिस थाने में केस दर्ज किया है। हिसार की हांसी तहसील में गांव महेंदा निवासी रतन सिंह ने बताया कि उसकी जान पहचान भिवानी निवासी विजय के साथ थी। विजय ने उसको सस्ते दामों पर प्लॉट दिलवाने का झांसा दिया था और बयाने के नाम पर तीन लाख रुपये ले लिए। इसके बाद विजय ने अपने साथी भिवानी निवासी रामकुमार के साथ मिलकर इकरारनामा के रूप में सात लाख रुपये का चेक ले लिया और 62 हजार रुपये नकद ले लिए। फुल इकरारनाम के रूप में उसके हस्ताक्षर करवा लिए। बाद में उसे पता चला कि विजय और रामकुमार लोगों से सस्ते कीमतों पर प्लॉट दिलवाने का नाम देकर रुपये की ठगी करते हैं। उसके साथ भी किया गया है।

होटल के रसोइये ने चाकू से काट लिया अपना गला

कैथल : ढांड रोड स्थित पंजाबी तड़का होटल के रसोइये गिरीश चंद्र ने शनिवार सुबह होटल के बाथरूम में चाकू से गला काट कर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने उसके मामा आनंद के बयान पर कार्रवाई की है। बताया गया कि गिरीश करीब एक महीना पहले अपने घर उत्तराखंड के जिला अल्मोड़ा गांव पनुवानौला से आया था। तभी से वह कुछ परेशान था। वह करीब आठ साल से होटल में काम कर रहा था और इसी में ही रहता था। सुबह नहाने के लिए होटल के ऊपर वाले बाथरूम में गया था। कुछ देर बाद उसका चाचा जीवन बाथरूम में गया तो देखा कि दरवाजे के नीचे से खून निकल रहा था। उसने नीचे जाकर दूसरे लोगों को बुलाया और दरवाजा तोड़ा। वहां देखा तो गला कटने से गिरीश की मौत हो चुकी थी। पास में ही चाकू भी पड़ा था। सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत मौके पर पहुंच गई। जीवन ने बताया कि कई बार उन्होंने उससे परेशानी का कारण पूछने का प्रयास किया, लेकिन उसने कुछ बताया नहीं।

वन व वन्य जीवों का संरक्षण करेंगे, विकास योजनाओं को आगे बढ़ाएंगे : सीएम

चंडीमंदिर से बद्दी तक नई ब्रॉड गेज रेलवे लाइन को दी मंजूरी

मांगें पूरी नहीं करने पर केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाती की

शशिभूषण सैनी,भरोसा मित्र

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि राज्य में वन एवं वन्य जीवों का संरक्षण करते हुए विकास-योजनाओं को आगे बढ़ाना है। वह आज यहां स्टेट बोर्ड फॉर वाइल्डलाइफ की 7वीं बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

इस बैठक में पंचकूला जिला में स्थित चंडी मंदिर से लेकर हिमाचल प्रदेश के बद्दी तक बनने वाली नई ब्रॉड गेज रेलवे लाइन की मंजूरी देते हुए केंद्र सरकार को वाइल्डलाइफ क्लीयरेंस के लिए भेजने का निर्णय लिया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस नई ब्रॉड गेज रेलवे लाइन के निर्माण से रेलवे के द्वारा पंचकुला और बद्दी , जो कि हिमाचल प्रदेश का बड़ा औद्योगिक क्षेत्र है , के बीच माल की ढुलाई में आसानी होगी और क्षेत्र में अधिक विकास होने के अवसर पैदा होंगे।

गुरुग्राम के दो प्रोजेक्ट्स को दी मंजूरी

स्टेट बोर्ड फॉर वाइल्डलाइफ की बैठक में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने गुरुग्राम जिले के गांव ढोरका में अफोर्डेबल ग्रुप हाउसिंग के दो प्रोजेक्ट्स को भी मंजूरी दी गई।

मनोहर लाल ने कहा कि वन्यजीव संरक्षण अपने आप में जंगली पौधों और जंगली प्रजातियों एवं उनके आवास की रक्षा करने का एक जटिल और संवेदनशील कार्य है। वन्य-जीवन धरती माता के सभी पारिस्थितिक घटकों के बीच संतुलन बनाए रखने का आधार है। वन्यजीव संरक्षण इसलिए भी जरुरी है कि मनुष्य की आने वाली पीढ़ियां प्रकृति का आनंद ले सकें। वन्यजीवों पर बढ़ते मानव दबाव के बावजूद हमें न केवल वन्यजीवों को बढ़ाना है बल्कि इसे इसके वर्तमान स्वरूप में संरक्षित करना भी है। ग्लोबल वार्मिंग, अनियमित वर्षा, बार-बार पड़ने वाले सूखे के कारण वन्यजीव खतरे में हैं, जो हाल के वर्षों में जलवायु परिवर्तन की अभिव्यक्ति हैं।

उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार न केवल राज्य में अद्वितीय वनस्पतियों और जीवों के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है, बल्कि जलवायु परिवर्तन के हानिकारक प्रभावों को कम करने के लिए भी समान रूप से प्रतिबद्ध है।

बैठक में ये रहे मौजूद

इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वी उमाशंकर , अतिरिक्त प्रधान सचिव डॉ अमित अग्रवाल , पर्यावरण ,वन एवं वन्य जीव विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव विनीत गर्ग , सामजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के आयुक्त पंकज अग्रवाल, प्रिंसिपल चीफ कन्ज़र्वेटर ऑफ़ फॉरेस्ट जगदीश चंद्र समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

नवरात्रों में गठित हो जाएगा कांग्रेस का संगठन

भरोसा मित्र

जींद। नवरात्रों में हरियाणा कांग्रेस का संगठन सशक्त होता हुआ नजर आएगा। कांग्रेसियों को जिस संगठित परिवार की दरकार थी वह 15 अक्तूबर के बाद पूरी होती हुई नजर आएगी। क्योकि कांग्रेस आला ने संगठन की चौधर को लेकर हो रहे हो-हल्ले पर पूर्ण शांति का विराम लगाने का फार्मूला ढूढ़ लिया है। कांग्रेस के दिल्ली गलियारों से जो बात निकल कर बाहर आ रही है उसके मुताबिक कांग्रेस के शीर्ष नेताओं ने संगठन की चौधर को लेकर खास तरीका ईजाद किया है। प्रदेश कांग्रेस में अध्यक्ष और चार कार्यकारी अध्यक्ष है उसी तर्ज पर जिला अध्यक्ष के साथ जिला कार्यकारी अध्यक्ष भी नियुक्त किये जाएंगे। इस खास फार्मूले में उन्हीं लोगों की संगठन में जिम्मेदारी तय की जाएगी, जो विधायक और पूर्व विधायक ना हो। जो नेता टिकट की दौड़ में शामिल है, उनको भी संगठन की चौधर से दूर रखा जाएगा। पार्टी इस बात के पक्ष में है कि जिसे संगठन की चौधर सौंपी जाये वह पूर्ण शिद्दत और जुनून के साथ उसे सींचने का काम करे। कांग्रेस ने जो फार्मूला बनाया है, उससे साफ नजर आ रहा है कि पार्टी नेता फूंक-फूंक कर कदम रख रहे हैं। वे कोई भी ऐसा मसाला विरोधी दलों को नहीं देना चाहते जो पार्टी के लिए नुक्सान दायक हो। जींद से दिल्ली की धरा पर अपना बड़ा कारोबार चलाने वाले हुड्डा के खास समर्थक सुरेश गोयत झांझ ने कहा कि पार्टी में कोई फूट नहीं है। कई बार विचारों में भिन्नता के कारण हो हल्ला मच जाता है। पार्टी के शीर्ष नेताओं के नेतृत्व में संगठन जल्द की तैयार खड़ा मिलेगा। दरअसल, हरियाणा में नेता प्रतिपक्ष चौधरी भूपेन्द्र सिंह हुड्डा से राज्यसभा सांसद रणदीप सुरजेवाला, कुमारी शैलजा और किरण चौधरी कुछ अलग राह चल रहे है। यही कारण है कि पिछले माह जब जिला प्रधानों लेकर जिलों में पर्यवेक्षक कार्यकर्त्ताओं के साथ रायशुमारी करने के लिए गये थे तो उस समय रणदीप सुरजेवाला, शैलजा के समर्थकों ने विरोध करते हुए हो हल्ला मचाया था।

भ्रष्ट मुलाजिमों पर चौकी-थाना प्रभारी किए जाएंगे तलब: कपूर

पूछा जाएगा कि इनसे निपटने के लिए क्या कदम उठाए हैं। अगर उन्होंने कदम नहीं उठाए तो उनकी लापरवाही होगी

भरोसा मित्र

चंडीगढ़। हरियाणा के डीजीपी शत्रुजीत कपूर ने कहा कि पुलिस की सेवाएं बेहतर हो, समय पर सुनवाई हो, निष्पक्ष जांच हो इन विषयों पर पुलिस अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए हैं। पुलिस साइबर क्राइम और ड्रग्स पर लगातार काम कर रही है। जल्द ही अच्छे परिणाम भी सामने आएंगे। ने भ्रष्ट मुलाजिमों से निपटने के साथ-साथ संबंधित थाना व चौकी प्रभारी से भी स्पष्टीकरण मांगा जाएगा।

उन्होंने अंबाला में शनिवार को अंबाला रेज के अंतर्गत आने वाले अंबाला, कुरुक्षेत्र और यमुनानगर के पुलिस अधिकारियों की बैठक की। इसमें मुख्य एजेंडे ड्रग्स के खिलाफ, क्राइम फ्री हरियाणा और शिकायतकर्ता संतुष्ट हो इन विषयों पर मंथन किया गया है।

शत्रुजीत कपूर ने कहा कि पूछा जाएगा कि पुलिस अधिकारियों से पूछा जाएगा कि इनसे निपटने के लिए क्या कदम उठाए हैं। अगर उन्होंने कदम नहीं उठाए तो उनकी लापरवाही होगी या इसमें उनकी भी मिलीभगत हो सकती है। उन्होंने कहा कि पुलिस नशे की सप्लाई और डिमांड पर काम कर रही है। डीजीपी ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जो नशे के आदी हो चुके हैं, उनका नशा छुड़ाने के लिए सहयोग करें। इससे पुलिस को सप्लायर की भी सूचना मिलेगी और नशे की जद में फंसे लोगों में भी सुधार होगा।

उन्होंने कहा कि मुलाजिमों को साप्ताहिक के साथ-साथ इमरजेंसी छुट्टी मिले ऐसी व्यवस्था बनाई है। पुलिस कर्मचारियों द्वारा वीआरएस लेने पर उन्होंने कहा कि अब परिवार तरक्की कर रहे हैं। ज्यादातर पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के बच्चे विदेश में सेटल हैं, हर पुलिस अधिकारी/कर्मचारी अपने बच्चों के साथ समय बिताना चाहता है, जो अच्छी बात है।

एंबुलेंस में दिया बच्चे को जन्म,जच्चा-बच्चा दोनों सुरक्षित

हिसार : अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में इमरजेंसी के सामने एक महिला ने एंबुलेंस में ही बच्चे को जन्म दिया। डिलीवरी के बाद जच्चा-बच्चा दोनों सुरक्षित है। दोनों इमरजेंसी के वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया है। शनिवार को स्वास्थ्य विभाग की एंबुलेंस गांव नंगथला से प्रसूता को लेकर मेडिकल पहुंची थी। सुमन नामक गर्भवती को जब प्रसव पीड़ा शुरू हुई थी। सूचना के बाद स्वास्थ्य विभाग की 108 नंबर एम्बुलेंस उसे लेने के लिए गई थी। सुमन पत्नी प्रसव पीड़ा से कराह रही थी। ड्राइवर ने गाड़ी अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में इमरजेंसी के आगे रोक कर कागजी कार्रवाई पूरी करवाने के लिए इमरजेंसी के रीसैप्शन पर गया था। सुमन के साथ आई परिवार की महिला डाक्टरों को आवाज लगाना शुरू कर दिया। मेडिकल के सीएमओ डॉक्टर कंवल पाल सिंह तुरंत अपने स्टाफ के साथ एम्बुलेंस में आकर महिला की डिलीवरी सुरक्षित तरीके से करवा दी। एम्बुलेंस के ड्राइवर ने बताया कि उसे करीब 12 बजे सूचना मिली कि गांव नंगथला में एक महिला को डिलीवरी के लिए अग्रोहा मेडिकल लेकर जाना है। डिलीवरी किसी भी पल हो सकती है। समय की गंभीरता को देखते हुए वह सुमन को और उसकी सहयोगी दोनों को अग्रोहा मेडिकल के इमरजेंसी ले आया। मेडिकल सीएमओ डॉ कंवल पाल सिंह ने बताया कि मां बेटी दोनों सुरक्षित हैं। दोनों का अब जरूरी इलाज चल रहा है।

जनता को सुगम, सुरक्षित व आरामदायक परिवहन सुविधा उपलब्ध कराएंगे : शर्मा

भरोसा मित्र

रेवाड़ी : राज्य के परिवहन मंत्री एवं खनन मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा है कि सुगम, सुरक्षित और आरामदायक यात्रा सभी नागरिकों का अधिकार है। प्रदेश सरकार प्रदेशवासियों को सुगम सुरक्षित व आरामदायक परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने के लिए वचनबद्ध है। परिवहन मंत्री शनिवार को रेवाड़ी बस स्टैंड से हरियाणा राज्य परिवहन की बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना कर रहे थे।

उन्होंने आज रेवाड़ी बस स्टैंड से रेवाड़ी से बल्लभगढ़, रेवाड़ी से वृंदावन, रेवाड़ी-बावल-चंडीगढ़, रेवाड़ी-बावल-दिल्ली, रेवाड़ी से बाबा खाटू श्याम व रेवाड़ी से रोहतक रूट पर आधा दर्जन बसों को झंडी दिखाकर रवाना किया।

शर्मा ने कहा कि एक यात्री जिस आशा और विश्वास के साथ हरियाणा राज्य परिवहन की बसों में यात्रा करता है, चालक-परिचालक का कर्तव्य बनता है कि वे उस यात्री के विश्वास पर खरा उतरे और अपने कर्तव्यों का पूरी निष्ठा व ईमानदारी से निर्वहन करते हुए उसे सशकुल उसके गंतव्य तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि दिल्ली, चंडीगढ़, वृंदावन व खाटूश्याम तक बस चलने से यात्रियों को सीधी बस सुविधा में और इजाफा होगा। जिसका लाभ यात्रियों को मिलेगा।

उन्होंने कहा कि आमजन की सुविधा के लिए जल्द ही रेवाड़ी व धारूहेड़ा में बस स्टैंड का निर्माण भी किया जाएगा, जिसके लिए प्रक्रिया जारी है।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रीतम चौहान, वरिष्ठ भाजपा नेता वीर कुमार यादव, प्रदेश प्रवक्ता वंदना पोपली, पीपीपी के स्टेट कोऑर्डिनेटर सतीश खोला, एसडीएम रेवाड़ी होशियार सिंह, आरटीए गजेंद्र सिंह, रोडवेज महाप्रबंधक रवीश हुड्डा सहित अनेक प्रशासनिक अधिकारी रहे मौजूद रहे।

किसान संगठन रेलवे ट्रैक पर बैठे, कई ट्रेनें रहीं प्रभावित

भरोसा मित्र

अंबाला। भारतीय किसान यूनियन शहीद भगत सिंह व पंजाब के भारतीय किसान यूनियर पेटड़ी के किसान अंबाला सिटी के पास घेल गांव में रेलवे ट्रेन पर बैठ गए और दोपहर 12 बजे से इसे बाधित कर दिया। इससे कई ट्रेनें प्रभावित हुईं। हालांकि पंजाब में पहले से ही ट्रेक पर किसान हैं इससे रेल यातायात प्रभावित चल रहा है। यहां किसानों ने जमकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

उनकी मांग है कि बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों के किसानों को मुआवजा दिया जाए, न्यूनतम समर्थन मूल्य पर फसलों की खरीद के साथ उनके कर्ज माफ किए जाएं। किसानों ने सायं चार बजे तक ट्रेक पर बैठकर प्रदर्शन करने का निर्णय लिया। किसान नेताओं का कहना है कि रेल रोको आंदोलन के दूसरे चरण की शुरुआत हरियाणा में हो गई है। सभी मांगें केंद्र सरकार से जुड़ी हुई हैं ऐसे में प्रदर्शन भी केंद्र सरकार के खिलाफ किया जा रहा है।

पंजाब में तीन दिनों के लिए 20 स्थानों पर ट्रेन रोको आंदोलन के दौरान आंदोलन की अगली रणनीति और स्थिति को लेकर उत्तर भारत के 6 राज्यों के 18 संगठनों की तालमेल समिति की केंद्र सरकार से 50 हजार के राहत पैकेज की मांग की है। किसान नेताओं का कहना है कि हरियाणा और पंजाब के प्रशासन ने हमारी बात केंद्र सरकार में करवाने का वादा किया था, मगर अभी तक बात नहीं कराई है। भारतीय किसान यूनियन भगत सिंह से तेजवीर सिंह पंजोखरा ने बताया कि अब अगले चरण में किसानी दशहरा 23 और 24 अक्टूबर को मनाया जाएगा। इस अवधि में सरकार की कारपोरेट पक्षधर नीतियों का विरोध कर बड़े पैमाने हरियाणा पंजाब में पुतले दहन किया जाएगा।

प्रदेश में पर्चा और खर्चा का खेल,हर भर्ती परीक्षा में होता पेपर लीक : दीपेंद्र हुड्डा

भरोसा मित्र

सोनीपत। राज्य सभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने रिकार्ड बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, नौजवानों के लिए अवसरों की कमी से बढ़ रही हताशा, नशाखोरी और हरियाणवी युवाओं के हकों पर हो रहे प्रहार के खिलाफ युवाओं से एकजुट संघर्ष करने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि दुख की बात ये है कि जिस हरियाणा ने देश की राजधानी को तीन तरफ से घेर रखा है और जहां रोजगार की अपार अवसर हों वो प्रदेश पूरे देश में बेरोजगारी दर में नंबर 1 पर है। दीपेंद्र आज सोनीपत में कई सामाजिक कार्यक्रमों में शिरकत करने पहुंचे। दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव में उपाध्यक्ष पद पर शानदार जीत दर्ज करने वाले अभि दहिया के अभिनंदन समारोह में भी भाग लिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश की बीजेपी-जेजेपी सरकार साजिश के तहत हरियाणवी युवाओं से भर्तियों के मौके छीनकर भर्ती लिस्ट में दूसरे राज्य के लोगों को ज्यादातर मौके दे रही है। दीपेंद्र ने कहा कि प्रदेश में अब पर्चा और खर्चा का खेल हो रहा है। इसका अर्थ है कि खर्चा करो और पर्चा आउट कराओ का खेल कर रहे हैं

आशा वर्करों ने कहा,मांगें पूरी होने तक जारी रहेगा धरना-प्रदर्शन

भरोसा मित्र

चंडीगढ़। आशा वर्करों की मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव आरके खुल्लर की अध्यक्षता में हुई बैठक में कोई नतीजा न निकलने पर आशा वर्करों ने शनिवार को 55वें दिन भी अपनी हड़ताल जारी रखी। उन्होंने कहा कि मुख्य सचिव द्वारा एक सप्ताह में उनकी मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए अगले सप्ताह तक मुख्यमंत्री के साथ बैठक करते हुए समाधान का आश्वासन दिया है। यूनियन ने फैसला लिया है कि जब तक उनकी मांगों का निपटारा नहीं हो जाता, आशा वर्कर्स की हड़ताल जारी रहेगी। आज फतेहाबाद में धरने की अध्यक्षता आशा वर्कर्स यूनियन की जिला प्रधान शीला शक्करपुरा ने की व संचालन सुनीता भोजराज ने किया। शीला शक्करपुरा व सीटू जिला कैशियर बेगराज ने बताया कि पंचकुला के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाऊस में बैठक में सरकार की ओर से मुख्य प्रधान सचिव के अलावा स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव जी अनुपमा, एनएचएम के निदेशक राज नारायण कौशिक, आशा कोऑर्डिनेटर चांद सिंह मदान शामिल थे। आशा वर्कर्स यूनियन की अध्यक्ष सुरेखा, महासचिव सुनीता, सीटू महासचिव जय भगवान, यूनियन उपाध्यक्ष प्रवेश रानी, कोषाध्यक्ष अनीता शामिल रहे। बैठक करीबन 5 घंटे चली और यूनियन के 10 सूत्रीय मांग पत्र व उसके अलावा अन्य मांगोड्ड और समस्याओं पर व्यापक व गहन चर्चा हुई। राज्य की 20 हजार आशा वर्कर्स मजबूती के साथ हड़ताल पर डटी हैं। बताया गया कि राज्य में आशा वर्कर्स की हड़ताल 10 अक्टूबर तक जारी रहेगी। 8 अक्टूबर को प्रदेश की करनाल में ललकार रैली में शामिल होंगी।

दाव पेंच | **जनता जननायक पाटी चली राजस्थान की ओर**

मेगा रोड शो से शक्ति प्रदर्शन किया जाएगा

8 अक्टूबर को बुलाई राजस्थान कार्यकारिणी की बैठक, वरिष्ठ नेता करेंगे चुनावी मंथन

13 अक्टूबर से राजस्थान में दुष्यंत चौटाला के रोड शो कार्यक्रम, आठ विधानसभाओं का करेंगे दौरा

भरोसा मित्र

चंडीगढ़। जननायक जनता पार्टी ने राजस्थान विधानसभा चुनाव को लेकर अहम बैठक बुलाई है। जेजेपी आठ अक्टूबर को जयपुर में राजस्थान कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक करेगी।

इस बैठक में जेजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला, जेजेपी प्रधान महासचिव दिग्विजय चौटाला और राजस्थान के तमाम पार्टी पदाधिकारी चुनावी मंथन करेंगे और आगामी रणनीति तैयार करेंगे।

राजस्थान में जेजेपी कार्यकारिणी की बैठक के अलावा डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला 13 अक्टूबर से रोड शो के कार्यक्रम शुरू करेंगे। वे दिग्विजय चौटाला के साथ आठ विधानसभाओं में रोड शो करते हुए स्थानीय लोगों से रूबरू होंगे और सीकर रैली की सफलता के लिए लोगों का आभार व्यक्त करेंगे। कार्यक्रमों के अनुसार डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला और दिग्विजय चौटाला 13 अक्टूबर को नोहर और सूरतगढ़, 14 अक्टूबर को दाता रामगढ़ और जयपुर ग्रामीण, 19 अक्टूबर को नवलगढ़ और फतेहपुर, 20 अक्टूबर को कोटपूतली और भरतपुर में रोड शो करेंगे। इन कार्यक्रमों में राजस्थान जेजेपी के प्रदेशाध्यक्ष पृथ्वी मील, प्रदेश प्रधान महासचिव रामनिवास यादव, राष्ट्रीय सचिव संजय चोपड़ा, महिला प्रदेश अध्यक्ष रीटा सिंह, पूर्व विधायक प्रतिभा सिंह, पूर्व विधायक मनीराम सियाग, मोहन चौधरी, युवा प्रदेश अध्यक्ष प्रतीक मेहरिया, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद फारूख, हरियाणा के डिप्टी सीएम के सचिव सुरेश चौधरी, सीकर जिला अध्यक्ष आकाश नेहरा, राज सिंह ताखर सहित कई वरिष्ठ नेता एवं पार्टी पदाधिकारी-कार्यकर्ता भी मौजूद रहेंगे।

काफी समय से जेजेपी राजस्थान में संगठन विस्तार पर कार्य कर रही है। इस वर्ष में होने वाले राजस्थान विधानसभा चुनाव को लेकर जेजेपी जोर-शोर से तैयारियों में जुटी हुई है। पार्टी द्वारा 25 से 30 सीटों पर चुनाव लड़ने पर फोकस किया जा रहा है। मजबूत उम्मीदवारों को मैदान में उतारा जाएगा। 25 सितंबर को चौ. देवीलाल जयंती पर जेजेपी ने सीकर में बड़ी ऐतिहासिक रैली करके राजस्थान में चुनावी बिगुल फूंका था। अब अक्टूबर में होने वाले ये कार्यक्रम राजस्थान में जेजेपी को और मजबूती देंगे।

प्रकाशक एवं मुद्रक सुमित सैनी द्वारा भरोसा फाउंडेशन के लिए 401, नारकंडा अपार्टमेंट, सेक्टर 31 गुरुग्राम (हरियाणा) से प्रकाशित एवं दैनिक भास्कर प्रैस खिजूरी 82.5 किलोमीटर माइलस्टोन, दिल्ली-जयपुर नेशनल हाईवे नंबर 48, नियर श्री तिरूपति जी फिलिंग स्टेशन रेवाड़ी हरियाणा से मुद्रित। फोन नंबर- 0124 4257131, ई-मेल dainikbharosa@gmail.com